दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 46 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

भारत हुआ मालामाल, जीडीपी हो गई 4.3 ट्रिलियन डॉलर

10 सालों में भारत बहुत तेजी से आर्थिक गति में बढ़ा आगे

नई दिल्ली(ए.)। भारत पिछले दस वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष या आईएमएफ के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले दशक में भारत की जीडीपी में 105 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। आईएमएफ के अनुसार, भारत की जीडीपी वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन डॉलर है। 2015 में जीडीपी 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी, जब नरेंद्र

मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल एक साल से भी कम समय का था। तब से, भारत ने सकल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सबसे अमीर देश कब बनेगा भारत ?

भारत विकास की गति के मामले में सूची में तो सबसे ऊपर है, मगर अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में शीर्ष दो स्थान पर संयुक्त राज्य अमेरिका (30.3 ट्रिलियन) और चीन (19.5 ट्रिलियन) बने हुए हैं। जर्मनी 4.9 ट्रिलियन के साथ तीसरे स्थान पर है, जापान 4.4 ट्रिलियन के साथ चौथे स्थान पर है, और भारत 4.3 ट्रिलियन के साथ पांचवें स्थान पर है। भारत को अपनी मौजूदा विकास दर के हिसाब से शीर्ष दो स्थानों पर पहुंचने में दो दशक से थोड़ा ज़्यादा समय लगेगा। हालांकि, यह ध्यान रखना दिलचस्प ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेरोजगारी दर 4.8 से घटकर 3.2 फीसदी

सरकार ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया

नई दिल्ली (ए.)। भारत में बेरोजगारी दर 4.8 से घटकर 3.2 फीसदी हुई। सरकार ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया है कि पिछले पांच सालों में देश में 15-29 आयुवर्ग में बेरोज़गारी दर में 33 फीसदी की कमी आई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के मुताबिक़ 2019-20 में जहां इस आयु वर्ग में बेरोज़गारी दर 15 फीसदी थी, वहीं 2023-24 में ये दर घटकर

10.2 फीसदी रह गई। इसी तरह देश में इस दौरान आम बेरोजगारी दर भी 4.8 फीसदी से घटकर 3.2 फीसदी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जल्द जापान को पीछे छोड़ेगा भारत

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जापान को पीछे छोड़ने के कगार पर है। जापान की जीडीपी वर्तमान में 4.4 ट्रिलियन डॉलर है और भारत 2025 की तीसरी तिमाही तक उस आंकड़े को पार कर जाएगा। अगर विकास की औसत दर इसी तरह जारी रही, तो भारत 2027 की दूसरी तिमाही तक जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा। जर्मनी अभी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

आज बेबाक

बिहार का राष्ट्रीय जनता दल का विधायक मुकेश रौशन बहुत ही बड़ा बुड़बक है। उसकी मजाल कैसी हुई कि बिहार विधानसभा में उसने लालू प्रसाद यादव को भारत रत्न सम्मान देने का प्रस्ताव पेश कर दिया? यह तो अच्छा हुआ कि बिहार सरकार ने उसका प्रस्ताव खारिज कर दिया। करोड़ों का चारा हजम करने और रेलवे में नौकरी के बदले करोड़ों की जमीनें हथियाने वाले श्री श्री एक हजार एक सौ आठ श्री लालू प्रसाद यादव साधारण पुरूष नहीं है वे महापुरूष हैं। लालटेन वाले बाबा को भारत रत्न सम्मान नहीं बल्कि विश्व रत्न सम्मान से नवाजा जाना चाहिए।

विपक्ष के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग : महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव के घर पर ईडी के बाद अब सीबीआई की रेड को भाजपा की द्वेषपूर्ण राजनीति का नतीजा बताया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा सरकार लगातार विपक्ष के खिलाफ दुरुपयोग कर रही है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफहर नाकाम कोशिश के बाद आज सीबीआई द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक देवेंद्र यादव के घर पर दबिश दी है। सुबह से ही सीबीआई हमारे दोनों नेताओं के घर पर जमी हुई है, ये सत्ता का अन्याय के सिवाय कुछ नही। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, आप सत्य एवं न्याय के पथ पर है, तो ईश्वर आपके साथ है, फिर अंतर नही पड़ता कौन आपके विरूद्ध है, निश्चित रहे सत्य की जीत होंगी और अन्याय की हार।

प्रदेशभर के 12 हजार मनरेगा कर्मचारी करेंगे हड़ताल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास की सफलता के पीछे मनरेगा कर्मचारियों का अहम योगदान रहा है, लेकिन आज वही कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। 19 साल से राज्य की प्रगति में योगदान देने के बावजूद न तो उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित हो पाई है और न ही उन्हें स्थायी नौकरी का दर्जा मिला। अब उम्र के पांचवें दशक में कदम रख चुके हजारों मनरेगा कर्मी अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसी कड़ी में 28 मार्च को प्रदेश भर के 12 हजार कर्मचारी रायपुर में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

पूर्व सीएम की प्रेस कांफ्रेंस: केन्द्रीय एजेंसियों और भाजपा पर बरसे, बोले-

पीएम के भाषण का कंटेंट तैयार करने ईडी-सीबीआई का छापा: भूपेश बघेल

■ **भाजपा ने महादेव सट्टा एप मामले में कोई कार्रवाई नहीं की**

रायपुर/नवप्रदेश। ईडी और सीबीआई रेड के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेस कांफ्रेंस कर केन्द्रीय एजेंसियों और भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि 30 तारीख को पीएम नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उनके भाषण का कंटेंट तैयार करने के लिए ये रेड डाली गई है। श्री बघेल ने कहा महादेव सट्टा ऐप मामले में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सट्टा ऐप से जुड़े कई लोगों पर शिकंजा कसा गया था। मेरे घर में कुछ नहीं मिला, तो सीबीआई अधिकारी मेरे 3 मोबाइल ले गए। बघेल ने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सट्टा एप बंद करने पीएम को भी लिखा था पत्र

महादेव सट्टा एप को बंद करने हमने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा। ईडी ने इस मामले में राजनीति करना शुरू कर दिया। शुभम सोनी का नाम आया और वीडियो भाजपा ने जारी किया। असीम दास होटल में रुका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस सरकार ने महादेव एप पर कसा था शिकंजा

मार्च 2022 में विधेयक लाकर ऑनलाइन गेम पर शिकंजा कसा गया। हमारा उद्देश्य जुआं सट्टा को रोकने का था, हमने कार्रवाई भी की। महादेव ऐप मामले में सबसे ज्यादा कार्रवाई छत्तीसगढ़ में हुई। हमारा उद्देश्य बहुत पवित्र था इसलिए हमने कार्रवाई की। सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल के मामले में भारत सरकार को पत्र लिखा, इसके बाद भी आज तक दोनों के मामले में कार्रवाई नहीं की गई।

छापे को बताया षडयंत्र : भूपेश ने कहा कि कल मेरी अनुपस्थिति में मेरे रायपुर स्थित शासकीय निवास में सीबीआई आई और मेरी अनुपस्थिति में ही कार्रवाई की। न तो इसकी सूचना दी गई और न मुझसे सहमति ली गई। अगर मैं उपस्थित नहीं था तो अधिकतम इसे सील किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हुई। मेरे घर के सामने कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पं. प्रदीप मिश्रा से पूछताछ कब होगी- बघेल : पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा- सरकार ने स्पष्ट कर दिया जो कार्रवाई करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रोटेक्शन मनी कार्रवाई नहीं करने के बदले ली जाती है। वर्तमान सरकार कार्रवाई नहीं कर रही तो वही प्रोटेक्शन मनी ले रही है। पं. प्रदीप मिश्रा से कब पूछताछ होगी। भाजपा सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चाहे कोई भी दोषी हो बख्शा नहीं जाएगा : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम से आज रायपुर लौटे। रायपुर एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई रेड और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार किया. सीएम साय ने कहा कि भूपेश बघेल के पास दूसरा बोलने के लिए कोई रास्ता नहीं है। सीबीआई के द्वारा महादेव सट्टा एप पर यह जांच हो रही है. सबको मालूम है किस तरह से हमारे छत्तीसगढ़ के युवाओं को सट्टे की लत लगा दी गई थी। अब मामले में जांच सीबीआई कर रही है। इसके साथ ही सीएम साय ने भूपेश बघेल के बयान को लेकर कहा कि उनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है तो कुछ भी बोलते हैं। इसमें चाहे कोई भी हो दोषीदार बख्शे नहीं जाएंगे। इसमें भाजपा और कांग्रेस के करीबी होने का कोई सवाल नहीं है, जो भी लिंक पूरे प्रकरण से जुड़ा होगा, उन सभी के ऊपर कार्रवाई होगी।

एसीपी माहेश्वरी के घर पहुंची सीबीआई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई की कार्रवाई जारी है। बुधवार की कार्रवाई के बाद गुरूवार को एक बार फिर सीबीआई की टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक माहेश्वरी के कंचनबाग के सनसिटी स्थित घर पहुंची। सीबीआई की टीम ने बुधवार को कार्रवाई के बाद घर को सील कर दिया था। आज फिर से दो गाड़ियों में अभिषेक माहेश्वरी के घर पहुंची सीबीआई की टीम ने सील को खोलकर दोबारा से अपनी जांच शुरू की।

रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

101 म्यूल अकाउंट धारक गिरफ्तार

आरोपियों के खातों में 1.06 करोड़ रुपए होल्ड

रायपुर/नवप्रदेश। म्यूल अकाउंट मामले पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 101 लोगों को गिरफ्तार किया है. रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर साइबर रेंज और रायपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में म्यूल अकाउंट धारकों को अलग-अलग जगहों से पकड़ा गया है. इससे पहले 98 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है. बता दें कि पुलिस ने हाल ही में करीब 250 म्यूल अकाउंट धारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जांच में करीब डेढ़ करोड़ के लेनदेन की जानकारी मिली थी।

लगातार 30 घंटे तक चली इस कार्रवाई में लगभग 200 से अधिक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे. गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों के थानों में 930 रिपोर्ट दर्ज हैं, जिसमें आरोपियों ने पीड़ितों से 1.57 करोड़ रुपए की ठगी की है. आरोपियों के खातों में ठगी की रकम 1.06 करोड़ रुपए को होल्ड कराया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने साइबर क्राइम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने योजना तैयार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन राज्यों में 7 और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 3 अपर न्यायाधीश एक साल के लिए पुन: नियुक्त

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। सरकार ने राजस्थान और पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालयों में सात स्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के तीन अपर न्यायाधीशों को उसी न्यायालय में एक वर्ष के लिए पुनः अपर न्यायाधीश नियुक्त किए जाने का निर्णय किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय की गरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजस्थान उच्च न्यायलय में चार अधिवक्ता और पंजाब उच्च न्यायालय के तीन अपर न्यायाधीश क्रमशः इन न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने' ये नियुक्तियां की हैं। सर्वश्री आनंद शर्मा, सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित और संदीप शाह (सभी अधिवक्ता) राजस्थान उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश बनाए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली सरकार देगी छात्रों को मुफ्त कोचिंग

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भविष्य संवारने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंटरनेशनल (एनएसडीसी इंटरनेशनल) और फिजिक्स वाला लिमिटेड की संयुक्त पहल भारत इनोवेशन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (बीआईजी) के साथ गुरुवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर दिल्ली विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश के शिक्षा मंत्री आशीष सूद की मौजूदगी में किया गया। इस समझौते के तहत प्रदेश के

सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले 1,63,000 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दिल्ली के विद्यार्थियों को अगामी दो अप्रैल से लेकर दो मई 2025 तक प्रतिदिन छह घंटे की ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी, जिसमें भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, सामान्य योग्यता और अंग्रेजी जैसे विषय को भी शामिल किया गया है। समझौता ज्ञापन के तहत विद्यार्थियों को प्रतिदिन छह घंटे और 30 दिनों में कुल 180 घंटे की ऑनलाइन कक्षाएं प्रदान की जाएंगी।

गरमा-गरम

आरोप-प्रत्यारोप *देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान*

ट्रम्प के टैरिफ लगाने का होगा नकारात्मक असर: विपक्ष

नई दिल्ली(वार्ता)। विपक्षी सदस्यों विशेषकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट की कड़ी आलोचना करते हुये गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई उपाय नहीं किये गये हैं और राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है तथा अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाये जाने को देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस सदस्य एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने विनियोग (संख्यांक तीन)

विधेयक 2025 और वित्त विधेयक 2025 पर सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि बजट करीब आठ सप्ताह पहले पेश किया गया लेकिन इसपर कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा मैं जहां भी जाता हूं, जहां भी बोलता हूं, कोई भी बजट को याद नहीं रखता, कोई भी इस पर चर्चा नहीं करता।

आप्रवास, विदेशी विषयक विधेयक 2025 को जेपीसी में भेजने की मांग: विपक्ष ने आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक 2025 में सरकार को कथित रूप से मनमाने ढंग से दोषियों की व्याख्या करने का अधिकार दिये जाने का विरोध किया और कहा कि इस विधेयक में भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया है इसलिए इस विधेयक को समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति में भेजा जाना चाहिए। लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश आप्रवास और विदेशी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा में उठी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव की जांच की मांग

लोक सभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य पुरुषोत्तम रूपाला ने देश के शेयर बाजारों में पिछले कुछ दिनों से चल रहे उतार-चढ़ाव की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुये गुरुवार को इसकी जांच कराए जाने की मांग की। भाजपा सदस्य ने कहा कि बाजार में अस्थिरता से मध्यम वर्ग के निवेशकों में भय का माहौल है। श्री रूपाला ने कहा कि शेयर बाजार की स्थिति को देखते हुये निवेशक अपनी होल्डिंग (खरीदे गए शेयर) को आपाधापी में बेच रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इसकी जांच की जानी चाहिये कि बाजार में वर्तमान अस्थिरता भारत के अर्थतंत्र को बर्बाद करने के पीछे कहीं कोई षडयंत्र तो नहीं है। समाजवादी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कश्मीर में दो और समूहों ने हुर्रियत से नाता तोड़ा: शाह

श्रीनगर(वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो और समूहों ने अलगाववाद से अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं। एक दिन पहले, जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकलाल गुलाम नबी सोफी ने हुर्रियत या इसी तरह की विचारधारा वाले किसी अन्य समूह से औपचारिक रूप से अलग होने की घोषणा की थी। इस घटनाक्रम के बाद केंद्रीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा हैं। श्री शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दो राजनीतिक दलों - जम्मू-कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल और जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत का नाम लिया, जिन्होंने अलगाववाद से अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं।

पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी बड़ा अपराधः सुप्रीम कोर्ट

■ पेड़ों की कटाई पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी सरकार के लिए 'आंखें खोलने वाली' : पर्यावरणविद

■ विकास गतिविधियों पर लगाम लगाई जानी चाहिए

नई दिल्ली/ए.। उच्चतम न्यायालय की यह टिप्पणी कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी बड़ा अपराध है, वन संरक्षण कानूनों को लगातार कमजोर करने वाली केंद्र सरकार और विकास के नाम पर हरित क्षेत्र पर बिना सोचे-समझे आरी चलाने वाली राज्य सरकारों के लिए आंखें खोलने वाली होनी चाहिए। पर्यावरणविदों ने बुधवार को यह राय जाहिर की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उवल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी उस व्यक्ति की याचिका को खारिज करते हुए की थी, जिसने संरक्षित 'ताज ट्रेपेजियम जोन' में 454 पेड़ काट डाले थे।

वन संरक्षण कानूनों को लगातार कमजोर कर रही

पीठ ने कहा, पर्यावरण के मामले में कोई दया नहीं बरती जानी चाहिए। बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी जघन्य है। पर्यावरणविदों ने वन एवं वृक्ष संरक्षण पर शीर्ष अदालत के कड़े रुख का स्वागत किया, लेकिन सवाल उठाया कि क्या सरकारें इसे गंभीरता से लेंगी। 'साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल' (एसएएनडीआरपी) के भीम सिंह रावत ने कहा, यह केंद्र सरकार के लिए आंखें खोलने वाली टिप्पणी है, जो वन संरक्षण कानूनों को लगातार कमजोर कर रही है।

जोखिम, संवेदनशीलता और मृत्यु दर में वृद्धि

उन्होंने कहा कि भूगर्भीय लिहाज से नाजुक और जलवायु की दृष्टि से संवेदनशील हिमालयी राज्यों में स्थिति खासतौर पर चिंताजनक है। रावत ने कहा, पनबिजली संयंत्र, बांध, सड़क, सुरंग और रेलवे जैसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर लगातार जोर दिए जाने से हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में फैले वनों का नुकसान हुआ है। इससे क्षेत्र में आपदा के जोखिम, संवेदनशीलता और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है।

वनों की रक्षा करने में नाकाम

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को लोकसभा को बताया था कि भारत ने 2014-15 से लेकर अलगे 10 वर्षों तक अवधि में विकास गतिविधियों के लिए 1,734 वर्ग किलोमीटर वन भूमि का इस्तेमाल किया है, जो दिल्ली के कुल भौगोलिक क्षेत्र से काफी अधिक है। रावत ने उत्तराखंड में चार धाम बारहमासी सड़क परियोजना का उदाहरण देते हुए दावा किया कि न्यायपालिका वनों की रक्षा करने में नाकाम रही है।

विकास गतिविधियों पर लगाम लगाई जानी चाहिए

उन्होंने कहा, पहाड़ों और वन क्षेत्र में रहने वाले वनवासी अपनी आजीविका के लिए पेड़ों पर निर्भर हैं। यह कहना कि पेड़ों को बिल्कुल नहीं काटा जा सकता, सही नहीं है, क्योंकि इससे इन स्वदेशी और पारंपरिक वन समुदायों को नुकसान होगा। सिंह ने बड़े पैमाने पर वनों की कटाई के लिए आधुनिक विकास नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, सड़क चौड़ीकरण, बड़े बांध, शहरीकरण और निर्माण जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कारण वन और बड़े पेड़ नष्ट किए जा रहे हैं। इन तथाकथित विकास गतिविधियों पर लगाम लगाई जानी चाहिए।

पूरे देश में वनों की कटाई की जा रही

'पीपुल फॉर अरावलीस' की संस्थापक सदस्य नीलम अहलूवालिया ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है और उसे अत्यधिक गर्मी से लेकर हिमनद झीलों के फटने से आने वाली बाढ़ तक का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हमारे जंगल और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र ही हमारा एकमात्र सुरक्षा कवच हैं, फिर भी हम तथाकथित विकास परियोजनाओं के नाम पर उन्हें नष्ट कर रहे हैं। (ग्रेट) निकोबार से लेकर हसदेव (ओडिशा) तक, पूर्वोत्तर से लेकर अरावली तक, पूरे देश में वनों की कटाई की जा रही है। अहलूवालिया ने कहा कि अरावली में अवैध एवं अनियंत्रित खनन ने पहले से ही जल-संकट से जूझ रहे क्षेत्र में हरित आवरण और खाद्य एवं जल स्रोतों को तबाह कर दिया है। हालांकि, हिमालयन पॉलिसी कैंपेन के समन्वयक गुमान सिंह ने पेड़ों की कटाई को लेकर शीर्ष अदालत की तल्ख टिप्पणी से असहमति जताते हुए इसे अवैज्ञानिक दृष्टिकोण बताया।

जेलेंस्की ने रूसियों के प्रति नफरत को प्रेरणास्रोत बताया

मास्को(वार्ता)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसियों के प्रति नफरत उन्हें संघर्ष के दौरान प्रेरित करती है। यह बयान ज़ेलेंस्की के उस संदर्भ में आया है जब उन्होंने संघर्ष के दौरान अपनी प्रेरणा के स्रोतों के बारे में बात की।

कोरिया के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 26

सोल(वार्ता)। दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्व क्षेत्र के जंगल में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई और अन्य 30 झुलस गए हैं। आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। एक एजेंसी ने दक्षिण कोरिया के आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार को बताया कि जंगल में पिछले सप्ताह लगी आग से 24 लोगों की मौत की सूचना दी थी। जो बढ़कर अब 26 हो गयी है।

फूड प्वाइजनिंग से सरकारी पुनर्वास केंद्र के चार बच्चों की मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक सरकारी आश्रय केंद्र में फूड प्वाइजनिंग की वजह से चार बच्चों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चियां शामिल हैं।मरने वाले बच्चों की उम्र 12 से 17 साल के बीच है। इन बच्चों की मौत अलग-अलग अस्पतालों में हुई। करीब 20 बच्चों को अभी भी अस्पतालों में रखा गया है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया है।

खबरों के मुताबिक मंगलवार शाम मानसिक रूप से कमजोर 20 बच्चों को लोकबंधु अस्पताल लाया गया। ये बच्चे अचानक बीमार पड़ गए थे। लखनऊ के जिलाधिकारी विशक जी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, '' इस आश्रय स्थल के कुल चार बच्चों की मौत हुई है। इनमें दो लड़के और दो लड़कियां शामिल हैं।उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उनके बिसरा को सुरक्षित रख लिया गया है।''

बीजेपी नेता की हत्या के विरोध में रांची में चक्का जाम

रांची/नवप्रदेश। झारखंड की राजधानी रांची में बीजेपी नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने आज, 27 मार्च 2025 को रांची में चक्का जाम किया है। इस बंद के दौरान बीजेपी कार्यकर्ता हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी कर रहे हैं, बुधवार, 26 मार्च को रांची के कांके चौक के पास बाइक सवार बदमाशों ने अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गए। गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत रांची के रिम्स अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने कहा, ''घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं अनिल टाइगर को व्यक्तिगत रूप से जानता था और मैं आश्वासन देता हूं कि हत्यारे जल्द ही पकड़े जाएंगे।'' झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन शासित राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग की। मरांडी ने मृतक के परिवार से मिलने के लिए रिम्स अस्पताल का दौरा किया, जहां अनिल टाइगर को ले जाया गया था।

एशिया की सबसे लंबी सुरंग का काम 70 फीसदी पूरा

नई दिल्ली। श्रीनगर को लद्दाख से जोड़ने वाली एशिया की सबसे लंबी जोजिला सुरंग का काम लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस सुरंग के बन जाने के बाद पूरे साल यात्री श्रीनगर से लद्दाख जा सकेंगे। इसके साथ ही इसके रास्ते सामान को भी सुगमता से पहुंचाया जा सकेगा। दरअसल सर्दियों में बर्फबारी की वजह से हाईवे बंद हो जाता है। इसी वजह से लद्दाख क्षेत्र कश्मीर से कट जाता है।

मुझे बोलने नहीं दिया जाता-राहुल गांधी

राहुल गांधी के बयान पर सियासी संग्राम, स्पीकर बिरला से मिले विपक्षी सांसद

नई दिल्ली। 'मैं जब भी सदन में खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस बयान पर सियासी संग्राम जारी है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के आरोपों का खंडन किया है। दूसरी ओर गुरुवार को इस मसले पर विपक्षी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राजद और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को सदन में बिरला द्वारा राहुल गांधी के संदर्भ में की गई टिप्पणी की पृष्ठभूमि में उनसे मुलाकात की और उन्हें एक पत्र भी सौंपा।

ओम बिरला से मिले विपक्षी गठबंधन के सांसद

दरअसल विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के घटक दलों के नेताओं ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ''बोलने का मौका नहीं मिलने'' को लेकर अपनी ''सामूहिक चिंता'' से उन्हें अवगत कराया।

राहुल गांधी ने कहा था- मुझे बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा

लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा था कि वह नियमों और सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण करें। इसके बाद राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है और उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। ओम बिरला ने शून्यकाल के बाद कहा था, ''कई पिता-पुत्री, माता-बेटी और पति-पत्नी इस सदन के सदस्य रहे हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करेंगे।''

लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि हमने स्पीकर को एक चिट्ठी सौंपी है। उसमें कई बातें हमने कही है और कई घटनाओं का जिक्र किया है। हमने कहा है कि स्पीकर के कल के बयान का सदन के बाहर राजनीतिक इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा, ''हमने सामूहिक चिंता और दुख उनके समक्ष रखा कि किस प्रकार से सत्तापक्ष की ओर से सदन की परंपरा और नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

गोगोई ने कहा, ''आज 'इंडिया' गठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल शून्यकाल के समय लोकसभा अध्यक्ष से मिला। उस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राजद और कई अन्य दल के नेता शामिल थे। हमने एक पत्र भी सौंपा है।'' लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता ने कहा, ''हमने यह मुद्दा उठाया कि कल अध्यक्ष ने सदन में एक बयान पढ़ा। वह किस विषय और किस पल का उल्लेख कर रहे थे, वह स्पष्ट नहीं था। लेकिन बाहर हमने देखा कि उनके वाक्य का राजनीतिकरण हुआ और दुष्प्रचार किया गया। हमने इस बारे में उन्हें बताया।''

गृह मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव खारिज

राज्यसभा में एक विधेयक पर जवाब के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पर कथित रूप से आरोप लगाने को लेकर राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने बुधवार को शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। हालांकि राज्यसभा के सभापति ने जयराम रमेश के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सभापति धनखड़ ने कहा कि शाह ने 25 मार्च को राज्यसभा में आपदा प्रबंधन विधेयक, 2024 पर हुई बहस का जवाब देते हुए कुछ टिप्पणियां करने के बाद अपने बयान को प्रमाणित करने पर सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि मंत्री ने 24 जनवरी, 1948 को भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जारी एक प्रेस बयान का हवाला दिया, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पीएमएनआरएफ शुरू करने की घोषणा की थी। इसका प्रबंधन प्रधानमंत्री, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष और कुछ अन्य लोगों की एक समिति द्वारा किया जाना था। धनखड़ ने विशेषाधिकार हनन नोटिस को खारिज करते हुए कहा कि मैंने इसे ध्यानपूर्वक पढ़ा है। मुझे लगता है कि इसमें कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे नोटिस में रमेश ने कहा था कि 25 मार्च को शाह ने आपदा प्रबंधन विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए अन्य बातों के अलावा प्रधानमंत्री राहत कोष के संदर्भ में जो दावा किया था वो अपमानजनक है।

उद्धव ने सरकार के रवैये पर उठाए सवाल

कुणाल कामरा को नोटिस और राहुल सोलापुरकर पर चुप्पी

मुंबई। शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे ने स्टैंडअप कॉमेडियन को लेकर मचे बवाल के बीच सरकार के रवैये पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार ने 'गद्दारों' का अपमान करने के लिए कुणाल कामरा को तलब किया, लेकिन शिवाजी महाराज का अपमान करने वाले अभिनेता राहुल सोलापुरकर पर चुप्पी साध ली।' राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के समाप्त होने के एक दिन बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने मुस्लिम परिवारों के लिए भाजपा के आउटरीच कार्यक्रम 'सौगात-ए-मोदी' को भी निशाने पर लिया। उद्धव ने कहा, 'आप एक देशद्रोही का अपमान करने के लिए कुणाल कामरा को दो बार तलब करते हैं, लेकिन राहुल सोलापुरकर को एक बार भी नहीं बुलाते।' कुणाल कामरा ने पैरोडी गाने में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाया था।

अखिलेश के दुर्गंध और गौशाला वाले बयान पर बवाल

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के गौशाला और दुर्गंध वाले बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने अखिलेश पर पलटवार करते हुए उन्हें सनातन विरोधी करार दिया है। भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि गाय हमारी माता है और गोबर उतनी ही पवित्र। इसे लेकर ऐसी आपत्तिजनक बातें करना ठीक नहीं है। वहीं, भाजपा से राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि अखिलेश को गौशाला में सनातन की आस्था को तलाशना चाहिए। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने अखिलेश के बयान पर कहा, 'ये सभी पार्टियां सनातन के विरोध में आवाज उठाती रहती हैं। अखिलेश ने कहा था कि भाजपा को दुर्गंध पसंद है इसलिए वह गौशाला का निर्माण करा रही है और सपा को सुगंध पसंद है इसलिए हम इत्र बनाते हैं। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि इन लोगों को सनातन से लगाव नहीं है और ये सभी सनातन विरोधी हैं। अगर हिंदुस्तान में रहकर कोई सनातन का विरोध करता है तो उसे हिंदुस्तान में राजनीति बंद कर देनी चाहिए। उसे वह भूमि ढूंढ़नी चाहिए, जहां सनातन का अपमान हो सके। यह देश सनातन का अपमान नहीं सहेगा।'

रान्या राव से जुड़े सोने की तस्करी मामले में एक और गिरफ्तारी

बंगलूरू। रान्या राव से जुड़े सोने की तस्करी मामले में डीआरआई ने तीसरे शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फरान्या राव को तस्करी के सोने को ठिकाने लगाने में कथित तौर पर मदद करने के आरोप में एक सोने के डीलर को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि डीलर साहिल जैन बेल्लारी का रहने वाला है।

अमेरिका के साथ टैरिफ पर बन सकती है बात : जयशंकर

■ हार्ले डेविडसन-व्हिस्की पर कम हो सकता है कर : जयशंकर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफकी घोषणा के लागू होने से पहले भारत और अमेरिका में कर ढांचे पर बात बनने की उम्मीद बढ़ गई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार पर बहुत ही सक्रिय और गहन चर्चा कर रहे हैं। भारत अमेरिकी बाइक हार्ले डेविडसन, बॉर्बन व्हिस्की और कैलिफोर्निया वाइन पर आयात शुल्क में कटौती कर सकता है। टैरिफ समेत अन्य व्यापार मुद्दों पर चर्चा करने के लिए

अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच मंगलवार से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल सका है कि क्या उनके साथ अगले हफ्ते से लागू होने वाले पारस्परिक टैरिफ में भारत को किसी प्रकार की छूट देने पर चर्चा हुई है या नहीं। लेकिन जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार के मुद्दे पर बहुत खुली चर्चा हुई और यह प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से इस वर्ष शरद ऋतु तक द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के निर्णय का परिणाम है। अग्रणी थिंक टैंक एशिया सोसाइटी के क्यूंग-व्हा कांग के साथ बातचीत में जयशंकर ने व्यापार वार्ता के तत्काल परिणामों के बारे में पूर्वानुमान लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि दोनों देशों के बीच व्यावसायिक नजरिये से द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की मजबूत संभावना है।

राणा सांगा वाले बयान पर कायम सपा सांसद रामजी लाल सुमन

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के राणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद बुधवार को उनके घर पर हमला किया गया था और जमकर तोड़फोड़ की गई थी। इसके बाद गुरुवार को उन्होंने कहा, 'मैंने कुछ गलत नहीं किया है, माफी नहीं मांगूगा।' रामजी लाल सुमन ने कहा, मैंने जो कहा है वो ऐतिहासिक तथ्य है और मैं अपने बयान पर कायम हूं। इसके साथ ही उन्होंने जगदीप धनखड़ से आज मुलाकात की और उन्हें सुरक्षा दी जानें की भी मांग की।

घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया

इसी बीच समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव आगरा में रामजी लाल के घर पहुंचे। रामगोपाल यादव ने यहां परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी भी ली। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस घटना को सुनियोजित तरीके से

कुछ गलत नहीं कहा, माफी नहीं मांगूंगा

अंजाम दिया गया है। ये घटना उस वक्त हुई जब शहर में मुख्यमंत्री मौजूद थे। उन्होंने कहा, 'प्रदर्शनकारी लाठी डंडे तलवारे लेकर आए उसके बाद उन्हें रोका नहीं गया। अगर रामजी लाल दलित न होते हो उनपर ये हमला नहीं होता। समाजवादी पार्टी ईद के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेगी और सरकार को इसपर कार्यवाही करने के लिए मजबूर करेगी'।

आगरा में एक दक्षिणपंथी संगठन से जुड़े लोगों ने राणा सांगा को लेकर हाल में दिए गए विवादित बयान के बाद सुर्खियों में आए समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार को हमला किया था। इसके बाद रामजी लाल सुमन के बेटे रणजीत ने आरोप लगाया कि करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हरिपर्वत चौराहे के पास स्थित उनके घर में घुसकर खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि लाठी-डंडे और तलवार लिए हमलावरों ने परिसर में खड़ी कारों में भी तोड़फोड़ की।

रणजीत ने कहा, सोशल मीडिया पर कई दिनों से उनके पिता के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। दो दिन से यह धमकी दी जा रही थी कि राज्यसभा सदस्य के आवास का घेराव किया जाएगा। रणजीत ने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि धमकी देने वालों को संरक्षण दिया।

चुनावी रणनीति | *भाजपा सांसद संजय जायसवाल के घर पर हुई एनडीए की बैठक*

चुनाव से पहले दिल्ली में हुई बिहार एनडीए की बड़ी बैठक, सीट बंटवारे पर बनी बात

■ बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा हुए शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली में बिहार के एनडीए सांसदों की बैठक हुई। ये अहम बैठक भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय जायसवाल के घर पर हुई। इस बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए थे। वहीं गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, ललन सिंह और जीतन राम मांझी समेत बिहार एनडीए के लगभग सभी सांसद मौजूद रहें। बैठक में जेपी नड्डा ने एनडीए नेताओं से कहा कि हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे।

बैठक में इस मुद्दे पर हुई बात

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी अच्छा परिणाम निकला। 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद फिर एनडीए की सरकार बने, इसके लिए बिहार सीएम नीतीश कुमार की अगुवाई में मिलकर हमें काम करना है। पीएम मोदी का भागलपुर का दौरा बेहद सफल रहा था। अब अगले महीने पीएम मोदी को मधुबनी में कार्यक्रम है, उसे भी भागलपुर जैसे ही सफल बनाना है। बिहार में इस साल होंगे विधानसभा चुनावचुनाव से पहले बिहार एनडीए की बड़ी बैठकनीतीश कुमार की नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा एनडीए मगर अभी तक सीएम के लिए नीतीश के नाम का नहीं हुआ ऐलानचुनाव से पहले सीट बंटवारे पर भी खूब माथापच्ची

अमित शाह का बिहार दौरा

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता अमित शाह 29 मार्च को बिहार पहुंचेंगे। चुनाव की तैयारियों को लेकर यह शाह का पहला बिहार दौरा होगा। वो एयरपोर्ट से सीधे भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय जाएंगे। अमित शाह की बैठक में शामिल होने के लिए बीजेपी ने अपने सभी सांसदों, प्रदेश प्रभारियों और अन्य नेताओं को पटना में मौजूद रहने को कहा है। इस बैठक में शाह लोगों से चुनाव को लेकर फीडबैक भी लेंगे। इसी के आधार पर बीजेपी आगे की चुनाव की रणनीति बनाएगी।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में अभी सीट बंटवारे का कोई फार्मूला तय नहीं है।

बिहार चुनाव से पहले अहम बैठक

चुनाव को देखते हुए इसे काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एनडीए नेताओं की यह बैठक गृहमंत्री अमित शाह के बिहार दौरे से पहले हुई है। गृह मंत्री शाह 29 मार्च को बिहार जाएंगे। संजय जायसवाल के आवास पर एनडीए नेताओं की यह बैठक 26 तारीख को शाम सात बजे बुलाई गई। बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री, एनडीए के सभी सांसद, बिहार से आने वाले सभी केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक गुरु खुशवंत साहेब को दी जन्मदिन की बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने गुरु खुशवंत को आज उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने गुरु खुशवंत साहेब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गुरु बालदास साहेब भी उपस्थित रहे।

कांसाबेल व्यपवर्तन योजना के लिए 16.58 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखंड-कांसाबेल की व्यपवर्तन योजना के लिए 16 करोड़ 58 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से करीब 968 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से परियोजना के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

प्रत्याशियों के नाम वापसी पश्चात सरगुजा महासमुंद एवं रायगढ़ में मतदान होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्वाचन चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों के नाम वापसी का अंतिम दिन दिनांक 26 मार्च 2025, दिन- बुधवार, समय- दोपहर 3:00 से 6:00 शाम तक था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने बताया कि सरगुजा एवं महासमुंद जिले में उपाध्यक्ष पद हेतु तथा रायगढ़ जिले में मंत्री पद हेतु मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इस अवसर पर चेंबर चुनाव समिति के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी- प्रकाश गोलछा, रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, के. सी. महेश्वरी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।नाम वापसी पश्चात अंतिम प्रत्याशियों की सूची निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर दिनांक 27 मार्च गुरुवार शाम 6:00 बजे प्रकाशित की जाएगी। मतदान प्रक्रिया के तहत सरगुजा जिले का 14 अप्रैल, दिन- सोमवार एवं रायगढ़ जिले का 16 अप्रैल, दिन- बुधवार तथा महासमुंद जिले का 4 मई, दिन- रविवार को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

पंचधाम मंदिर टाटीबंध के पास लगभग 6 हजार वर्गफीट भूखंड में बिना अनुमति अवैध निर्माण को हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व और उप अभियंता लोचन प्रसाद चैहान की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है. इस क्रम में आज जोन क्रमांक 08 के तहत वार्ड नम्बर 21 शहीद भगत सिंह वार्ड के पंचधाम मन्दिर के पास बीना सिंह द्वारा लगभग 6000 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में बिना अनुमति किये गए निर्माण को हटाए जाने की कार्यवाही की गयी. इसी तरह आज मंजू अग्रवाल द्वारा स्वीकृति के विपरीत निर्माण को हटाए जाने की कार्यवाही की गयी है एवं पार्किंग क्षेत्र में निर्मित सीढ़ी एवं शटर को हटाया गया है एवं स्थल भवन स्वामी को भूतल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया है

जिस दिन जिस पात्र के संदर्भ में चर्चा, उस दिन उसी पात्र से संबंधित मनोरम झांकी भी

महाराष्ट्र मंडल में नवरात्र के आठ दिनों में रामायण के पात्रों पर होगी चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। हममें से लगभग सभी ने रामायण पढ़ी, सुनी और देखी। विभिन्न कथाओं और संतों के माध्यम से हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से जुड़ी रोचक कथाएं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनते रहते हैं। ऐसी ही कुछ रोचक कथाएं इस बार हमें महाराष्ट्र मंडल में नवरात्र के आठ दिनों तक सुनने को मिलेंगी।

बताते चलें कि महाराष्ट्र मंडल प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष पर गुड़ी पाड़वा के साथ नवरात्र के आठ दिनों को रोचक व ज्ञानवर्धक बनाने जा रहा है। वहीं प्रतिदिन मंडल भवन में रामरक्षा स्त्रोकत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया जाएगा।आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि पहले यह आयोजन ऑनलाइन मोड पर किया जाना था, लेकिन लोगों की अत्यधिक सहभागिता और उत्साह को देखते हुए महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले व सचिव चेतन दंडवते ने अध्यक्ष कक्ष में आध्यात्मिक समिति के साथ महत्वपूर्ण बैठक लेकर इस आयोजन को महाराष्ट्र मंडल भवन में कराने का फैसला लिया है। यह आयोजन नवरात्र के आठ दिन यानी 30 मार्च से 6 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 5.30 से 6.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रतिदिन चार- चार प्रतिभागी रामायण के विभिन्न पात्रों के संदर्भ में रोचक बातें साझा करेंगे।

आध्यात्मिक समिति के मार्गदर्शक चेतन गोविंद दंडवते के अनुसार आयोजन को लेकर प्रतिभागियों के पात्रों का नाम फाइनल कर दिया गया है। प्रतिदिन जिन चार पात्रों पर रोचक प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे, उसी के अनुरूप सुंदर आकर्षक झांकी भी तैयार की जाएंगी। झांकी में शामिल होने वाले कलाकारों के नाम भी लगभग फाइनल हो चुके हैं। इनमें अधिकांश प्रतिभागी बच्चे ही होंगे।

रामायण के विभिन्न पात्रों पर चर्चा करने वाले प्रतिभागियों के नामः- डॉ. कमल वर्मा- कैकई, चारुशीला देव- लक्ष्मण, संध्या खंगन- राम रक्षा महत्व, मेघा कोतवालीवाले- शबरी, अर्चना भाकरे- जामवंत, अपर्णा मोघे- भरत, हेमंत मार्डीकर- शत्रुघ्न, वैशाली जोशी- उर्मिला, प्रसन्न निमोणकर- जटायु, मंजूषा वैशम्पायन- राजा दशरथ व रामायण का महत्व, डॉ. मंजरी बक्षी- बजरंग बली, आकांक्षा गद्रे- श्री राम, शुभांगी रुद्रजवार- सीता, शताब्दी पांडे- सुमित्रा, आरती ठोमरे- कौशल्या, रवि गहलोत- निषादराज, श्याम सुंदर खंगन- सुर्पनखा, गीता दलाल- राजा जनक, अर्चना मुकादम- मंथरा, कुमुद लाड - श्रुति कीर्ति, संगीता निमोणकर- सुलोचना, शुभांगी पंचघेरे- रावण, अरविंद जोशी- मेघनाथ, धनश्री पेंडसे- मंदोदरी, अपर्णा दभड़गांव- कुंभकर्ण, रविन्द्र ठेंगड़ी- विभीषण, अर्चना धर्माधिकारी- अहिल्या, सुमिता रायजादा- गुरु विशिष्ठ, महर्षि विश्वमित्र, विभा पांडे- लव कुश, डॉ. वर्षा वरवंडकर- रामायण की प्रासंगिकता, परितोष- नल व नील।

भाजपा की मंडल स्तरीय बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक बुधवार को ग्राम तरसीवा में संपन्न हुई। बैठक में मंडल पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कविंद्र जैन ने चुनावों में शानदार सफलता की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री जैन ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी तादाद में भारतीय जनता पार्टी समर्थित जनप्रतिनिधि चुन कर आए हैं। पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सहित नगरीय निकायों में भाजपा ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। इसके पीछे केंद्र की मोदी सरकार का काम और राज्य की भाजपा सरकारों में हुए विकास के कार्यों के प्रति जनता का विश्वास ही बड़ा कारण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी 30 तारीख को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में विशाल जनसमूह को संबोधित करने तथा विकास की नई सौगात लेकर आ रहे हैं उनके स्वागत के लिए धमतरी जिले से भी हजारों कार्यकर्ता बिलासपुर जाएंगे। उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को मोदी जी की सभा में भाग लेने बिलासपुर जाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर कार्यकर्ताओं ने खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आमदी मंडल के अध्यक्ष अमन राव, भगत यादव, राकेश साहू, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, धनेश्वरी साहू, साकेत साहू, सुरेन्द्र चन्द्राकर, कोमल यादव,ओमेश यादव, अग्रवाल साहू,कृपाल साहू, जागेश्वर ध्रुव, सुनीता साहू, फलेश्वरी साहू,गणेश्वरी साहू,देहूति साहू, संतकुमारी,झमिति सिन्हा, राकेश सिन्हा, परमेश्वर साहू, प्रभूराम, अलख राम, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

टीएल बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण की पुख्ता तैयारी रखने निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक समयसीमा (टी.एल.) बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 की पुख्ता तैयारी करने लगातार एक सप्ताह विशेष सफाई अभियान सभी 10 जोनों के समस्त वार्डों में चलाकर सफाई व्यवस्था में सुधार लाकर स्वच्छता कायम करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर कोई लापरवाही कदापि सहन नहीं की जाएगी. आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को अवैध निर्माणों को नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही लगातार करने, अवैध पार्किंग, अवैध प्लाटिंग, अवैध अतिक्रमणों पर कार्यवाही सहित सीएन्डडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलीशन) वेस्ट पर अभियानपूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने डस्टबिन नहीं रखने और गन्दगी फैलाने वाले सम्बंधित दुकानदारों पर लगातार जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने सभी वार्डों की नालियों और नालों को अतिक्रमण से मुक्त करने अवैध पाटों को तोड़ने का अभियान तेजी से चलाने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की पुख्ता तैयारी करने जोन कमिश्नरों और वार्ड प्रभारियों को सभी नियत पॉइंट्स पर प्रतिदिन नियमित भ्रमण कर व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त- दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने सभी मुख्य मार्गो और समस्त शौचालयों को लगातार मॉनिटरिंग करते हुए स्वच्छ रखना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है. आयुक्त ने सभी अधिकारियों को समस्त विकास और निर्माण कार्यों की जियो टेंगिग करवाने और उसमें सम्बंधित योजनाओं की डिटेल्स देने और कार्य प्रारम्भ होने के पूर्व और कार्य समाप्त होने के पश्चात की फोटो डाला जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने गर्मी के मौसम के पश्चात वर्षा ऋतु के प्रारम्भ में नगर में किये जाने वाले पौधरोपण हेतु मार्ग विभाजकों, सार्वजनिक स्थानों, शासकीय भवनों, तालाबों के किनारों सहित सभी उपयुक्त स्थलों को चिन्हित करने की तैयारी प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने शत-प्रतिशत राजस्व वसूली कार्य हर हाल में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। आयुक्त ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचैपाल, निदान 1100, सांसद, विधायक गणों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों, जन शिकायतों का नियमानुसार शत-प्रतिशत संख्या में त्वरित समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए हैं. साप्ताहिक समयसीमा बैठक में नगर निगम अपर आयुक्त सर्व राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू. एस. अग्रवाल, पंकज के. शर्मा, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, प्रीति सिंह, डॉक्टर दिव्या चन्द्रवंशी आदि की उपस्थिति रही।

समृद्धि विहार परियोजना पर रेरा की सख्त कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने समृद्धि विहार परियोजना के प्रमोटर प्राइम डेव्हलपर्स पर ?10 लाख का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 13 के उल्लंघन के कारण की गई है। जांच में पाया गया कि प्रमोटर ने ग्राहकों से लिखित करार किए बिना भू-संपत्ति की लागत के 10त्न से अधिक राशि ली थी, जो कानून का सीधा उल्लंघन है। रेरा ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए आर्थिक दंड लगाया और सभी प्रमोटरों को निर्देश दिया कि वे नियमों का पालन करें। साथ ही, ग्राहकों से अपील की गई है कि वे केवल रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं में ही निवेश करें।

जनसूचना अधिकारी व प्रथम अपीलीय अधिकारियों की संभागस्तरीय कार्यशाला

■ **कमिश्नर महादेव कावरे ने अधिकारियों को समय पर प्रकरण वैधानिक प्रक्रिया से समाप्त करने हेतु मार्गदर्शन दिया**

रायपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे की उपस्थिति में कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारियों एवं जनसूचना अधिकारियों की संभागस्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य सूचना आयोग के अवर सचिव डॉ. गीता शुक्ला दीवान तथा अनुभाग अधिकारी अतुल वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लोकहित में महत्वपूर्ण है तथा हमें सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम की पूरी जानकारी रखें, साथ ही आवेदनों का पारदर्शिता और त्वरित गति से निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गुणवत्ता और सूचना के अधिकार नियमों का पालन करते हुए आवेदनों का निपटारा करें।

अवर सचिव डॉ. दीवान ने सूचना के अधिकार अधिनियम के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। वहीं अनुभाग अधिकारी अतुल वर्मा ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत विभिन्न नवीनतम जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिनियम के प्रावधानों में छूट, अधिनियम के क्रियान्वयन सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार रजक, आयुक्त कार्यालय से उपायुक्त विकास बीआर जोशी, उपायुक्त राजस्व ज्योति सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

रायपुर निगम के नवनियुक्त 9 एमआईसी सदस्यों ने पदभार संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) में नवनियुक्त 9 भारसाधक सदस्यों ने निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के भूतल पर प्रथम पूज्य देव गणेश की पूजा - अर्चना कर उनसे शुभाशीष देने बप्पा के दिव्य चरणों में विनम्र प्रार्थना कर नगर निगम सचिवालय द्वारा प्रशासनिक कार्य हेतु आबंटित कक्ष में गणपति पूजन कर आचार्य द्वारा वैदिक मन्त्रोच्यार और सुमधुर शंख ध्वनि सहित फ्टाकों और बैंड बाजों की गूंज के मध्य अपना पदभार सम्हाल लिया. महापौर मीनल चैबे, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, सभापति सूर्यकान्त राठौड़,एमआई सी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, पूर्व सभापति संजय वास्तव, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित नव निर्वाचित वार्ड पार्षदगणों, पूर्व पार्षदगणों, विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, आमजनों, महिलाओं, नवयुवकों, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने नवनियुक्त एमआईसी सदस्य गायत्री सुनील चंद्राकर, सुमन अशोक पाण्डेय, संजना हियाल, सर्व संतोष सीमा साहू, भोलाराम साहू, अवतार भारती बागल, नंदकिशोर साहू, महेन्द्र खोडियार, खेम कुमार सेन को पदभार सम्हालने पर बुके प्रदत्त कर और फूलमालाओं से लादकर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं।

निगम जोन 1 ने सुखराम नगर में अवैध निर्माणाधीन व्यवसायिक दुकानों को तोड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 1 की नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन के तहत संत कबीरदास वार्ड क्रमांक 3 के, क्षेत्र के अंतर्गत सुखराम नगर में लगभग 5000 वर्गफुट में अवैध निर्माणाधीन व्यावसायिक दुकानों को तोड़ने की कार्यवाही जोन 1 जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, सहायक अभियंता शरद देशमुख, उप अभियंता सागर ठाकुर एवं नगर निवेश की टीम और पुलिस बल की उपस्थिति में की गई।

भगवान महावीर जन्मकल्याण महोत्सव 2624 : 15 दिवसीय प्रभात फेरी का हुआ आगाज

■ **न्यू राजेंद्र नगर में निकली भगवान महावीर स्वामी की यात्रा में पर्यावरण संरक्षण और नो-प्लास्टिक का संदेश**

रायपुर/नवप्रदेश। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर बुधवार को न्यू सुबह 6.30 बजे राजेंद्र नगर में प्रभात फेरी निकली। श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर, वर्धमान नगर में सुबह भगवान महावीर की स्तुति कर भगवान महावीर स्वामी की संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान जैन समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हुए और पर्यावरण संरक्षण के साथ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश दिया। साधुमार्गी जैन समता युवा संघ के संयोजन में बच्चों ने अर्जुनमाली, मानतुंग आचार्य के गेटअप में और सभी ने हाथ में पट्टी लेकर- जैन धर्म के मीठे बोल सत्य अहिंसा है अनमोल, तन को करता खराब अंडा-मांस और शराब, जियो और जीने दो, सभी जीवों की सुरक्षा जैसे भगवान महावीर का संदेश देते हुए अमलीडीह चौक पहुंचे वहां से होते हुए वर्धमान मंदिर पहुंचे, जहां प्रभात फेरी का समापन हुआ। प्रभात फेरी के समापन के अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद की ओर से सुबह 7.30 से ब्लड, शुगर, सीबीसी, थॉयराइड जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने अपना टेस्ट कराया।

समीक्षा | कुपोषण और बाल संरक्षण पर दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

कलेक्टर डॉ. सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास योजना), मिशन वात्सल्य (एकीकृत बाल संरक्षण सेवा) और मिशन शक्ति योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, कुपोषित बच्चों की स्थिति और बाल संरक्षण के उपायों पर गहन चर्चा की।

रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री की उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने चावल और अन्य खाद्यान्न की गुणवत्ता की भी जांच करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी सुपरवाइजरों को गंभीर कुपोषित बच्चों की प्रोफाइलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे को सुधारने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि यदि किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत, बाउंड्री वॉल निर्माण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग या सोखता गड्ढे की आवश्यकता हो, तो इसके लिए जल्द से जल्द स्वीकृति प्राप्त कर कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर महीने बिजली विभाग से बिल लेकर तत्काल भुगतान किया जाए, ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू बनी रहे।बाल सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और सुपरवाइजरों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई।

सुविचार

परिवर्तन प्रकृति का नियम है। इससे घबराए नहीं। आज आप जो खो रहे हैं,उससे बेहतर आपको मिलेगा। - अज्ञात

प्रशांत किशोर किसका खेल बिगाड़ेंगे

चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर पांडेय अपनी जनसुराज यात्रा पर निकले हुए हैं। उन्होंने जनसुराज नामक राजनीतिक पार्टी का भी गठन कर लिया है। उन्होंने बिहार विधानसभा की सभी सीटों से चुनाव लड़ने की भी घोषणा कर रखी है। जनसुराज यात्रा के दौरान प्रशांत किशोर की जनसभाओं में जो भारी भीड़ उमड़ रही है, उसे वे वोटों के रूप में तब्दील करने में कितने सफल होते हैं। इस प्रश्न का उत्तर तो भविष्य के गर्भ में छिपा है। किन्तु प्रशांत किशोर को मिलने वाले समर्थन को देखकर एनडीए और महागठबंधन के नेताओं की परेशानी पर बल पड़ने लगा है। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर युवा चेहरे हैं और उन्हें बिहार की राजनीति भी अच्छी खासी समझ है। वे पूर्व में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी रणनीतिकार रह चुके हैं। उनके कामों से नीतीश कुमार इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने प्रशांत किशोर को अपनी पार्टी जदयू का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बना दिया था। यह बात अलग है कि नीतीश कुमार की पटरी जदयू के अन्य नेताओं के साथ नहीं बैठ पाई और उन्होंने जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और फिर वे बंगाल की मुख्यमंत्री टीएसी सुप्रीमों ममता बनर्जी की पार्टी के चुनावी रणनीतिकार बन गए। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में रहने की जगह विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में चुनावी रणनीति बनाने का काम शुरू कर दिया। इसी क्रम में उन्होंने कांग्रेस के लिए भी काम किया। और पिछले उत्तरप्रदेश चुनाव के दौरान उन्होंने कांग्रेस के लिए चुनावी रणनीति बनाई। यह काम उन्होंने पंजाब में भी कांग्रेस के लिए किया। और इस बीच कांग्रेस नेताओं से उनकी बढ़ती निकटता को देखते हुए यह कयास लगाये जा रहे थे कि वे कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं लेकिन वहां भी उनकी बात नहीं बनी। वैसे प्रशांत किशोर ने सबसे पहले 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के लिए चुनावी रणनीति बनाई थी। किन्तु भाजपा में उन्हें वह महत्व नहीं मिला था जिसकी वे उम्मीद कर रहे थे। बहरहाल घाट घाट का पानी पी चुके प्रशांत किशोर ने अब अपनी नई पार्टी बनाकर राजनीति के मैदान में उतरने का फैसला ले लिया है। क्योंकि वे बिहार के ही हैं इसलिए उन्होंने इस बार बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने का मन बनाया है। वे इसमें कितने सफल होते हैं और उनकी नवगठित पार्टी कितनी सीटें जीत पाती है यह कह पाना मुश्किल है। दरअसल, बिहार में जातिवाद का बोलबाला है। इसलिए प्रशांत किशोर जैसे सवर्ण नेता के लिए जातिवाद की दीवारें तोड़ पाना बेहद चुनौतीपूर्ण काम सिद्ध होगा। ऐसे में राजनीतिक पर्यवेक्षकों का यह मानना है कि प्रशांत किशोर की पार्टी वोट कटवा पार्टी बनकर रह जाएगी। यदि ऐसा भी होता है तो भी यह सवाल उठता है कि प्रशांत किशोर बिहार में किसका खेल बिगाड़ेंगे। वैसे प्रशांत किशोर के लिए भाजपा ही सबसे उपयुक्त पार्टी है, जिसके साथ उन्होंने सबसे पहले चुनावी रणनीति बनाने का काम शुरू किया था। बिहार में भाजपा के पास ऐसा कोई प्रभावी ब्राम्हण चेहरा भी नहीं है, जो सवर्णों के वोट हासिल करने में भाजपा का मददगार साबित हो। यदि प्रशांत किशोर अपनी नवगठित पार्टी का भाजपा में विलय कर देते हैं तो भाजपा की बिहार में ताकत बढ़ जाएगी और प्रशांत किशोर को भी सम्मान जनक पद मिल जाएगा। किन्तु अभी तक भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। प्रशांत किशोर भी भाजपा से ऐसे किसी प्रस्ताव की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यही वजह है कि अपनी पद यात्रा के दौरान वे जनसभाओं में भाजपा के खिलाफ टिप्पणी करने से परहेज करते हैं। अलबत्ता नीतीश कुमार पर जरूर निशाना साधते हैं। उनका सबसे तीखा हमला राष्ट्रीय जनता दल पर ही होता है। बहरहाल, यह देखना दिलचस्प होगा, प्रशांत किशोर बिहार विधानसभा चुनाव को कितना प्रभावित कर पाते हैं।

शराब को लेकर आतिशी का हास्यास्पद बयान

नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी जो नई दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्होंने उत्तर प्रदेश में शराब की एक बोतल पर एक बोतल फ्री देने का आरोप लगाते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि एक पर एक फ्री शराब देकर योगी जी उत्तर प्रदेश के लोगों को शराबी बनाना चाहते हैं। आतिशी का यह बयान न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि उनके अल्पज्ञानी होने का भी परिचायक है। आतिशी को इतनी मामूली सी बात भी पता नहीं है कि न सिर्फ उत्तरप्रदेश बल्कि देश के लगभग सभी राज्यों में एक अपैल से शराब के ठेकों की नये सिरे से नीलामी होती है। इसलिए मार्च एंडिंग में सभी शराब ठेकेदार अपना स्टॉक क्लियर करते हैं। क्योंकि फिर से ठेका न मिलने की स्थिति में उन्हें अपने शराब का स्टॉक सरकार को सौंपना पड़ जाता है। यही वजह है कि मार्च एंडिंग में शराब ठेकेदार इस तरह की छूट देते हैं, जिसका उद्देश्य यह होता है कि भले ही उन्हें इसमें मुनाफा न हो लेकिन उनकी लागत तो निकल आये। यह बता सभी जानते हैं कि इसमें सराकर का कोई दखल नहीं होता। शराब ठेकेदार की मर्जी होती है कि वह अपना स्टॉक क्लिसर करने केलिए उसे कितने भी कम दामों में बेचे किन्तु आतिशी ने इसे लेकर उत्त प्रदेश सरकार पर निशाना साध दिया है। जबकि नई दिल्ली में जब आम आदमी पार्टी की सरकार थी तो उनकी सरकार ने एक पर एक फ्री देने की योजना लागू की थी और शराब के नाम ही करोड़ों का घोटाला किया था और इसी घोटाले के चलते आम आदमी पार्टी आज सत्ता से बाहर हैं। जिसके सदमे से आम आदमी पार्टी के नेता उबर नहीं पा रहे हैं और इस तरह के बयान देकर हंसी का पात्र बन रहे हैं।

उमेश चतुर्वेदी

इन बलों ने ऐसी रणनीति बनाई है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प, 'सरेंडर' करो या 'गोली' खाओ, बचे हैं। अब ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है, जहां सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। वे महज 48 घंटे में 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। अब नक्सलियों के लिए जंगलों में अधिक दूरी तक पीछे भागना भी संभव नहीं हो रहा। उनकी सप्लाई चेन कट चुकी है। नक्सलियों की नई भर्ती तो पूरी तरह बंद हो चुकी है। इतना ही नहीं, घने जंगलों में स्थित नक्सलियों के ट्रेनिंग सेंटर भी तबाह किए जा रहे हैं।

नक्सल प्रभावित इलाकों में अमन-चैन हो और बिना खून बहाए ही लोग अपनी शिकायत लोकतांत्रिक ढंग से रख सकें। इसका विरोध शायद ही कोई करेगा। नक्सलवाद का आतंक खत्म हो, इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि भविष्य में ऐसे हालात फिर ना बनें, जिससे फिर से नक्सलवाद को बढ़ने को मौका मिले। क्योंकि विचार केंद्रित एक्शन भले ही रूक जाए, विचार कभी नहीं मरते।

अगले साल तक कैसे खत्म हो पाएगा लाल आतंक ?

इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथो तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी।

साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं,लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं।

नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों का मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफहै कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसे गिन रहा है।

साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था।

यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है,लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई।नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया।

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिए को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई।

सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरूआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया। इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनातकेंद्रीयबलोंद्वारा

स्थानीयआबादीकेलिए जहांस्वास्थ्यशिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलरलाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई।

गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल2014 सेअबतकइन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़रुपयेकेकाम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सलप्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले

हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30सर्वाधिकनक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं।

नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है,जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नक्सल उग्रवाद ऐसे क्षेत्रो में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी। नक्सली विचार प्रभवित समूहों ने इन इलाकों के लोगों के असंतोष को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल किया और इस तरह उग्रवाद को बढ़ावा मिला।

इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओ को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले।

दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़कीसंपत्ति जब्त की,वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की। नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलगसे एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षाबलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया।

नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीयऔर राज्योंविशेषऑपरेशनटीमें बनाई गईं।

सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया। इसके तहत लोकेशन मोबाइल फोन और दूसरी तकनीक सुरक्षा बलों को मुहैया कराई गईं। द्रोण कैमरों से नक्सलियों पर निगाहबानी शुरू हुई और कैजुअल्टी या विशेष ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई।

शायद यही वजह रही कि संसद में नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह बेहद आत्मविश्वास में नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रमुख जगहों पर सीआरपीएफऔर इसकी विशेष इकाई 'कोबरा' ही माओवादियों से लोहा ले रही है।

इन बलों ने ऐसी रणनीति बनाई है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प, 'सरेंडर' करो या 'गोली' खाओ, बचे हैं। अब ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है, जहां सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। वे महज 48 घंटे में 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। अब नक्सलियों के लिए जंगलों में अधिक दूरी तक पीछे भागना भी संभव नहीं हो रहा। उनकी सप्लाई चेन कट चुकी है। नक्सलियों की नई भर्ती तो पूरी तरह बंद हो चुकी है। इतना ही नहीं, घने जंगलों में स्थित नक्सलियों के ट्रेनिंग सेंटर भी तबाह किए जा रहे हैं।

नक्सल प्रभावित इलाकों में अमन-चैन हो और बिना खून बहाए ही लोग अपनी शिकायत लोकतांत्रिक ढंग से रख सकें। इसका विरोध शायद ही कोई करेगा। नक्सलवाद का आतंक खत्म हो, इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि भविष्य में ऐसे हालात फिर ना बनें, जिससे फिर से नक्सलवाद को बढ़ने को मौका मिले। क्योंकि विचार केंद्रित एक्शन भले ही रूक जाए, विचार कभी नहीं मरते।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1854 में 28 मार्च के दिन ही फ्रांस और ब्रिटेन ने रूस के विरुद्ध क्रीमिया युद्ध की घोषणा की थी। 1891 में आज ही के दिन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप आयोजित हुई थी।1917 में 28 मार्च के दिन ही प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान महिलाओं की सेना सहायक कोर की स्थापना हुई थी।1922 में आज ही के दिन अमेरिकी आविष्कारक ब्रेडली ए. फिस्के ने माइक्रोफिल्म पठन यंत्र का पेटेंट कराया था। 1939 में 28 मार्च के दिन ही स्पेन में गृहयुद्ध खत्म हो गया था। 1941 में आज ही के दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस नजरबंदी से बचकर बर्लिन पहुंच गए थे। 1963 में 28 मार्च के दिन ही रूस और अमेरिका के बीच शीत युद्ध हुआ था।1964 में आज ही के दिन इंग्लैंड के पास पहला समुद्री डाकू रेडियो स्टेशन बना था।1977 में 28 मार्च के दिन ही मोरारजी देसाई ने भारत में सरकार बनाई थी। 2000 में आज ही के दिन वेस्टइंडीज के कोर्टनी वाल्स ने 435 विकेट तक पहुंचकर भारतीय कप्तान रहे कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा था। 2005 में 28 मार्च के दिन ही इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में आए शक्तिशाली भूकंप से भारी तबाही हुई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिसे जीना

जिसे जीना नहीं आता उसे जीना सिखाती है। दरकते हों अगर रिश्तें, उन्हें सीना सिखाती है।नही तुम जाम पीना, व्यर्थ आँसू भी बहाना मत- हमें कविता सदा दुख दर्द को पीना सिखाती है।।

- दिनेश चतुर्वेदी

स्त्री रिश्तों की



स्त्री रिश्तों की तुरपाई करना अच्छे से जानती है यही तो करना है उसे चाहे शूल की तरह हाथ के साथ दिल में कितनी बार चुभतें हो स्त्री अपने सपने को मन में दबा कर दूसरों के सपने को सजातीसंवारती कब ये सपने ही अपने लगने लगते है उसे खुद ही पता नही होता है स्त्री खुश रहती है गुनगुनाती है सजती-संवरती है मन को खूंटी पर टांग देती है हमेशा की तरह इक इंच मुश्कान होंठो पर लिये सब का स्वागत करती है।

- प्रीति श्रीवास्तव

खास पाती | मुस्कुरा कर देखा जब आईना

मुस्कुरा कर देखा जब आईना हँस कर मेरा अक्स मुझसे मिला...पूछा जब उसने हाल मेरा...कहा मैंने भी ठीक हूँ तुम अपनी कहो... बोलने लगी अंदाज़ में बताने लगी सच्चाईधुंधलाती गयी, फ़ीकीं दिखी.. मेरे अक्स की परछाई.. बोली बस... देख अपनों के रंग.. मत सोच दुनियां क्यों बदरंग.... सब पर यकीन कर और खुद में यकीं बसा अपने क़िरदार को इत्र सा महका.....तू खुशबू बन फैल जाजिसे पसन्द हो खुद ब खुद तेरे करीब आ जायेगा नापसंद वो दूर जाएगा अपना रंग ही दिखायेगा... कि अक्स मैं तेरा तू क़िरदार हैं मेरासब को खुश तू कर नही सकती सबके लिए तू सच बन नही सकती कि रुतबा कायम क़िरदार का है... मैं आईना बन साथ तेरे ज़िंदगी का अक्स एतबार सा हैं...!!

- नंदिता तनूजा

मुझे प्यार है क - से क यानी - कलम

मुझे प्यार है क - से क यानी - कलम से जो मेरे कहे शब्दों को कागज पर उढ़ेलती है और मेरी वाह वाही कराती है ।।मुझे प्यार है -क से क यानी - कविता से जो मेरे हृदये से निकलकर कागज़ पर उतर आती है और मेरे नाम से जानी-जाती है ।।मुझे प्यार है क- से क यानी -कवि-से जो मेरे हृदय मन में समाया रहता है और मेरी रचनाओं को लोगों तक पहुंचता है ।।मुझे प्यार है क - से क यानी- किताब से जो मेरी रचनाओं को एक माला की तरहअपने में समेटती हुई है ।। मुझे प्यार है हाँ मुझे प्यार है इन सब से जिनसे में बना हूँ . बिना इनके मैं बिल्कुल अधुरा हूँ एक सुन्य की तरह से हाँ मुझे प्यार है ....

- संजय कुमार गिरी

गिला न तुझसे है , न तेरी बेवफाई

गिला न तुझसे है , न तेरी बेवफाई से, लड़ाई है मेरी खुद अपनी ही तन्हाई से रास आ जायेगी , अब मुझको बेकली अपनी मुझे क्या वास्ता इस हुस्न की रानाई से आग खुद अपनी लगाई हुई थी कैसे कहें खड़े हुऐ थे वहाँ हम भी तमाशाई से मुखालिफ सिम्त में चल कर मैं इतना भटका हूँ अब तो डरता हूँ किसी की भी रहनुमाई से इस पेचोखम में ही महफूज़ खुद को पाता हूँ खौफ़ आता है तेरी जुल्फ की रिहाई से - **अनुमित्तल**

जटाओं में पवित्र जल, गले में

जटाओं में पवित्र जल, गले में लटके सांप।÷एक जप, एक मंत्र÷ ले लो 'शिव' का नाम। शिव रूप का ध्यान करूं, जो! समाप्त हो, हर काव्य। हर क्षण वर्णन करूं, तो! तांडव करते... मिले यश गान। रौद्र रूप में सुख तलाशूं, तांडव पाठ करें 'मन शांत'। हर लय, ब्रम्हा का प्रारंभ। हर कदम, सृष्टि का संहार। सकल इच्छाएं बसी चरणों में 'भक्त करें उनका ध्यान'। हे ब्रह्मांड के राजा, अनंत महिमा तुम्हारी। हर संकट से दिलाओं, मुक्ति... सुन लो 'विनती हमारी'। - **जय बरूआ**

ईश्वर सुनता नहीं प्रार्थना के शब्द

ईश्वर सुनता नहीं प्रार्थना के शब्द आराधना के शब्द वो सुनता नही आप क्या कहते हो वो पढता है आपके विचार आपके भाव आपकी पृवृत्ति आपके ख्याल ईश्वर, ईश्वर है कोई इंसान नहीं जो आपके दिखावटी रूपसे जो झूठे शब्दो से छला जायेगा ईश्वर नही देखता आप खुद कोकैसा दिखाते हो वो देखता है..वो जो अपना-आप खुद से भी छुपाते हो वो देखता है आपकी अंतर्आत्मा शायद कुछ मानवीयता कुछ निर्मलता कुछ कारूण्य हो उसके अंश का शायद कहीं वास हो... है क्या...- **सरिता त्रिवेदी**

प्रेरक प्रसंग

कई दिन तक उसी की तरह कमाई में लगने का प्रयास किया भी और कुछ पैसे कमा भी लिए। इसी बीच उसकी भेंट एक विद्वान से हुई। उसने विद्वान की विद्वता-वाक्पटुता से प्रभावित होकर कमाई करना छोड़ दिया और पढ़ने में लग गया। अभी थोड़ा-बहुत सीख ही पाया था कि उसकी भेंट एक संगीतज्ञ से हो गई। उसे संगीत में अधिक आकर्षण लगा। उस दिन से पढ़ाई बंद कर उसने संगीत सीखना आरंभ कर दिया। काफी उम्र बीतने पर भी न वह पैसे वाला बना, न विद्वान, न संगीतज्ञ, न समाजसेवी या नेता। एक दिन अपने दुःख का कारण उसने एक महात्मा को बताया। उनने कहा - बेटा! सारी दुनिया में आकर्षण भरा पड़ा है। एक निश्चय करो और फिर जीते जी उसी पर अमल करो, तुम्हारी उन्नति अवश्य होगी। कई जगह गड्ढे खोदोगे तो न पानी मिलेगा, न कुआँ खोद पाओगे। युवक संकेत समझ गया और एकनिष्ठ भाव से लग गया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:24, सूर्यास्त : 18:41, चन्द्रोदय : 29:29, चन्द्रास्त : 16:36, अयन : उत्तरायण, ऋतु : बसन्त, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (कालयुक्त), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर): पिंगल, युगाब्द (कलि संवत) : 5126, मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण,तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, योग : शुक्ल, प्रथम करण : गर (12:27 तक), द्वितीय करण : वणिज (23:03 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : कुम्भ, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:57, अमृत काल : 17:56 से 19:25, विजय मुहूर्त : 14:35 से 15:24, गोधूलि मुहूर्त : 18:39 से 19:03, सायाह्न सन्ध्या : 18:41 से 19:51, निशिता मुहूर्त : 24:08+ से 24:55+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:50+ से 29:37+, राहुकाल : 10:30 से 12:00, गुलिक काल : 09:28 से 11:00, यमगण्ड : 06:24 से 07:56, दुर्मुहूर्त : 10:30 से 11:19, वर्ज्य : 09:07 से 10:35।

QUIZ TIME

1) किस राज्य सरकार ने वन टाइम स्कीम शुरू की है?

2) शरफद्दौला किस देश के अम्पायर है, जिन्हें आईसीसी एलीट पैनल ऑफ अम्पायर्स में नामित किया गया था?

3) भारत के किस मिशन ने जॉन एल. जैक स्विगर्ट, जूनियर पुरस्कार 2024 जीता?

4) भारत के किस जनजाति ने पहली बार 2024 में भारत के 18वें आम चुनावों में मतदान किया?

5) किस राज्य ने काजी नेमू को आधिकारिक राज्य फल के रूप में नामित किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तेलंगाना (2) ऑस्ट्रेलिया (3) चंद्रयान-3 (4) शोम्पेन (5) असम

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। किसी काम को आप भाग्य के भरोसे ना छोड़े।

वृषः आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। भाई-बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कारोबार में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी।

कर्कः आज का दिन मेहनत से कार्य करने के लिए रहेगा। जो लोग विदेशो से व्यापार करते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी।

कन्याः आज का दिन आपके किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं।

तुलाः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी। आपको बाहर के खान-पान से परहेज रखने की आवश्यकता है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। कोई पैतृक समस्या भी लंबे समय से आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होगी।

धनुः आज का दिन दानपुण्य के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। परोपकार की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

मकरः मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है।

कुंभः आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारी से कामों को आसानी से पूरा करेंगे।

मीनः आज आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण आपके लिए अनुकूल रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -365

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 364 का हल

न्यूज गैलरी

महापौर ने स्वीकार किया दो एमआईसी सदस्यों का इस्तीफा

रिसाली। महापौर शशि सिन्हा ने एमआईसी के दो सदस्यों के इस्तीफे मंजूर कर लिये हैं। महापौर परिषद में वार्ड 20 के पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह को राजस्व, बाजार और वाहन विभाग व वार्ड 33 के पार्षद परमेश्वर कुमार को पुनर्वास तथा नगर नियोजन, उद्यानिकी तथा संचार विभाग की जिम्मेदारी दी थी। परिषद के दोनो सद्स्य ने शुक्रवार को परिषद की सदस्यता त्यागते हुए इस्तीफा सौंपा था। दोनों के इस्तीफे महापौर ने स्वीकार कर लिये हैं।

सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों को 7 प्रतिशत आरक्षण देने कड़े निर्देश

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु शासन के समस्त विभागों को निर्देश दिये गए हैं। राज्य में प्रत्येक सरकारी स्थापना में सीधी भर्ती से भरे जाने वाले प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के लोक सेवाओं और पदों में निःशक्तजनों के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया गया है। इसमें अंध और निम्न दृष्टि 2 प्रतिशत, बधिर और श्रवणशक्ति में 2 प्रतिशत, चलन दिव्यांगता जिसके अंतर्गत प्रमस्तिष्क घात, रोगमुक्त कुष्ठ बौनापन, अम्ल आक्रमण पीड़ित और पेशीय दुष्पोषण भी हैं, 2 प्रतिशत, स्वपरायणता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, मानसिक अस्वस्थता और बहु निःशक्तता जिसके अंतर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए पहचान किए गए पदों पर बधिर और अंधता भी 1 प्रतिशत है। निःशक्तजनों के लिए पदोन्नति में 3 प्रतिशत आरक्षण यथावत रहेगा। विभागों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

आरईडी विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार समारोह

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों से सुरक्षा के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन करते हुए कंपनी के लक्ष्यों को पूर्ण करने और कार्य में नवीनता का प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को प्रबंधन द्वारा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। समारोह में रोहित कुमार चंद्राकर को पाली शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया और धन्नूलाल और डी. राजू को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेताओं के जीवन साथी के लिये प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किया। सभी पुरस्कार मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास द्वारा दिये गए। आरईडी विभाग में आयोजित कार्यक्रम में प्रोसेनजीत दास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुरस्कार कमेटी द्वारा उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ सुरक्षा का पालन करने के लिए दिया गया है।

अत्याधुनिक सेटअप से लैस होगा सेक्टर-9 हॉस्पिटल, बीएसपी मैनेजमेंट द्वारा बंद किये गए स्कूल फिर शुरू होंगे

■ **दिल्ली में स्टील मिनिस्टर, सेल चेयरमैन से विधायक रिकेश सेन ने की चर्चा**

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल से बहुत जल्द भिलाई की बीएसपी टाउनशिप के पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र को अत्याधुनिक सेटअप के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने सेल चेयरमैन व प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश से आज दिल्ली में इन मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने विधायक रिकेश सेन को आश्वस्त करते हुए कहा कि बहुत जल्द सेक्टर-9 हास्पिटल में अत्याधुनिक

सेटअप के लिये कार्य शुरू किये जाएंगे। विधायक द्वारा बीएसपी टाउनशिप में बंद किये गए स्कूलों के संबंध में जानकारी देने पर सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सभी स्कूल फिर से प्रारंभ करने प्रयास किये जाएंगे। केंद्रीय वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की पहल पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी, सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश से बीएसपी टाउनशिप को लेकर अहम चर्चा की है। इस्पात मंत्री और सेल चेयरमैन ने रिकेश सेन को आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य और शिक्षा उनकी प्राथमिकता के कार्य हैं। बीएसपी टाउनशिप के बंद स्कूल दोबारा बेहतर सेटअप के साथ शुरू होंगे। साथ ही पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र को और भी बेहतर बनाने और वहां की मांग के अनुरूप सेटअप को व्यवस्थित करने का कार्य आगामी सत्र से प्रारंभ किया जाएगा। स्टील मिनिस्टर और सेल चेयरमैन से सार्थक चर्चा के बाद विधायक रिकेश सेन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा (92 वर्ष) से उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम हेतु सौजन्य भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

801 करोड़ के बजट में इस्पात कांप्लेक्स, पाइपलाइन विस्तार सहित कई विकास कार्य शामिल

हंगामे के बीच पारित हुआ भिलाई निगम का बजट

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर निगम की बजट बैठक में गुरुवार को जोरदार हंगामा हुआ। बैठक में महापौर नीरज पाल ने 801 करोड़ 78 लाख 45 हजार का बजट पेश किया। इसमें 619 करोड़ 55 लाख 47 हजार रुपए शहर के विकास में खर्च किए जाएंगे। बजट के दौरान विपक्षी पार्षदों ने महापौर द्वारा पेश किये गए बजट को काल्पनिक बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज किया।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और हंगामे के बीच महापौर द्वारा प्रस्तुत बजट सदन में मंजूर कर दिया गया। आज बजट अभिभाषण के बाद विकास कार्यों को लेकर चर्चा के दौरान सभा में हंगामा शुरू हो गया। गलत तरीके से विकास कार्यों की स्वीकृति दिये जाने के मामले में बैठक में सत्ता, विपक्ष और निर्दलीय पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। सदन में भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच कई बार तीखी बहस हुई। टीका-टिप्पणियों के बीच सदन का माहौल बार-बार तनावपूर्ण होता रहा। विपक्ष ने बजट को जनविरोधी और अव्यवहारिक बजट करार दिया। सदन में कई पार्षदों ने आरोप लगाया कि उन्हें पार्षद मद भी पूरा नहीं मिल पा रहा है। वे वार्ड के छोटे मोटे विकास कार्य नहीं करा पा रहे हैं। पार्षद को एक साल में 6 लाख रुपए पार्षद निधि से विकास कराने के लिए दिये जाते हैं, लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सिर्फ 3 लाख रुपए ही जारी किये गए हैं।

वार्ड 23 की पार्षद नेहा साहू ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में विकास कार्य स्वीकृत नहीं हुए।

दिवंगत पार्षद को श्रध्दांजलि न देने पर पार्षद ने किया वाक आउट

मॉडल टाउन क्षेत्र के पार्षद हरिओम तिवारी ने नाराज होकर सदन से वॉक आउट कर दिया। वे दोबारा नहीं आए। हरिओम तिवारी का कहना था कि सदन में किसी का पक्ष सुना नहीं जाता है।

ये दुर्भाग्य की बात है कि उनका एक साथी उनके बीच नहीं रहा। आज सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले दिवंगत पार्षद को श्रृद्धांजलि देना चाहिये था। इसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू करना चाहिये था। तिवारी द्वारा इस मामले को उठाए जाने के बाद हंगामा हुआ और सदन की कार्रवाई बीच में रोककर दिवंगत पार्षद योगेश साहू को श्रृद्धांजलि दी गई।

पार्षदों ने कमिश्नर को घेरा

पार्षद हरिओम तिवारी ने निगम कमिश्नर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके वार्डों में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमिश्नर न तो पार्षदों की समस्याएँ सुनते हैं और न ही उन्हें चर्चा के लिये समय देते हैं। कमिश्नर के केबिन में जाने वाली महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता है और अपमानित किया जाता है। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने निगम कमिश्नर राजीव पाण्डेय पर आरोप लगाते हुए कहा कि नए कमिश्नर के कार्यकाल में क्षेत्र का विकास हुआ हो या ना हुआ हो, लेकिन निगम के अधिकारियों का विकास जरूर हुआ है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि निगम कमिश्नर ने तीन महीने में इतना काम करा डाला है, जितना पिछले तीन साल में नहीं हुआ। अब वो काम करना ही बंद कर दिये हैं। सुबह उठते हैं और अखबार में उनके एक विजिट की फोटो आ जाती है।

बार-बार हंगामे से नाराज हुए महापौर

बजट बैठक में बार बार हंगामा होता रहा। कई पार्षदों ने आरोप लगाते हुए सभापति के करीब पहुंच गए। हंगामे और बार बार टीका टिप्पणी से नाराज महापौर नीरज पाल ने बजट पर कुछ और बोलने से इंकार कर दिया। इसके बाद यह व्यवस्था बनाई गई कि सभी पार्षद एक-एक कर अपनी बात रखेंगे। इसके बाद महापौर नीरज पाल ने अपना वक्तव्य पूरा किया।

6 सौ करोड़ रुपए वास्तविक खर्च होने की संभावना है। बजट में सभी वार्डों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया है। बजट में इस्पात कांप्लेक्स, चार नई पानी टंकियों से पाइपलाइन बिछाने और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास का प्रावधान किया गया है। सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। भिलाई को आधुनिक और सुविधा संपन्न शहर बनाने के उद्देश्य के साथ बजट तैयार किया गया है।
नीरज पॉल, महापौर, भिलाई नगर निगम

बजट पूरी तरह 'काल्पनिक' है। नगर निगम की वास्तविक आय 100 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है। ऐसे में 800 करोड़ रुपये का बजट अव्यावहारिक है। बजट में शहर के विकास के लिए कोई ठोस योजना नहीं दी गई है। पेश किये गए बजट में शहर का विकास नजर नहीं आ रहा है।
दया सिंह, उपनेता प्रतिपक्ष, नगर निगम

निगम को मिली नई चेन माउंटेन मशीन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने आज निगम सभापति श्याम शर्मा, अग्निशमन विद्युत संधारण एवं यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार के साथ नए चेन माउंटेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चेन माउंटेन मशीन से नाला सफाई सहित अन्य कार्य किये जाएंगे। इस दौरान एमआईसी सदस्य, पार्षद और अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। नए चेन माउंटेन मशीन की लागत 30.50 लाख बताई गई है। उन्होंने बताया कि 30 किलोमीटर लंबाई तक नाले की सफाई होगी। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, चंद्रशेखर चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, शशी साहू, लीलाधर पाल, हर्षिका संभव जैन, साजन जोसेफ, गुलशन साहू, युवराज कुंजाम, मनोज सोनी, सरिता चन्द्राकर, सरस निर्मलकर, अजीत वैद्य, खिलावन मटियारा, मनीषा सोनी, प्रकाश गीते सहित कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, सूरज सारथी मौजूद रहें।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

दुर्ग/ नवप्रदेश। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी एवं डीएलआरसी) की बैठक जिला पंचायत दुर्ग के सभाकक्ष में 28 मार्च को शाम 5 बजे से आयोजित की गई है। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी सदस्य (बैंकर्स/शासकीय विभाग के अधिकारी) को समय पर जानकारी सहित आवश्यक रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

बीएसपी के स्टील जोन में सुरक्षा प्रतियोगिता, दो सौ श्रमिकों को दिये गए प्रशस्ति पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील जोन में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिये आयोजित सुरक्षा प्रतियोगिता का समापन समारोह कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दास गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-3) प्रमोद कुमार ने की। प्रतियोगिता में एसएमएस-2 व 3, एमआरडी, आरईडी, आरएमडी, आरसीएल, टी एंड डी विभागों के ठेका श्रमिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतियोगिता में लघु नाटिका, टूल बाक्स टॉक, सुरक्षा के दो टूक, सुरक्षा प्रश्नोतरी, प्रश्नोतरी सहित अन्य आयोजन हुए। समापन समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी) सुशील कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) सुशांत घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) प्रोसेनजीत दास, मुख्य महाप्रबंधक (आरसीएल) राहुल श्रीवास्तव, महाप्रबंधक प्रभारी (एसईडी) संजय अग्रवाल, महाप्रबंधक प्रभारी (आरएमडी) रंजन भारती और महाप्रबंधक (टी एंड डी) मनोज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार ने कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने सुरक्षा को प्रत्येक कर्मचारी की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने और कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने और सुरक्षा उपकरणों का पालन करने का निर्देश दिया। कार्यस्थल पर हमेशा सतर्क रहने की नसीहत दी, ताकि संभावित खतरों को पहचान कर दुर्घटनाएं रोकी जा सके।

मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता ने ठेका श्रमिकों की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा संबंधित जागरूकता कार्यशाला में अपनी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें और सुरक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहयोग प्रदान करें। मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-3) प्रमोद कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करें निर्धारित एसओपी/एसएमपी और सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें।

कार्यक्रम के आरम्भ में सभी अतिथियों का पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में एसएमएस-3 की विभागीय सुरक्षा अधिकारी पुष्पा एम्ब्रोस ने प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी।

जलापूर्ति सुनिश्चित करने अधिकारियों को प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। 7 वीं लघु सिंचाई संगणना और जल निकायों की दूसरी संगणना का क्रियान्वयन वर्ष 2023-24 के अभिलेखों के आधार पर पटवारियों द्वारा सम्पादित किया जाएगा। सातवीं लघु सिंचाई संगणना और द्वितीय जल निकायों की गणना के लिये आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार, और नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी को लघु सिंचाई और जल निकायों की गणना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य में लघु सिंचाई साधनों की पूर्णरूपेण गणना करने, खरीफ व रबी, मौसम में साधनवार सिंचाई क्षेत्रफल ज्ञात करने, लघु सिंचाई साधनों से होने वाली पूरक सिंचाई की जानकारी के लिये गणना की जा रही है। एडीएम अरविंद एक्का ने अधिकारियों से जल संकट को लेकर सजग रहने और गर्मी में पेयजल की आपूर्ति में कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। कोई भी क्षेत्र जल संकट से प्रभावित न हो।

रिसाली में महिला समूह ने खोला बर्तन बैंक

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। तुलसी स्व सहायता समूह रिसाली को बर्तन उपलब्ध कराए गए हैं। आजीविका मिशन कार्यालय में आयुक्त मोनिका वर्मा, विधायक प्रतिनिधि अनुपम साहू व राजू जंघेल ने महिला समूह को आज बर्तन सौंपे। वन टाइम यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद सरकार महिला समूह के माध्यम से बर्तन बैंक खुलवा रही है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से निःशुल्क बर्तन दिये जा रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि महिला समूह बर्तनों को निश्चित दर पर किराए पर देंगी। आमदनी से कुछ राशि जोड़कर वे बर्तनों की संख्या और बढ़ा सकती हैं। इससे महिलाएं को अतिरिक्त आमदनी होगी। आजीविका मिशन द्वारा उपलब्ध कराए बर्तनों का उपयोग करने लोगों को प्रेरित भी किया जाएगा।

इस मौके पर प्रभारी अभियंता गोपाल सिन्हा, सहायक परियोजना अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा, आईरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, मुकेश देशमुख, कुंजेश्वरी साहू, लता महानंद विशेष रूप से उपस्थित थे।

बिलासपुर में पीएम की आमसभा में दुर्ग जिले से शामिल होंगे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आगामी 30 मार्च को बिलासपुर के मौहा भाटा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ को 20000 करोड़ से भी अधिक विकास कार्यों की सौगात देंगे। यहां पीएम विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। विशाल आमसभा में दुर्ग जिले से भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला भाजपा कार्यालय में दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल की उपस्थिति में बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने की। बैठक में छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के ललित चंद्राकर, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन, महापौर अल्का बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, निगम सभापति श्याम शर्मा, जपं पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, जपं धमधा लीमन साहू, कुम्हारी नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, धमधा नपं अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, उतई नपं अध्यक्ष सरस्वती साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, कांतिलाल बोथरा उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि निर्धारित समय अवधि तक ज्यादा से ज्यादा संख्या में हमें पहुंचना है। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा संगठन लगातार क्रियाशील रहता है। कौशिक ने जल्द से जल्द संगठन का विस्तार करने मंडलों से कार्यकारिणी की लिस्ट प्रेषित किये जाएं। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने किया। आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री व विधायक ललित चंद्राकर ने किया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202503103000067 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक - विनोद कुमार पिता मुन्नीलाल निवासी खुर्सीपार वार्ड नं.- 48 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक की माता श्रीमति पुल्लेश्वरी पति स्व. मुन्नीलाल के नाम पर मौजा उमरपोटी प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. उतई जिनका खसरा नंबर 321 रकबा 0.420 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की माता स्व. पुल्लेश्वरी पति मुन्नीलाल का स्वर्गवास दिनांक 11/01/2025 को हो चुका है। आवेदक की माता स्व. पुल्लेश्वरी पति स्व. मुन्नीलाल अपने पुत्र विनोद कुमार पिता स्व. मुन्नीलाल के नाम पर रंजिष्टर्ड वसीयतनामा उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में 15/01/2009 ग्रंथ कमांक 322 को पंजीकृत किया गया है। आवेदक की माता के निधन पश्चात् वसीयतनामा के आधार पर वसीयत प्राप्तकर्ता विनोद कुमार पिता मुन्नीलाल के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202503103300018 /अ-56/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं. 202503103300018/अ-56 वर्ष 2024-25 आवेदिका श्रीमती धनमत बाई मुजेवार पति स्व श्री तिलक राम मुजेवार निवासी-ग्राम झोला पोष्ट तिरंगा, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका की मानसिक स्थिति एवं स्वास्थ्य हमेशा खराब रहने के कारण आवेदिका को कोटवार कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है। उक्त कारण से आवेदिका अपने नाती श्री तिलोक मुजेवार को अपने स्थान कोटवार पद पर पदस्थ किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	कौशल्या तांडी	202503100400295/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका कौशल्या तांडी आ./पति श्री राकेश तांडी निवासी उडिया बस्ती रायपुर तह.व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	192/213	0.074 हें 800 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	शबाना अंजुम	202503100400383/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शबाना अंजुम आ./पति श्री मोहम्मद हुसैन सिद्दकी निवासी कसारीडीह तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	687/756	0.0170 हें 1800 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती दीपमाला राजपूत	202503100400414/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती दीपमाला राजपूत आ./पति श्री मनोहर सिंह राजपूत निवासी सांई नगर उरला तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	829/43	0.084 हें 900 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202503103300025 /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं 202503103300025/अ-74 वर्ष 2024-25 आवेदिका श्रीमती चमेली बाई निषाद पिता स्व. नरेन्द्र कुमार, निवासी वार्ड नं. 18 ग्राम चंगोरी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने पति जा लोक निमाण विभाग (भ./स) दुर्ग संभाग दुर्ग छ.ग. में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु दिनांक 26.12.2024 को हो जाने के उपरांत वैध वारिसान नामिनी प्रमाा पत्र जारी किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर महो. जिला दुर्ग मे प्रस्तुत किया गया है, जो जांच हेतु माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत प्रकाशन

1. श्रीमती गिरजा बाई निवासी जुनवानी मॉडल टाउन तह. व जिला दुर्ग छ.ग.

आवेदक श्री मूलचंद पडोले पिता- स्व. टीकाराम पडोले उम्र- 78 वर्ष निवासी- मॉडल टाउन भिलाई जिला-दुर्ग (छ0ग0) के द्वारा ग्राम- जुनवानी प.ह.नं.-43, रा0नि0सं0- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग में स्थित खसरा नंबर- 1084/37, रकबा - 0.0100 हे0 भूमि जिसे आवेदक ने कय किया जिसका प्रमाणीकरण भी हो चुका है जिसका आदेश पत्र कमांक- रा.प्र.क. 37/अ-6/वर्ष- 2015-2016 में आदेश दिनांक- 14.01.2019 को आवेदक के नाम पर दर्ज हो गया है। किन्तु वर्तमान में राजस्व अभिलेख में विक्रेता गिरजा बाई बेवा- सरवन सावत बावत बाई जौ. सुनेर क नाम पर दर्ज होना बताया जा रहा है जिसे विलोपित कर मेरा नाम मूलचंद पडोले पिता- स्व. टीकाराम पडोले के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अग्रिम कार्यवाही हेतु उभयपक्ष को सूचित किया जाता है कि सुनवाई हेतु संबंधित दस्तावेज सहित अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, 01 जिला-दुर्ग में दिनांक 01/04/2025 को 11 बजे होगी। पेशी दिनांक मे उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं, रानी नायक आ. शंकर नायक, उम्र 25 वर्ष, निवासी-वार्ड नंबर-39, शास्त्री चौक, डिपरा पारा, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। यह कि, मेरे शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा बारहवीं में एवं राशन कार्ड में मेरा नाम रानी नायक (RANI NAYAK) दर्ज हैं तथा मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मंजु सोनी (MANJU SONI) दर्ज हैं। यह कि, मेरे शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा बारहवीं एवं राशन कार्ड में दर्ज नाम रानी नायक (RANI NAYAK) एवं मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम मंजु सोनी (MANJU SONI) मेरे एक ही महिला के हैं तथा मुझे उक्त दोनों नाम से जाना एवं पहचाना जाता हैं। जिसके आधार पर मैं अपने आधार कार्ड का नाम मंजु सोनी (MANJU SONI) के स्थार पर शैक्षणिक दस्तावेज, एवं राशन कार्ड में दर्ज नाम रानी नायक (RANI NAYAK) दर्ज करवाना चाहती हूँ तथा भविष्य में मुझे मेरा नाम रानी नायक (RANI NAYAK) अंकित/दर्ज तथा उक्त गजट प्रकाशन के माध्यम से अपने नाम सुधार कर दर्ज करवाना चाहती हूँ। जिसके संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर मैं स्वयं जवाबदार रहूँगी तथा उक्त नाम सुधार कार्यवाही बाबत् उक्त शपथ पत्र माननीय महोदय के समक्ष दस्तावेज सहित प्रस्तुत की हूँ।

शपथकर्ती
रानी नायक
निवासी-वार्ड 39 शास्त्री चौक, डिपरापारा तहसील व जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

30 मार्च को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव/नवप्रेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार चैती चांद झुलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में 30 मार्च दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रुपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वंच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

औद्योगिक मापदंडों का पालन नहीं कर रहा आईबी ग्रुप – मदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने दमदार बयान देते हुए कहा है कि मुर्गी पालन व्यवसाय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर

पहचान बन चुके राजनांदगांव का आई बी ग्रुप औद्योगिक मान दडों का बिल्कुल भी पालन नहीं कर रहा है। ना ही शासन प्रशासन द्वारा उनके खिलाफजांच और कार्यवाही की जा रही है ग्रामीण क्षेत्रों में इनके अनेक औद्योगिक ठिकाने हैं। जहां बड़े स्तर पर काम होता है। लेकिन पर्यावरण सुरक्षा मान दडों को दरकिनार करते हुए उद्योग चलाई जाने से क्षेत्र में गंभीर प्रदूषण फैल रहा है जिसे रोके जाने ना तो स्वयं उद्योग प्रबंधन प्रयत्न कर रहा है और नहीं शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है। ऐसे में जनता की परेशानी बढ़ी हुई है। जैसे कि इंदामरा प्लांट का पानी बनभेड़ी जलसाय में मिलने से चर्म रोग होने की शिकायत है। साहू ने आगे कहा कि डोगरगांव जनपद क्षेत्र के मचानपार अमलीडीह में भी प्रदूषण के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र के 10 किलोमीटर दायारे में स्वास्थ्य पर्यावरण और शिक्षा के लिए स्वीट प्रशिक्षण व वृक्षारोपण करना होता है। साथी जहां-जहां भी उद्योग धंधे हैं वहां का रोड रास्ता पूरी तरह खराब हो चुका है क्योंकि उद्योग धंधा होने से बड़ी-बड़ी गाड़ियां उसे रास्तों से गुजरती है जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने काफी तकलीफ होता है। बरहाल जिला प्रशासन का आईबी ग्रुप के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर हाथ पैर फूल रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर आईबी ग्रुप पर कार्यवाही जिला प्रशासन के द्वारा नहीं की जाती है तो कांग्रेस स्थानीय ग्रामीण जन लोगों को लेकर उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

निगम जोन 7 ने भारत माता चौक से कबीर चौक तक की कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 7 जोन कमिश्नर रमाकांत साहू के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 7 नगर निवेष विभाग ने आज जोन के तहत भारत माता चौक से कबीर चौक तक अभियान पूर्वक कार्यवाही की एवं 42 ठेले हटाये, 12 ठेले जप्त किए गये।

परम्परा-संस्कृति और त्योहारों को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी : विकास दीवान

■ रंग तेरस पर बस स्टैंड नवागढ़ में आयोजित किया गया होली मिलन समारोह

नवागढ़/नवप्रदेश। रंग तेरस के अवसर पर नवागढ़ के हृदय स्थल बस स्टैंड प्रांगण में नगरवासियों के द्वारा परम्परानुसार होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और होली के पारंपरिक फाग गीत पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान ने माँ सरस्वती एवं नंगाड़ो का विधिवत पूजन कर किया। ततपश्चात उन्होंने

शामिल सभी गणमान्य नागरिकों और युवाओं को गुलाल लगाकर रंगतेरस पर्व की शुभकामनाएं दी।

आयोजन में सभी समाज के बंधु, राजनीतिक दलों के नेता एवं नगरवासी मौजूद थे। विकास दीवान ने कहा कि होली त्योहार की एक विशेष परंपरा यह भी है कि साल भर के गिले-शिकवे भुलाकर लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। हालांकि नई पीढ़ी धीरे-धीरे इस परंपरा से दूर होती जा रही है लेकिन हमारे नगरवासियों ने प्राचीन संस्कृति एवं तीज, त्योहारों को संरक्षित रखा गया।

नवागढ़ की परम्पराएं प्रदेश में प्रचलित

उन्होंने कहा कि नवागढ़ नगर धर्म नगरी है। जहां हरेली, नवरात्र, दशहरा, महाशिवरात्रि, भोजली, चैत्र नवरात्र, जन्माष्टमी आदि त्यौहार को सभी नगरवासी मिलजुलकर महोत्सव के रूप में मनाते आ रहे है, और मनाते रहेंगे। यहाँ के आयोजन की चर्चाएं प्रदेश स्तर तक होती, लोग दूर-दूर से शामिल होने आते है। हमें नगर की परंपराओं एकजुटता एवं भव्यता से मनाना है। इन आयोजनों को राजनीति से दूर रखना है।

विकास करना भी मेरी प्राथमिकता में

नगर पंचायत अध्यक्ष सिंद्धान्त चौहान ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी नगरवासी रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर एक है। नगर के तीज-त्योहार के साथ-साथ विकास करना प्राथमिकता है। जो भी विकास को अवरुद्ध करने में लगे हैं उनकी कोशिश नाकाम होगी। मेरे साथ नगर का एक-एक व्यक्ति का आशीर्वाद है। इस दौरान पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, बहोरन सिंह ठाकुर, रामनाथ ध्रुव, रामप्रसाद सिन्हा, विनोद मिश्रा, नंद गुप्ता, सुरेश निषाद, गुनी रजक, पंचू यादव, तातु यादव, राजा गुप्ता, मंगल सिंहा, बलिराम सिंहा, लल्लू लोहार, कन्हैया भोई, चिंता ध्रुव, मुन्ना यादव, जित्ते रजक, दिनेश चौहान, तनु दीवान, भागवत सोनकर, रामकुमार निषाद, सूरज टोन्द्रे, राकेश यादव, राजेन्द्र यादव, शंकर सोनकर, राजेश निषाद, गणेश निषाद, राजा सोनकर सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी निकाय और जनपद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, भाजपा समर्थित जनपद और जिला पंचायत के सदस्य तथा वॉर्ड पार्षदो को शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्र के विकास के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का आव्हान किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू और राम कुमार साहू मौजूद रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने उत्कृष्ट कार्य, कड़े परिश्रम और क्षेत्र के विकास से पहचान बनाएं। पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के लोग हैं। यह काम करने का स्वर्णिम समय है। जनप्रतिनिधि होने के नाते सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी रखें

और जनता को लाभान्वित करें। जनता की समस्या सुने और उसे दूर करे।

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के कारण जिले में भाजपा की अभूतपूर्व जीत हुई है। अभूतपूर्व जीत के बाद हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के समर्पित होकर काम करे। उन्होंने समझाइश भी दी कि चुनाव के बाद भी जनता से जुड़ाव बनाए रखें। विनम्र व्यवहार करें। आपके व्यवहार में किसी तरह का परिवर्तन नहीं आना चाहिए।

इस दौरान संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओ का जमीनी स्तर पर इनका सही क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं? यह परखना और जरूरतमंदों को लाभ दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। आम जनता के लिए क्या बेहतर कर सकते हैं, इस पर काम करना होगा।

प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया है।

इसके पहले जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिले में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। जिले की 6 में से 4 निकायों में भाजपा की सरकार बनी है। जिला पंचायत गरियाबंद सहित सभी पांच जनपदों में भाजपा समर्थित अध्यक्ष बने हैं। अधिकांश में उपाध्यक्ष भी भाजपा के हैं। इसका श्रेय वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया। सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने किया। प्रमुख रूप से बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, कुंजबिहारी बेहरा, मिलेश्वरी साहू सहित सभी जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, राजिम, छुरा, कोपरा, गरियाबंद निकाय के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, सभी जनपद सदस्य, सभी जिला पंचायत सदस्य, सभी निकाय के पार्षद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।।

सुबह नगर भ्रमण में निकले महापौर और कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रेश। निगम सीमाक्षेत्र मे शासन द्वारा स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन करने स्थल निरीक्षण हेतु महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल विभागीय अधिकारियों के साथ आज शहर भ्रमण किये। भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, एस.डी.एम. खेमलाल वर्मा तथा तहसीलदार मनीष वर्मा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में विभिन्न योजनाए संचालित की जाती है, जिसका लाभ जनता को देने उसका क्रियान्वयन आवश्यक होता है। इसी प्रकार नागरिकों की सुविधा के लिये विभिन्न घोषणाए भी सरकार द्वारा की जाती है। उन्ही घोषणाओ को धरातल में पूरा करने आज महापौर यादव एवं कलेक्टर अग्रवाल विभागीय अधिकारियों के साथ निगम सीमाक्षेत्र में भूमि की उपलब्धता देखने सुबह निकले। महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिये विभिन्न घोषणाए की गयी है, जिसका धरातल में क्रियान्वयन करने आज स्थल चयन किया जा रहा है। योजनाओ में हॉकी एकेडमी, नालंदा परिसर, सर्वसुविधायुक्त आडिटोरियम निर्माण, थोक मार्केट जैसे अन्य कार्य के लिये स्थल चयन कर निर्माण किया जाना है, ताकि निर्माण उपरांत माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मंशानुरूप राजनांदगांव की जनता को लाभ मिल सके।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि योजना की स्वीकृति अनुसार स्थल चयन करना है और मापदण्ड के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाना है। उन्होंने राजस्व, राजगामी एवं नगर निगम के अधिकारियो से कहा कि निकाय क्षेत्र में आपके विभाग के अधीन शहर की रिक्त भूमि की सम्पूर्ण जानकारी नक्शा खसरा सहित प्रस्तुत करे, जिससे योजना को मूर्त रूप दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खांडे, प्र.सहायक अभियंता श्री वसीम खान सहित नगर निगम, राजस्व एवं राजगामी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कबीर के बताए मार्ग में चलने व गुरु भक्ति से ही इस भवसागर से बेड़ा पार होगा, सद्गुरु ही मुक्ति के द्वार – सुलक्षणा माता

टेड़ेसरा/नवप्रदेश।-प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम तोरण कट्टा में सदुरु संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा धर्मनगर दामाखेड़ा से पूजनीय आमीन माता स्वरूप सुलक्षणा माता साहिबा का आगमन हुआ।

माता साहिबा ने सदगुरु कबीर साहेब के बताए मार्ग में चलने एवं गुरु भक्ति अपने सदुरु के प्रति दृढ़ विश्वास रखना चाहिए। सदगुरु कबीर साहेब जी मुक्ति के द्वार है। इस 84 लाख योनि को भटक कर यह मानव जीवन जो मिला है मुक्ति के लिए है यह शरीर परमात्मा ने पांचतत्व से निर्माण किया। तभी तो सदुरु कबीर साहेब कहते हैं मोको कहां ढूंढेरे बंदे ,मैं तो तेरे पास में ,ना काशी ना कैलाश में।

खाने का तात्पर्य यह है कि इस शरीर रूपी हृदय में साक्षात परमात्मा का वास है। जिस प्रकार से मृग कस्तूरी के लिए वन वन भटकती है। जबकि यह कस्तूरी मृग के अंदर ही रहती है। इस भवसागर से पार होना है तो सतगुरु के शरण में अपना तन मन धन सब नव छावर करना पड़ेगा।सदगुरु कबीर साहेब इसीलिए कहते हैं। सांचा शब्द कबीर का, सुनकर लागे आग । अज्ञानी तो जल मरे, ज्ञानी जाये जाग। सदगुरु कबीर साहेब खरा खरा सत्य बोलने वाले आंखें से आंखें मिलकर वही बात कर सकता है। जो लोगों की भलाई के लिए खरा बोलने की क्षमता रखें। सतगुरु कबीर साहेब ही मुक्ति के द्वारा है।

10 मार्च से 2 अप्रैल तक शिविर में होगा पेंशन भुगतान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2024 एवं जनवरी 2025 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डों में 10 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 29 मार्च को गुरू गोविन्द सिंह वार्ड नं. 23 के लिये सिंधु भवन लालबाग में, शीतला माता वार्ड नं. 24 के लिये पुत्रीशाला में व सूर्यमुखी वार्ड नं. 25 के लिये सत्यनारायण धर्मशाला में, 1 अप्रैल को सुभाष वार्ड नं. 26 व तिलक वार्ड नं. 27 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा में, विवेकानंद वार्ड नं. 28 के लिये मठपारा सामुदायिक भवन में, कैलाश वार्ड नं. 29 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में व सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं. 30 के लिये शंकर नगर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सामुदायिक भवन में एवं 2 अप्रैल को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 सेठीनगर वार्ड नं. 36 के लिये यादव भवन गौठान लखोली में, लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली में तथा कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है।

महापौर मधुसूदन ने किया वार्डों का निरीक्षण, अफसरों को दिए निर्देश

आयुक्त ने भी वार्ड नं. 45 की कालोनियों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव निगम सीमा क्षेत्र के वार्डों में जाकर नागरिको से रूबरू हो मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के संबंध में चर्चा कर उनकी समस्या से अवगत हो रहे है और उनसे नगर विकास के लिये सुझाव भी ले रहे हैं। आज उनके द्वारा निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, पार्षद सतीश मसीह एवं निगम के अधिकारियों के साथ नेहरू नगर पहुंच वहा के रहवासियो से मुलाकात किए। नेहरू नगर वासियों ने कालोनी की समस्याओ एवं कार्यो के बारे में महापौर यादव को जानकारी दिए। इसी प्रकार आयुक्त अतुल विश्वकर्मा भी सफाई निरीक्षण की कडी में आज वार्ड नं. 45 के कालोनियों का निरीक्षण कर साफ सफाई एंव अन्य कार्यो के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किए।

महापौर यादव सुबह नेहरू नगर पहुँच कालोनी के सभी सडको मे घुम कालोनीवासियों से मुलाकात किये। कालोनीवासियो ने उनका स्वागत कर कालोनी मे कराये जाने वाले कार्य तथा समस्याओ के संबंध में उन्हें अवगत कराया। महापौर यादव ने कालोनीवासियों की मांग पर कालोनी के गेट के सामने पुलिया निर्माण, रोड निर्माण तथा उद्यान बनाने के अलावा ट्रांसफार्मर को सिफ्ट करने आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि कालोनी के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करना है और साफ -सफाई, बिजली आदि की समस्या का यथासंभव निराकरण करना है।

इसी प्रकार आयुक्त विश्वकर्मा वार्ड नं. 45 के कालोनियों का निरीक्षण कर पं.दीनदयाल कालोनी में रिक्त भूमि पर उद्यान बनाने प्रस्ताव तैयार करने कहा। इसी प्रकार खण्डेलवाल कालोनी मे उद्यान मरम्मत करने, बोरिंग मरम्मत करने तथा गणपति विहार कालोनी में नाली मरम्मत संबंधी कार्य का निराकरण करने तकनीकि अधिकारी को निर्देशित किये। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि कालोनियों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये और घर घर कचरा संग्रहण कर यूजर चार्ज की नियमित वसूली की जावे।

पेज 1 का शेष

भारत हुआ मालामाल...

घरेलू उत्पाद या जीडीपी के मामले में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना से भी अधिक कर लिया है।

जापान इसी साल होगा पीछे

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जापान को पीछे छोड़ने के कगार पर है। जापान की जीडीपी वर्तमान में 4.4 ट्रिलियन डॉलर है और भारत 2025 की तीसरी तिमाही तक उस आंकड़े को पार कर जाएगा। अगर विकास की औसत दर इसी तरह जारी रही, तो भारत 2027 की दूसरी तिमाही तक जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा। जर्मनी अभी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जर्मनी की जीडीपी वर्तमान में 4.9 ट्रिलियन डॉलर है।

सबसे अमीर देश...

है कि मार्च, 2025 तक, अमेरिका का राष्ट्रीय ऋण 36.22 ट्रिलियन है, जबकि सितंबर, 2024 तक चीन का राष्ट्रीय ऋण 2.52 ट्रिलियन है। इसकी तुलना में, सितंबर, 2024 तक भारत का कुल ऋण 712 बिलियन है।

बेरोजगारी दर 4.8 से घटकर...

हो गई। सरकार ने ये आंकड़ा हर साल होने वाले क्क्वद्बद्वश्सद्ध स्द्ग्रश्वह्म् स्नश्चह्व स्ह्वह्म्1द्ग4 को आधार बनाकर दिया है।

यूपी का आंकड़ा भी यही कह रहा

यही हाल देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य में बेरोजगारी दर 2016-17 में 19 प्रतिशत थी, जो आज घटकर तीन प्रतिशत पर आ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय कमी आई है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और अब उत्तर प्रदेश एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गईं, एमएसएमई क्षेत्र में दो करोड़ से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़े और 50 लाख युवाओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन देकर डिजिटल सक्षम बनाया गया।

पीएम के भाषण का कंटेंट...

कि यह कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। 15 दिन पहले ईडी ने छापा मारा था, अब सीबीआई आ गई। उन्हें पहले से पता था कि कुछ मिलने वाला नहीं है। जब ईडी कुछ नहीं निकाल पाई तो सीबीआई भी सिर्फ फोटोकॉपी पर साइन करवाकर ले गई। उन्होंने आगे कहा सीबीआई ने मेरी सभी प्रॉपर्टी और जमीन के ओरिजनल दस्तावेज ले लिए। ये वही प्रॉपर्टी है जिसकी पहले रमन सिंह सरकार ने जांच कराई थी, फिर ईडी ने और अब सीबीआई कर रही है। अगर कुछ गलत होता तो पहले ही सामने आ चुका होता।

ये सिर्फचुनावी राजनीति के तहत किया जा रहा है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, शिव डहरिया, विकास उपाध्याय समेत वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा छत्तीसगढ़ में 50 स्थानों समेत मेरे और देवेन्द्र यादव के घर सीबीआई के छापे पड़े। 2022 में महादेव सट्टा ऐप की जानकारी सामने आई। एसपी कलेक्टर कांफ्रेंस में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। 200 गिरफ्तारी हुई, 2 हजार से अधिक खाते सीज हुए और 160 से अधिक मोबाइल जब्त किए गए।

महादेव सट्टा एप पर कार्रवाई हमने की : हमने सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल की गिरफ्तारी की मांग की। अब वे दुबई में पं. प्रदीप मिश्रा के जजमान बन गए हैं। दुबई के कांसुलेट ने भी आरटीआई में गिरफ्तारी से नकार दिया। सौरभ चंद्राकर के दूसरे देश की नागरिकता की भी जानकारी आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा-महादेव सट्टा ऐप पर कार्रवाई हमारी सरकार ने की, जिन अफसरों ने कार्रवाई की उनके खिलाफकार्रवाई की गई।

ईडी के बाद अब सीबीआई की कार्रवाई : बता दें कि 10 मार्च को महादेव सट्टा एप मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जांच की थी, लेकिन अब सीबीआई ने इस मामले को अपने हाथ में लेते हुए बुधवार को रायपुर, भिलाई सहित प्रदेशभर में 24 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर और भिलाई स्थित निवासों में छापा मारा और उनके काफिले की जांच भी करते नजर आए। वहीं भूपेश बघेल के करीबी लोगों के घरों पर भी छापे मारे।

सट्टा एप बंद करने ....

और पकड़ा गया था। जिस गाड़ी को पकड़ा गया वह भाजपा के नेता की थी। असीम दास, सौरभ चंद्राकर की फोटो भाजपा नेताओं के साथ है। भाजपा सरकार ने महादेव सट्टे के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

छापे को बताया ...

कार्यकर्ताओं ने सीबीआई की टीम को बड़े बैग लेकर जाते देखा लेकिन उनकी मांग पर भी बैग उन्हें नहीं दिखाया गया। मीडिया को दिखाने के लिए शासकीय आवास की छत पर भी मैटल डिटेक्टर लेकर नाटकीयता पैदा करने की कोशिश हुई। यह मेरे खिलाफ कोई षडयंत्र दिखता है। मेरे भिलाई स्थित निवास पर कार्रवाई के दौरान कोई महिला अधिकारी नहीं थी, जबकि मेरे घर पर मेरी धर्मपत्नी के अलावा बहू और बेटियां भी मौजूद थीं। सुना है कि किसी भी जगह महिला कर्मी नहीं गईं थीं। यह मानवाधिकार हनन का और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के उल्लंघन का मामला है।

पं. प्रदीप मिश्रा से पूछताछ ...

ऑनलाइन गेमिंग कानून के तहत क्यों कार्रवाई नहीं कर रही है।

101 म्यूल अकाउंट धारक...

कर रेंज साइबर थाना को जांच एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था. इस पर साइबर क्राइम पोर्टल में 1100 से अधिक म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की गई. रायपुर रेंज के थाना टिकरापारा, सिविल लाइन, गंज, कोतवाली, आजाद चौक में अपराध पंजीकृत कर अग्रिम विवेचना के लिए रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई थी. विवेचना कार्यवाही में साइबर क्राइम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए ट्रांजैक्शन, एक ही व्यक्ति के अधिक बैंक अकाउंट एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने, अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया गया।

तीन राज्यों में 7 और ...

गए हैं। विज्ञप्ति के अनुसार पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के तीन अपर न्यायाधीशों सुमीत गोयल, सुदीप्ति शर्मा, तथा सुश्री कीर्ति सिंह को इस न्यायलय में स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायायल में कार्यरत अपर न्यायाधीश सचिन सिंह राजपूत, राधाकिशन अग्रवाल और संजय कुमार जायसवाल को इसी न्यायालय में एक वर्ष की अवधि के लिए पुनः इसी पद पर नियुक्त किया गया है।

ट्रम्प के टैरिफ लगाने का...

विषयक विधेयक 2025 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि किसी भी विधेयक में संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों का विचार किया जाना चाहिए और हमें देखना चाहिए कि लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं हो। उन्होंने कहा कि यदि संविधान से मौलिक अधिकारों को निकाल दिया जाये तो उसकी अंतरात्मा मर जाएगी।

लोकसभा में उठी शेयर बाजार ....

पार्टी के लक्ष्मी कांत पप्पू ने संत कबीर नगर जिले में सड़कों की बदहाल स्थिति की ओर से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया और सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की। भाजपा की मंजू शर्मा ने राजस्थान में भारतीय खेल प्राधिकरण के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित करने की मांग। उन्होंने कहा इसके खुल जाने से राज्य के युवा खेलों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे और वे राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे।

प्रदर्शन के जरिए दबाव बनाने के इस सियासी ड्रामे से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दूरी बनाए रखी : अनुराग अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि मुद्दाविहीन कांग्रेस सीबीआई की जांच प्रक्रिया में सहयोग करने के बजाय लगातार संवैधानिक जाँच एजेंसियों के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करके प्रदेश को अराजकता के गर्त में धकेलने पर आमादा नजर आ रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस का प्रदर्शन व पुतला दहन पूरे प्रदेश में नहीं हो पाना कांग्रेस की राजनीतिक दुर्दशा का स्पष्ट संकेत है, क्योंकि प्रदर्शन और पुतला दहन के जरिए दबाव बनाने के इस सियासी ड्रामे से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दूरी बनाए रखी।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि दरअसल, कांग्रेस की भूपेश सरकार के कार्यकाल में बड़े नेताओं और सत्ता के गलियारों में लगातार परिक्रमा व चरण वंदना करने वालों ने ही सारी मलाई चट की थी और कांग्रेस का आम कार्यकर्ता इतना उपेक्षित रहा कि न तो सत्ता में उसकी कोई भागीदारी तय हुई और न ही संगठन के स्तर पर उनकी पीड़ा के प्रति जरा भी संवेदना प्रदर्शित की गई। यह

स्थिति पूरे प्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल में रही। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के मंचों पर अपनी पीड़ा साझा की तो उल्टे कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं के आत्म-सम्मान को सरेआम स्लीपर सेल और सत्ता-सुख व सुविधाभोगी बताकर लहूलुहान करने का काम किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज जब सीबीआई के छापे पड़े हैं तो वे कार्यकर्ता कांग्रेस नेताओं के बिगड़े बोल का हिसाब चुकता कर पूरे प्रदेश में इस आंदोलन से दूर ही रहे।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्री अग्रवाल ने कहा कि सीबीआई जांच को लेकर कांग्रेस दोहरे चरित्र का प्रदर्शन कर रही है। जब प्रदेश में भूपेश सरकार थी, तब सीबीआई को प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया था और सत्ता से उखाड़ फेंके जाने के बाद कांग्रेस के नेता घोटालों के अनेक मामलों में सीबीआई जांच की मांग करने लगे और इनमें पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भी शरीक हैं। अभी विधानसभा के बजट सत्र में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित कांग्रेस विधायकों ने फिर सीबीआई जाँच की मांग की और जाँच नहीं होने पर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री से इसकी शिकायत करने की चेतावनी तक दी। अग्रवाल ने हैरत जताई कि अब जबकि सीबीआई की जाँच प्रक्रिया चल रही है तो कांग्रेस के नेताओं में बदहवासी दिख रही है! कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता स्तर के लोग सारी मर्यादाएँ लांघकर सीबीआई अधिकारियों का रास्ता रोकने, उन्हें अपने काम से रोकने और उनके बैग छीनने तक की कोशिश करके आखिर क्या साबित करना चाह रहे हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव का बघेल की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर करारा पलटवार

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय

श्रीवास्तव ने कहा है कि महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई के छापों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चाहे जितना मिथ्या प्रलाप कर लें, प्रदेश की जनता अब उनके झूठे प्रपंचों के झाँसे में नहीं आने वाली है। श्रीवास्तव ने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में तो बघेल ने सीबीआई को प्रतिबंधित कर रखा था। यदि उनकी नीयत साफ थी तो मुख्यमंत्री रहते हुए ही बघेल यह मामला सीबीआई को सौंप देते। जब सत्ता हाथ से चली गई तब वह इस मामले की सीबीआई से जाँच की मांग करने लगे।श्री श्रीवास्तव ने कटाक्ष किया कि अब सीबीआई जाँच कर रही है तो दबाव बनाने के लिए सारे हथकण्डे अपना रहे हैं। महादेव सट्टा एप मामले में जिस तरह बघेल ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार पर ठीकरा फोड़ने की नाकाम कोशिश की है, वह नितांत हास्यास्पद और उनके मानसिक असंतुलन का परिचायक है।

सीबीआई बुलाने की रट लगाने वाली कांग्रेस अब घबरा क्यों रही है : केदार गुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो कांग्रेस नेता विधानसभा में दहाड़ दहाड़ कर भारतमाला प्रोजेक्ट में सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे, अब वही नेता महादेव आनलाइन सट्टा मामले में उसी सीबीआई के छापों को लेकर हायतौबा मचा रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि एक तरफ तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत भरतमाला प्रोजेक्ट में कथित गड़बड़ियों को लेकर सीबीआई जांच की मांग करते हैं दूसरी तरफ महादेव एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कुछ आईपीएस अधिकारियों पर उसी सीबीआई के छापों पर ऐतराज़ जताते हैं। ये कैसा दोगलापन है? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अगर एजेंसियां गुपचुप जांच करें तो कांग्रेसियों के पेट में मरोड़ होती है और अगर खुलेआम छापे मारे जाएं तो भी कांग्रेस नेताओं को आपत्ति होती है। अगर कांग्रेस पार्टी में जरा भी नैतिक साहस है तो उसे आगे बढ़कर न्याय और सत्य के हित में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी जॉच में सहयोग करना चाहिए । श्री गुप्ता ने सवाल किया कि उन्हें समझ में नहीं आता कि कांग्रेस आखिर चाहती क्या है? वह इतने भ्रम और परदोष-दर्शन की शिकार क्यों है? कांग्रेस के नेता क्यों नहीं चाहते कि महादेव एप, कोयला, और शराब घोटाले की उचित जांच और कार्रवाई के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में शुचिता की स्थापना हो? आखिर कांग्रेस को भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाये गए हर कदम पर आपत्ति क्यों होती है?

सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज आज सौंपेगा ज्ञापन

बिलासपुर। देश के महान शूरवीर क्षत्रिय कुल गौरव राणा सांगा जी के व्यक्तित्व के बारे में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा आपत्तिजनक बयानबाजी किया गया है। जिससे क्षत्रिय समाज में काफी आक्रोश है। सपा सांसद के बयान के विरोध में सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज बिलासपुर (छ.ग) के द्वारा एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई हेतू कल एसपी ऑफिस में ज्ञापन दिया जाएगा।

महादेव एप...7 महीने प्लानिंग के बाद रेड

प्रोटेक्शन-मनी लेने-देने वाले ही टारगेट पर, प्रमोटर्स ने कमाए 6 हजार करोड़, सिंडिकेट के 31 मेंबर रडार पर

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा ऐप केस में सीबीआई ने प्रोटेक्शन मनी लेने और देने वालों के करीब 60 ठिकानों पर एक साथ रेड की। इसमें सौम्या चौरसिया, सूरज कश्यप, आईपीएस आरिफ शेख, अभिषेक पल्लव, आनंद छाबड़ा, प्रशांत अग्रवाल और विजय भाटिया समेत 17 लोगों के नाम शामिल हैं।

ईओडब्ल्यू की चार्जशीट के मुताबिक अफसरों तक उनके जूनियर पैसा पहुंचाते थे। वहीं इस सिंडिकेट में शामिल 31 संदेहियों को जांच के दायरे में अबतक नहीं लिया गया है। सीबीआई सूत्रों का कहना है, कि आने वाले दिनों में छूटे संदेहियों के खिलाफ भी एक्शन होगा।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी की टीम ने 7 महीने ईओडब्ल्यू की चार्जशीट की पड़ताल की, इसके बाद एक साथ छत्तीसगढ़, दिल्ली, एमपी और पश्चिम बंगाल में छापा मारा। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक प्रमोटर्स ने 6 हजार करोड़ रुपए कमाए हैं। महादेव सट्टा ऐप सिंडिकेट में कौन-कौन शामिल था, अब तक सिंडिकेट के किन सदस्यों के घर टीम जांच करने नहीं पहुंची है, पढ़िए इस रिपोर्ट में ?...

एक साथ ईडी की रेड की ये है कहानी

दरअसल, ईओडब्ल्यू ने 19 अप्रैल 2024 को महादेव सट्टा ऐप की कार्रवाई का कोर्ट में चालान पेश किया था। ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला कि सिंडिकेट के सदस्य हर महीने 450 करोड़ कमाते थे। सिंडिकेट के सदस्यों की यह कमाई लॉकडाउन के बाद की थी। सिंडिकेट में 4 हजार से ज्यादा लोग जुड़े थे। देशभर में इसकी 400 से ज्यादा ब्रांच संचालित हो रही हैं। इसके बाद 26 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने महादेव ऐप केस की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई ने इस केस की जांच शुरू की। ईओडब्ल्यू की जांच और चालान को केस का आधार बनाया। सीबीआई के अफसरों ने 7 महीने तक जांच की। इसके बाद 17 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। 26 मार्च की सुबह से CBI की रेड देर रात तक चलती रही।

जिन पर पैसे लेने के आरोप हैं, उनके नाम और पैसा पहुंचाने वालों को जानने के लिए इस ग्राफिक्स से गुजर जाइए...

सर्राफा कारोबारी की मदद से पहुंची प्रोटेक्शन मनी

वहीं ईओडब्ल्यू की जांच के मुताबिक महादेव बुक के प्रमोटर्स ने राजनेता, ब्यूरोक्रेट्स और पुलिस अधिकारियों तक प्रोटेक्शन मनी (कार्रवाई से बचने के लिए पैसा) पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ के सर्राफा कारोबारी की मदद ली।

इसमें पता चला है कि श्री आभूषण ज्वैलर्स के मालिक सुनील कुमार दम्मानी को हवाला के जरिए प्रोटेक्शन मनी पहुंचती थी। इसे वह चंद्रभूषण वर्मा, राहुल वक्टे के माध्यम से कलेक्ट करता था। इस काम में रितेश कुमार यादव और किशन लाल वर्मा भी मदद करते थे। सिंडिकेट में शामिल 30 संदेहियों को जांच के दायरे में अबतक नहीं लिया गया है।

अब जानिए, महादेव बुक में किस तरह खिलाते थे ऑनलाइन सट्टा

महादेव बुक के प्रमोटर ऑनलाइन सट्टा खिलाने का काम पैनल ऑपरेटर के जरिए करते हैं। फ्रेंचाइजी मॉडल के आधार पर पैनल/ब्रांच देकर पैनल ऑपरेटर बनाए गए हैं। हर पैनल ऑपरेटर को एक मास्टर आईडी दी जाती है। इसके बाद शुरू होता था ऑनलाइन सट्टे का प्रोसेस।

जब किसी को पैनल/ब्रांच ऑपरेटर बनना होता है, तो वो किसी रेफरेंस से महादेव बुके के हेड ऑफिस मैनेजमेंट के वॉट्सऐप नंबर पर रिक्वेस्ट मैसेज करता है।

मैनेजमेंट का रिप्लाई आने पर ऑपरेटर पैनल चाहने वाला शख्स वॉट्सऐप मैसेज अथवा कॉल के माध्यम से संपर्क करता है। पैनल /ब्रांच ऑपरेटर बनाने के नाम पर मैनेजमेंट की ओर से 25-30 लाख रुपए जमा करवाया जाता है। पैसा जमा होने और उसकी डिटेल मिलने के बाद मैनेजमेंट संबंधित व्यक्ति को लॉगिन एवं वेबसाइट आईडी व पासवर्ड देता है।

वॉट्सएप ग्रुप से दी जाती है तकनीकी जानकारी

पैनल और हेड ऑफिस का संयुक्त वॉट्सऐप ग्रुप बनाया जाता है। इस वॉट्सऐप ग्रुप में पैनल ऑपरेटर, पैनल ऑपरेटर के अधीन काम करने वाले एजेंट, अकाउंट ग्रुप के सदस्य, चेकर्स एवं हेड ऑफिस से जुड़े सदस्य रहते है।ग्रुप में हेड ऑफिस से जुड़े सदस्य पैनल ऑपरेटर को साप्ताहिक सेटलमेंट और तकनीकी जानकारी देते है।

पैनल ऑपरेटर के पास होती है मास्टर आईडी

इस आईडी से ऑपरेटर अपने कस्टमर के लिए खुद आईडी बनाता है या अपने कर्मचारियों से बनवाता है। सेटलमेंट की राशि अकाउंट में दी जाती है। एक अकाउंट ग्रुप में 300-500 पैनल ऑपरेटर जुड़े रहते हैं। पैनल ऑपरेटर अपने होने वाले लाभ का 30 प्रतिशत रखकर शेष पैसा संबंधित अकाउंट ग्रुप को देता है।

जानिए, ईडी ने इस केस में क्या कहा और किया ?

ईडी करीब 16 महीने से महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान श्ष्ठ ने आरोप लगाया था कि सिंडिकेट को संरक्षण देने के वालों में उच्च पदस्थ राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं। श्ष्ठ के अनुसार, इस मामले में करीब 6,000 करोड़ रुपए की आय का अनुमान था।

शेयर बाजार में निवेश किया पैसा

ईडी, ईओडब्ल्यू के अलावा महादेव एप केस में सीबीआई भी जांच कर रही है। श्ष्ठ की चार्जशीट में खुलासा हुआ कि महादेव सट्टा ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और शुभम सोनी ने सट्टेबाजी की काली कमाई को सफेद करने शेयर मार्केट में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है। इसी की जांच भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) कर रही है।

प्रमोटरों ने फर्जी शैल कंपनियां बनाई गईं

शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए प्रमोटरों ने फर्जी शैल कंपनियां बनाई। इसमें ज्यादातर कंपनियां विदेशी दिखाई गई, ताकि किसी को शक न हो। श्ष्ठने हवाला कारोबारी गिरीश तलरेजा और सुरेश चोखानी के गिरफ्तारी के 60 दिन बाद पिछले हफ्ते ही 252 पन्नों का पूरक परिवाद और 2200 पेज के दस्तावेज पेश किए थे।

70 से 76 हजार हो जाएगा स्टाइपेंड हॉस्टल का किराया भी होगा कम!

रायपुर। मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर ने सरकार को डीकेएस पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च सेंटर में अध्ययनरत एमसीएच छात्रों के लिए हर महीने 70 से 76 हजार रुपए स्टायपेंड का प्रस्ताव भेजा है. हालांकि, एमसीएच छात्रों ने इसे कम बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर स्टायपेंड बढ़ाने की मांग की है. दरअसल, प्रदेश में सुपर स्पेशलिटी डॉक्टरों के लिए अलग से कोई कैडर नहीं है, जिस कारण उन्हें सामान्य स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तरह वेतन और स्टायपेंड दिया जा रहा है. वर्तमान में, एमसीएच छात्रों को एमडी-एमएस जैसे 67,500 से 74,600 रुपए मासिक स्टायपेंड मिल रहा हैं. कमिश्नर ने पेइंग वार्ड के किराए को 5 हजार से घटाकर 2,500 रुपए करने का भी प्रस्ताव रखा है. डीकेएस अस्पताल में पेइंग वार्ड को हॉस्टल के रूप में परिवर्तित किया गया है. छात्रों का कहना है कि अन्य राज्यों में एमसीएच छात्रों को ज्यादा स्टायपेंड मिल रहा है. जैसे, मध्यप्रदेश में 77 हजार, महाराष्ट्र में 95 हजार, गुजरात में 1 लाख से 1.12 लाख और उत्तरप्रदेश में 1.27 से 1.33 लाख रुपए तक स्टायपेंड दिया जा रहा है.

प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, 35 लोग घायल

जशपुर। जिले के मयाली में चल रही पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा सुनने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में पिकअप में सवार 35 लोगों को चोटें आई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया. यह घटना कुनकुरी थाना क्षेत्र के हर्राडांड़ की है. बताया जा रहा है कि चालक पिकअप वाहन को तेजी से चला रहा था. इसके चलते गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई. घटना के बाद चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है.

तार मिस्त्री परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रति वर्ष की तरह तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2025 में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक है। तार मिस्त्री परीक्षा के लिए बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा, एवं सक्ती जिले के इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक प्रथम तल यूडीएम हास्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदण्ड बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर परीक्षा के संबंध में जानकारी एवं निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

आम-सूचना

ने अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार राम आसरे साहू (RAM AASRE SAHU) पिता गया प्रसाद साहू उम्र 39 वर्ष निवासी रिसाली बस्ती शासकीय प्राईमरी स्कूल के पीछे, रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ. ग. रहने वाला हूँ, मेरे पक्षकार की पुत्री अंकिता साहू के स्कूल शारदा विद्यालय रिसाली के दाखिल खारिज एवं शालेय अभिलेख से मेरे पक्षकार का नाम राम आसरे साहू (RAM AASHRE SAHU) है, तथा मेरे पक्षकार की पुत्री का प्रवेश आर.टी.ई. के माध्यम से शारदा विद्यालय रिसाली में हुआ है। यह कि मेरे पक्षकार के नाम का सही स्पेलिंग (RAM AASRE SAHU) है, जो कि मेरे पक्षकार के आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मेरे पक्षकार की पुत्री अंकिता साहू के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र मे दर्ज है, जो कि सही एवं सत्य है। यह कि मेरा पक्षकार अपनी पुत्री के शालेय अभिलेख मे अपना नाम सही नाम (RAM AASRE SAHU) दर्ज करवाना चाहता है।

अत: इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार को उनके पूर्ण नाम राम आसरे साहू (RAM AASRE SAHU) से लिखा पढा व जाना पहचाना जावेगा। तदानुसार सूचना जाने।

शपथकर्ता
राम आसरे साहू
पिता गया प्रसाद साहू
निवासी रिसालीबस्ती शासकीय प्राईमरी स्कूल के पीछे, रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ता फखरूद्दीन पिता अब्दुल गफूर उम्र-47 वर्ष निवासी मकान नं. 178/के, यतीम खाना, फरीद नगर, इमाम बाड़ा चौक, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन करता हूं कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरी पुत्री के समस्त अंकसूची व शैक्षणिक दस्तावेजों में पुत्री का नाम AYASHA (आयशा) दर्ज है। यह कि मेरे पुत्री के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का सही एवं पूरा नाम AYESHA FATIMA (आयशा फातिमा) दर्ज है। यह कि AYASHA (आयशा) एवं AYESHA FATIMA (आयशा फातिमा) दोनो नाम एक ही का है जो मेरी पुत्री का नाम है। यह कि मैं अपने पुत्री के समस्त अंकसूची व शैक्षणिक दस्तावेजों व भविष्य के समस्त दस्तावेजों में पुत्री का सही एवं पूरा नाम AYESHA FATIMA (आयशा फातिमा) को दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र गजड प्रकाशन के लिये श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
फखरूद्दीन
निवासी मकान नं. 178/के, यतीम खाना, फरीद नगर, इमाम बाड़ा चौक, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता फखरूद्दीन पिता अब्दुल गफूर उम्र-47 वर्ष निवासी-मकान नं. 178/के, यतीम खाना, फरीद नगर, इमाम बाड़ा चौक, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन करता हूं कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों व आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र व अन्य समस्त दस्तावेजो में मेरी पुत्री का नाम HAJRA BEE (हाजरा बी) दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम HAJRA (हाजरा) है।

यह कि HAJRA BEE (हाजरा बी) एवं HAJRA (हाजरा) दोनो नाम एक ही का है जो मेरी पुत्री का ही नाम है।

यह कि मैं अपने पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों व भविष्य के समस्त दस्तावेजों में अपने पुत्री का सही नाम सिर्फ HAJRA (हाजरा) को दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र गजड प्रकाशन के लिये श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
फखरूद्दीन
निवासी मकान नं. 178/के, यतीम खाना, फरीद नगर, इमाम बाड़ा चौक, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता GIRIJ BAI (रूपेश टांक) पिता स्व. चिरंजीव लाल टांक उम्र 47 वर्ष निवासी-भिलाई आईस एण्ड कोल्ड इस्टोरेज, सुपेला भिलाई, तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड व कक्षा 10वीं अंकसूची में पुत्री का नाम PAYAL TAANK (पायल टांक) दर्ज है। यह कि, मेरी पुत्री के कक्षा 11वीं अंकसूची में पुत्री का नाम TAANK PAYAL RUPESH (टांक पायल रूपेश) दर्ज है। यह कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम PAYAL RUPESH TAANK (पायल रूपेश टांक) है, जो कि मेरी पुत्री इसी नाम से जानी, पहचानी व पुकारी जाती है। यह कि, मेरी पुत्री का नाम PAYAL TAANK (पायल टांक) व TAANK PAYAL RUPESH (टांक पायल रूपेश) व PAYAL RUPESH TAANK (पायल रूपेश टांक) तीनो नाम एक ही लड़की का नाम है। जबकि सही एवं वास्तविक नाम PAYAL RUPESH TAANK (पायल रूपेश टांक) है। यह कि मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों व अन्य समस्त दस्तावेजों में पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम PAYAL RUPESH TAANK (पायल रूपेश टांक) को दर्ज करवाना चाहता हूं जिस हेतु यह शपथपत्र गजड प्रकाशन के लिये श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रूपेश टांक
पिता स्व. चिरंजीवलाल टांक

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ती BABITA SAHU (बबीता साहू) पति श्री लोकेश कुमार साहू उम्र-22 वर्ष निवासी-मकान नं. 130, वार्ड नंबर-16, जयंती नगर, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्न कथन करती हूं कि यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम BAVEETA PATEL (बवीता पटेल) दर्ज है तथा मेरे कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं अंकसूची में मेरा नाम BABITA PATEL (बबीता पटेल) दर्ज है जो कि दोनो विवाह पूर्व नाम है। यह कि मेरा विवाह लोकेश कुमार साहू पिता श्री मोतीलाल साहू के साथ हुआ है, जो कि विवाह के पश्चात से मेरा नाम BABITA SAHU (बबीता साहू) हो गया है, जो कि मै इसी नाम से जानी, पहचानी व पुकारी जाती हूं, जिस संबंध में मै विवाह प्रमाण पत्र पेश कर रही हूं।

यह कि मेरा नाम BAVEETA PATEL (बवीता पटेल) व BABITA PATEL (बबीता पटेल) एवं BABITA SAHU (बबीता साहू) तीनो नाम एक ही महिला का नाम है जो मेरे स्वयं का नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों व समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में अपना विवाह पश्चात वाला नाम BABITA SAHU (बबीता साहू) को दर्ज करवाना चाहती हूं और मै इसी नामों से जानी, पहचानी व पुकारी जाती हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र गजड प्रकाशन के लिये श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
बबीता साहू
पति श्री लोकेश कुमार साहू

राजस्व मामले में नोटिस
समक्ष न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग जिला दुर्ग (छग)

मामले का विषय राजस्व अपील प्रकरण ऑनलाईन रजि. नं./ मामला क्रं. 202307100400478/अ-6
श्रीमति मधुलिका झा पति सुनील कुमार झा अपीलार्थी विरूद्ध
श्रीमति ललिता चन्द्राकर पति स्व. लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर वगैरह अनावेदकगण
दावा:- 5-निर्मल चन्द्राकर पिता स्व. लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर निवासी- प्राकृतिक चिकित्सालय, पद्मनाभपुर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. (ग्राम पोर्टियाकला प.ह.नं. 38 स्थित भूमि ख.नं. 141/2, 141/6, 141/4, 141/5. 141/9 रकबा कमशः 0.016 0.458, 1.2140, 0.7690, 0.2640 हे.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमति मधुलिका झा पति सुनील कुमार झा उम्र 55 वर्ष निवासी-9बी, सड़क नं. 23, सेक्टर-10 भिलाई, तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 38 स्थित उपरोक्त शीर्ष में दर्शित भूमि में अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के रा.प्र.क्र. 20221100700032/3-6 सन 2022-23 पक्षकार मधुलिका झा विरूध्द छ.ग. शासन मौजा पोटियाकला प.ह.नं. 38 में पारित आदेश दिनांक 17.05.2023 से व्यथित होकर इस न्यायालय में छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44 (1) के तहत् अपील अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में आपको रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया है किन्तु आपके सही पते के अभाव में नोटिस की तामिली नहीं हो सकी है। अपीलार्थी द्वारा आदेश 5 नियम 20 सी.पी.सी. के तहत् स्थानीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस तामिल कराए जाने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, जिसे स्वीकार किया गया । अतः नोटिस का प्रकाशन अपीलार्थी के व्यय पर स्थानीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से कराया जा रहा है संसूचना प्राप्त होने पर स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ज्ञात हो कि अपील प्रकरण में आगामी पेशी तिथि 07/04/2025 नियत है, नियत दिनांक को अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज तारीख 24.03.2025 को जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं, सुरेश कुमार आ.स्व. एम. एल. यादव, उम्र 49 वर्ष, साकिन ग्राम-231, वार्ड नं. -11, दल्लीराजहरा, डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.) वर्तमान पता-ब्लॉक नं.-10,जी-1, वार्ड नं.-47, गौरव पथ, आदर्श कन्या विद्यालय के पास, सिविल लाईन, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ तथा कुमारी स्वधा यादव मेरी नाबालिक पुत्री है । जिसका जन्म दिनांक 12/09/2015 है। यह कि, मृतका श्रीमती संध्या यादव मेरी पत्नी थी। जिनकी सड़क दुर्घटना के फलस्वरूप आई गंभीर चोट के कारण दिनांक 30/11/2024 को मृत्यु हो गई है। मेरी पत्नी श्रीमती संध्या यादव जो कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के अधिनस्थ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, खुरसुल में स्टॉफनर्स, के पद पर पदस्थ होकर नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत् थी तथा मेरी पत्नी द्वारा अपने जीवन काल में अपने सर्विस बुक में मेरा नाम एवं मेरी पुत्री का नाम मनस्वी यादव दर्ज नॉमिनी बतौर कराया गया हैं। मेरे पुत्री का नाम अंकसूची व आधार कार्ड में स्वधा यादव (SWADHA YADAV) दर्ज हैं तथा मेरी पत्नी के विभाग सर्विस बुक में मेरी पुत्री का नाम कु. मनस्वी यादव (KU. MANASVI YADAV) दर्ज हैं। मेरी पुत्री कुमारी मनस्वी यादव (KU. MANASVI YADAV) व कुमारी स्वधा यादव (SWADHA YADAV) दोनों नाम मेरे पुत्री के हैं तथा मेरी पुत्री को उक्त दोनों नाम से जाना एवं पहचाना जाता हैं। जिसके कारण मेरी पत्नी के विभाग में कु. मनस्वी यादव (KU. MANASVI YADAV) लेख हैं एवं अन्य दस्तावेजो में मेरी पुत्री का नाम स्वधा यादव (SWADHA YADAV) लेख हैं। जिसे सुधार कर कु. मनस्वी यादव (KU. MANASVI YADAV) लेख किये जाने बाबत् उक्त शपथ पत्र पेश हैं। मेरी पत्नी द्वारा अपने विभाग में कु. मनस्वी यादव (KU. MANASVI YADAV) दर्ज कराये जाने के कारण विभाग में वर्तमान में मेरी पुत्री का नाम स्वधा यादव (SWADHA YADAV) हो गया हैं। जिसे मेरी पत्नी के विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु विभाग द्वारा गजट प्रकाशन के माध्यम से मेरी पुत्री का नाम विभागीय सर्विस बुक एवं अन्य दस्तावेज आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में स्वधा यादव (SWADHA YADAV) के स्थान पर कु. मनस्वी यादव (KU. MANASVI YADAV) लेख एवं दर्ज करवाना चाहता हूँ। जिसके संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर मैं स्वयं जवाबदार रहूँगा तथा उक्त नाम सुधार कार्यवाही बाबत् उक्त शपथ पत्र माननीय महोदय के समक्ष दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया हूँ।

शपथकर्ता
सुरेश कुमार
साकिन ग्राम-231, वार्ड 11, दल्लीराजहरा, डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202503100900013 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदकगण युवराज बघेल पिता रामकृष्ण बघेल अन्य 03 निवासी ग्राम बेलौदी तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा अपनी चाचा निरंजन प्रसाद पिता बंशीलाल के नाम पर दर्ज भूमि स्वामी हक कि भूमि खसरा नंबर 353/2 रकबा 0.03 हे. (3000 वर्गफीट) को भूमिस्वामी निरंजन प्रसाद पिता बंशीलाल द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 04.12.2019 को आवेदकगण के पक्ष मे निष्पादित अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर भूमिस्वामी निरंजन प्रसाद पिता बंशीलाल का दिनांक 06.05.2021 को मृत्यु हो जाने से आवेदकगण अपने नाम नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदनपत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदकगण युवराज बघेल पिता रामकृष्ण बघेल अन्य 03 निवासी ग्राम बेलौदी तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा दर्शित भूमि आवेदक के नाम फौती नामांतरण की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 17.04.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202503103000096 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक - राजेन्द्र कुमार यादव पिता शंकर लाल यादव पता- रिसाली भिलाई तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा- उमरपोटी प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. उत्तई स्थित भूमि खसरा नंबर 6 रकबा 0.1100 हेक्टेयर भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में शंकर लाल पिता कार्तिक राम के नाम से दर्ज है। पिता स्व. शंकर लाल पिता स्व. कार्तिक राम की मृत्यु दिनांक 23/02/2025 एवं माता स्व. कुसुम यादव पति स्व. शंकर लाल की मृत्यु दिनांक 29/11/2018 को हो चुका है। पिता स्व. शंकर लाल पिता स्व. कार्तिक राम का नाम पटवारी अभिलेख में भूमि दर्ज है। जिसके विधिक वारिसान :- पिता स्व. शंकर लाल पिता स्व. कार्तिक राम पटवारी अभिलेख में भूमि दर्ज है। जिसके विधिक वारिसान :- 1. राजेन्द्र कुमार यादव (पुत्र) 2. रेखा यादव (पुत्री)। पिता स्व. शंकर लाल पिता स्व. कार्तिक राम का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 73/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदिका देवकी बाई साहू ध.प. स्व. मिलऊ साहू, निवासी गंजपारा, दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 30 बी, भूखण्ड क. 3. 5/3, रकबा 160.75 वर्गमीटर धारक मिलऊ आ. सांवत एवं अन्य 02 के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकों में से मिलऊराम साहू की मृत्यु दिनांक 25.11.2023 को चुकी है। आवेदिका द्वारा सहधारक की मृत्यु उपरांत उनके वारिसानों देवकी बाई साहू ध.प. स्व. मिलकराम साहू, सुलोचना साहू व प्रीती साहू आ. स्व. मिलऊराम साहू का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्तिया हो तो प्रकरण की सुनवाई 03.04.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104100131

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी खेमलाल पिता/पति पुरुषोत्तम पता दुर्ग, बैसाखिन पिता/पति पुरुषोत्तम पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 766/9(0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता खेमलाल पिता/पति पुरुषोत्तम पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202503103300034 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.के. 202503103300034/अ-6अ/वर्ष 2024-25 आवेदक विष्णु पिता स्व. गोविन्दा निवासी ग्राम पीपरखेड़ी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम पीपरखेडी प.ह.नं. 22. रा.नि.म. अंजोरा (ख) स्थित खसरा नंबर 185, 188, 273 रकबा 0.05, 0.34, 0.01 हे कुल रकबा 0.40 हे. का नामांतरण पटवारी द्वारा ना.क. 5. ग्रा.पं. प्र.क्र. 03 पारित आदेश दिनांक 28.05.2016 के अनुसार संशोधन पंजी में दर्ज कर भूअधिकार पुस्तिका एवं राजस्व अभिलेखों में वारिसान 1. चंम्पा बाई, 2. विष्णु 3. केशरी ना.बा. का नाम दर्ज किया गया है। उक्त आनलाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश पुनः आवेदक के पिता गोविन्दा पिता बैतु के नाम पर दर्ज हो गया है। जिससे खसरा नंबर 185, 188, 273 रकबा 0.05, 0.34, 0.01 हे. कुल रकबा 0.40 हे. भूमि में हुई त्रुटि को सुधार कर आवेदक एवं अन्य के नाम पर दर्ज कर त्रुटियुधार हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 11/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202503103400021 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल देशमुख पिता रामप्रसाद देशमुख निवासी ग्राम समोदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम समोदा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 462, 463/1 रकबा 0.210, 0.410 हे भूमि जो कि मोहनलाल देशमुख व सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार अन्नपूर्णा की मृत्यु दिनांक 07.04.2020 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403104400006 /अ-6/सन्- 2024-25 ग्राम पथरिया

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका आवेदिका सुखिया बाई पिता स्व. प्रेमनाथ निवासी ग्राम वधरिया तहसील बोरीबुजुर्ग जिला दुर्ग द्वारा ग्राम पथरिया प.ह.नं.-5 राजस्व निरीक्षक मण्डल बारीबुजुर्ग तहसील चोरी स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज खसरा नंबर 138/1,435/1. 1233/1, 1233/3. रकथा कमशः 0.05, 0.07, 0.22, 0.11 0.24 हे. कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.45 प्रेमनाथ पिता स्व.रामचरण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। यह कि उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामी प्रेमनाथ पिता स्व रागची की मृत्यु दिनाक 04.02.2025 को हो गई हैं, मू-चारक / प्रेमनाथ पिता स्व. रामचरण द्वारा अपने जीवन काल में आवेदित मूमि को (1) जनत्री बाई (2) बैसाखिनं साहू (3) सुखिया थाई साहू (4) जामबाई साहू, (5) सवाना साहू सभी पिता प्रेमनाथ के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा के माध्यम से पंजीयन दिनाक 01/10/2024 को निष्पादित किया गया हैं। जिसे वसीयतकर्ता द्वारा किये वसीयत में दर्ज नाम व विलेख के आधार नामांतरण पर किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो चे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनाक 04/04/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब हसीलदार
तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदक नरेश शर्मा आ. स्व. दीपचंद शर्मा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं0 93 भूखंड कं. 6/4 क्षेत्रफल 148.646 वर्गमीटर भूमि धारक जगदीश आ. दीपचंद शर्मा नि. कसारीडीह दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा आवेदक नरेश शर्मा एवं पम्मी शर्मा के पक्ष मे उक्त भूखण्ड का टु क्षेत्रफल 99.90 वर्गमीटर पंजीकृत दानपत्र दिनांक 29.01.2024 को. तत्पश्चात सुधार पत्र दिनांक 14.11. 2024 द्वारा उक्त भूखण्ड टुकडा क्षेत्रफल 74.34 वर्गमीटर का दान पत्र निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत दान पत्र-सुधार पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से दानदाता/धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्तिया हो तो प्रकरण की सुनवाई 02.04.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

पीएम आवास योजना का निरीक्षण कर हितग्राहियों से राज्यपाल ने किया संवाद

■ राज्यपाल ने किया प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने अपने एक दिवसीय एमसीबी जिला प्रवास के दौरान जिला कलेक्टर कार्यालय आगमन पर उनका सलामी देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात राज्यपाल ने ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत अपनी माता स्व. चंपावती डेका के नाम पर ''सफेद चंदन'' का पौधा रोपण किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उनके आगमन पर स्थानीय प्रशासन और गणमान्य नागरिकों ने हृदय पूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल को जिले की विशेषताओं को दर्शाने वाला एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

राज्यपाल ने तेंदूडांड में विभिन्न आवासीय योजनाओं और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने फुलकुंवर और ईश्वर सिंह से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सरकारी योजनाओं के प्रभाव को समझा।

इसके बाद राज्यपाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित ममता महिला स्वयं सहायता समूह के सिलाई सेंटर और आटा चक्की का निरीक्षण किया। उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनकी जरूरतों और योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। साथ ही महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उनके कार्य को लेकर संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी जरूरतमंद परिवारों को जल्द से जल्द आवास प्रदान किए जाएं।

स्थानीय जनता में रहा उत्साह

राज्यपाल के दौरे को लेकर स्थानीय जनता में विशेष उत्साह देखा गया। लोग उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखने में उत्साहित दिखे। राज्यपाल ने जिले के समग्र विकास के लिए प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। राज्यपाल ने अपने दौरे के समापन पर जिलेवासियों के सहयोग और स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया और जिले के सर्वांगीण विकास के लिए शुभकामनाएं दीं।

समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की गहन समीक्षा

राज्यपाल ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

न्यूज गैलरी

अप्रैल से मॉर्निंग स्कूल लगाने डीईओ व कलेक्टर से की मांग

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी छग शिक्षा विभाग में प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय सेंटर में 26 मार्च से प्रथम पाली वह 4 अप्रैल से द्वितीय पाली में 10वीं 12वीं बोर्ड पेपर का मूल्यांकन शुरू हो गया है। वहीं दूसरी तरफ कुछ संस्थानों में भी लोकल क्लास की परीक्षा बची हुई है, जो दूसरे पाली में संचालित हो रहा है। 5वीं बोर्ड क्लास की परीक्षा 9.00 से 11:00 बजे व 8 वीं बोर्ड क्लास की परीक्षा 9.00 से 12:00 बजे तक चल रही है, जो 3 अप्रेल तक होगी माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा 10वीं 12वीं के कारण मॉर्निंग स्कूल का समय 7:30 से 11:30 तक का संचालन आदेश जारी नहीं कर पाए। डीईओ कार्यालय से कुछ ही दिन पहले 8 से एक बजे तक संस्था संचालन का निर्देश जारी जरूर हुआ। लेकिन दोपहर का समय छात्रों को गर्मी से राहत देने वाला नहीं है। मार्च माह समाप्ति की ओर व अप्रैल माह शुरू होने वाला है मौसम वैज्ञानिकों की बात माने तो अप्रैल से गर्मी के कारण तापमान बढ़ जाता है। अप्रैल व मई माह में तापमान में और इजाफा होता है। यह छात्रों के साथ शिक्षकों के लिए भी रिस्क रहता है। गर्मी के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने की संभावना होती है। क्योंकि कूलर व ए. सी. की सुविधा अधिकारियों के लिए होती है। छात्रों व शिक्षकों के लिए नहीं जिसके कारण पालक चिंतित रहते हैं। पूर्व में प्रत्येक वर्ष उच्च कार्यालय के निर्देश के परिपालन में संस्था के संचालन हेतु मॉर्निंग 7.00 से 11:30 तक आदेश जारी हुआ था, गर्मी व स्वास्थ्यगत समस्याओं से निजात पाने व छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व की भांति 7.3 0 से 11:30 बजे तक व गर्मी अधिक बढ़ने पर समय 7.00 से 11.00 बजे तक संस्था संचालन करने दिनांक 26 मार्च के बाद सभी संस्था प्रमुख के लिए निर्देश जारी करने मांग की गई है। मॉर्निंग संस्था संचालन मांग करने वालो में स्थानांतरित संगठन प्रांत अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संभाग उपाध्यक्ष लालबहादुर साहू , प्रांतीय संयोजक बी .एल.मंगेशकर , सरोज यादव प्रतिनिधि राकेश निषाद, ए के मंडावी इत्यादि शामिल है।

अतिथि शिक्षकों की भर्ती : वॉक-इन-इंटरव्यू 8 और 9 अप्रैल को

धमतरी/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पथर्रीडीह, नगरी में विभिन्न पदों पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 8 और 9 अप्रैल को वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से यह भर्ती होगी। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को नर्स, काउंसलर, पीईटी मेल और आर्ट टीचर के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू होगा। वहीं 9 अप्रैल को पीजीटी मैथमेटिक्स, टीजीटी हिन्दी और टीजीटी साईंस के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू लिए जाएंगे। दोनों दिन विद्यालयीन समयावधि सुबह 9 बजे से अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए इंटरव्यू होंगे। वॉक-इन-इंटरव्यू के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट dhamtari.gov.in और emrspatharridih.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

हंसराज रघुवंशी ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा अर्चना

कवर्धा/नवप्रदेश। सुप्रसिद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने आज भोरमदेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक पूजा और अर्जना की। इस दौरान उन्होंने भोरमदेवालय में शिव आराधना की और मंदिर की परिक्रमा भी की। हंसराज रघुवंशी, जो अपने भजनों के माध्यम से लाखों भक्तों के दिलों में शिव भक्ति की अलख जगाते हैं, इस पवित्र स्थल पर पहुंचकर शिव के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और भक्ति को प्रकट किया।इस अवसर पर मंदिर में भक्तों ने रघुवंशी के साथ मिलकर शिव के भजनों का श्रवण किया।

हंसराज रघुवंशी के गीतों पर झूमे दर्शक

■ भोरमदेव महोत्सव में गूंजा मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सावरी...

■ 29वां भोरमदेव महोत्सव : दीप प्रज्ज्वलित और मंत्रोचार के बीच भगवान भोरमदेव की पूजा अर्चना के साथ हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत

कवर्धा/नवप्रदेश। सतपुड़ा पर्वत की मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में 29वां दोदिवसीय भोरमदेव महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर और मंत्रोचार के बीच भगवान भोरमदेव की पूजा अर्चना के साथ हुई। महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने दीप जलाकर और विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन में भाग लिया, जिससे माहौल भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। उद्घाटन समारोह के पहले दिन, प्रख्यात भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने भव्य प्रस्तुति दी। उनकी भक्ति भावना से ओत-प्रोत भजनों ने न केवल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि महोत्सव के महत्व को और बढ़ा दिया। हंसराज रघुवंशी ने बाबा भोरमदेव और भोलेनाथ बाबा के भजनों से मंदिर परिसर में भक्तिरस की लहर दौड़ा दी। भोरमदेव महोत्सव जो वर्षों से इस मंदिर में आयोजित किया जा रहा है, इस बार भी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव बनकर उभरा।

भोरमदेव महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से न केवल राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलती है, बल्कि यह प्रदेशवासियों को अपनी समृद्ध परंपराओं से जुड़ने का भी एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने आज पवित्र तिथि तेरस में भोरमदेव महोत्सव के शुभ अवसर बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत आज भोरमदेव मंदिर परिसर सहित आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए 146 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि भोरमदेव मंदिर, रामचुआ, मड़वा महल, छेरकी महल और सरोधा जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को विकसित करने के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। इस योजना के तहत भोरमदेव क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टिकोण से महत्व को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना को स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 146 करोड़ रूपए से भोरमदेव मंदिर परिसर का विस्तार और उन्नयन, मंदिर की ऐतिहासिक संरचना को मजबूत किया जाएगा और इसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए विशेष कार्य किए जाएंगे। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर की जाएंगी कांवड़ियों के ठहरने के लिए विशेष शेड का निर्माण किया जाएगा। हर साल हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री भोरमदेव आते हैं, उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठहरने के लिए आधुनिक शेड बनाए जाएंगे। शेड में पेयजल, स्वच्छता, बैठने और आराम करने की उचित व्यवस्था होगी।

मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं संरचनात्मक सुधार कार्य, मंदिर के चारों ओर के खुले क्षेत्रों को हरा-भरा और आकर्षक बनाया जाएगा। पैदल पथों, बैठने की जगहों और परिक्रमा मार्ग को बेहतर किया जाएगा। मंदिर के तालाब का सौंदर्यीकरण, तालाब की सफाई, किनारों को व्यवस्थित करने के साथ-साथ इसे एक सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने के बाद भोरमदेव क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।

होली के बाद कृष्णपक्ष के तेरस और चौदस को महोत्सव मानाने की परम्परा

महोत्सव के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भोरमदेव महोत्सव की आरंभ से लेकर वर्तमान दौर तक पूरी विस्तार से जानकारी दी। भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन और जन आस्था के रूप में ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। इस मंदिर की ख्याति देश के अलग-अलग राज्यों तक फैली हुई है। यहां साल भर विदेशी, देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में आना होता है। बाबा भोरमदेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद कृष्णपक्ष के तेरस और चौदस को महोत्सव मानाने की यहां परम्परा रही है। साथ में सावन मास में मंदिर में विशेष पूजा अर्चना भी की जाती है। यहां सावन माह में मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में शामिल होते है। इस दौरान ऐतिहासिक महत्व स्थल भोरमदेव मंदिर की भव्यता और उसके महत्व को बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की पूरी जानकारी भी दी।

पीएम आवास योजना के तहत कोई भी पात्र हितग्राही सर्वेक्षण से वंचित न हो: सीईओ

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन 'आवास पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित की गई थी। जिसकी तिथि में वृद्धि करते हुए अब यह सर्वेक्षण कार्य 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अब छूटे हुए पात्र परिवारो को भी योजना का लाभ मिलेगा। आवास प्लस की प्रतिक्षा सूची में शामिल ऐसे लोगों को फिर से सर्वे कर योजना में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने बताय कि पूर्व में यह सर्वेक्षण 31 मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना था जिसकी अवधि में वृद्धि करते हुए अब यह सर्वेक्षण कार्य 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। उक्त सर्वेक्षण हेतु ग्राम पचांयत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र को प्रगणक नियुक्त किया गया है जो आवास प्लस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे हैं। किसी भी पात्र परिवार का नाम यदि छूट जाता है तो वह संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र से संपर्क कर अपना सर्वेक्षण करा सकते हैं। सर्वे पूरी तरह निःशुल्क है तथा इसमें किसी भी प्रकार के शुल्क का

कोई प्रावधान नहीं है यदि कोई सर्वेक्षण हेतु शुल्क की मांग करता है तो इसकी तत्काल शिकायत करें। कलेक्टर इन्द्रजीत एस. चन्द्रवाल ने सभी छुटे हुए पात्र परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाम लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित लाभार्थी अपने ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र से जरूर संपर्क करें। उल्लेखनीय है कि प्रधाननमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नवीन पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उनका सर्वेक्षण कार्य आवास प्लस मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत जिले में विभिन्न कारणों से छुटे हुए पात्र परिवारो को स्वयं का पक्का आशियाना प्रदान करने के लिए शासन के निर्देशानुसार सर्वेक्षण कार्य जारी है। सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास प्लस सूची में शामिल किया जाना है।

आवास प्लस सर्वे 2.0 में शिकायत हेतु टोल फ्री नं.

धमतरी/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतिक्षा सूची एवं आवास प्लस 2018 की पात्रता सूची में छुटे हुए पात्र परिवारों का सर्वे किया जाना है। उक्त कार्य हेतु आवास प्लस सर्वे 2.0 का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसे पंचायत स्तर पर पंजीकृत प्रगणकों द्वारा किया जा रहा है। आवास प्लस सर्वे में शिकायत हेतु टोल फ्री नं. 07772232503 में शिकायत कर सकते हैं।

कलेक्टर ने बस स्टैंड में किया राहगीरों के लिए शुद्ध व शीतल पेयजल व्यवस्था का शुभारंभ

बालोद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बालोद स्थित नया बस स्टैंड में ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आज प्रातः बस स्टैंड परिसर पहुँचकर नई दुनिया द्वारा संचालित की जा रही पेयजल व्यवस्था का शुभारंभ किया। उन्होंने नई दुनिया द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस स्टैंड में शीतल पेयजल की व्यवस्था होने से अभी ग्रीष्म ऋतु के दिनों में आने जाने वाले राहगीरों को इससे राहत मिलेगी। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक सहभागिता से जिले में राहगीरों के

आने-जाने वाले स्थान एवं सार्वजनिक स्थानों में इस प्रकार की व्यवस्था करना बहुत ही सराहनीय कदम साबित होगा। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर, नई दुनिया के ब्यूरो चीफ रवि भूतड़ा आदि मौजूद थे।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन को मिली नई पहचान

■ विधायक अंबिका मरकाम के प्रयासों से नरहर जलप्रपात को मिला पर्यटन क्षेत्र का दर्जा

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र की समृद्ध प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित और विकसित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक अंबिका मरकाम जी के सतत प्रयासों के फलस्वरूप नरहर जलप्रपात को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। पर्यटन विकास को गति देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत, नरहर जलप्रपात के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार हेतु ट्रैकिंग पथ, सोलर लाइटिंग, रेलिंग अपग्रेडेशन, बाथिंग ज़ोन, वॉच टॉवर, साइनेज बोर्ड, रेस्टिंग ज़ोन जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके लिए ?18.19 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, माडमसिल्ली जलाशय को भी राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। यहां वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाओं सहित अन्य पर्यटन अवसंरचनाओं का विकास किया जाएगा, जिससे सिहावा विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी।

इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए विधायक अंबिका मरकाम जी ने कहा - सिहावा विधानसभा क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। मेरा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हमारे क्षेत्र के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को संरक्षित कर उन्हें पर्यटन के लिए विकसित किया जाए। नरहर जलप्रपात और माडमसिल्ली जलाशय को पर्यटन क्षेत्र का दर्जा मिलने से न केवल हमारे क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। पर्यटन विकास से हमारी संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस योजना को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

नवाचार | मेधावी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा

कलेक्टर की एक और पहल : अब नीट-जेईई के लिए उमंग अभियान

■ एक सौ विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग, कलेक्टर ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

धमतरी/नवप्रदेश। डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिए धमतरी जिले के एक सौ मेधावी विद्यार्थियों को जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क कोचिंग की नई सहूलियत मिलेगी। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने नीट और जेईई की परीक्षा देने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों के लिए उमंग अभियान शुरू किया है। इस

अभियान के तहत एक सौ विद्यार्थियों को नीट और जेईई की परीक्षा के लिए उच्चस्तरीय निःशुल्क कोचिंग दिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत 28 मार्च से ही विद्यार्थियों की निःशुल्क कोचिंग मेनोनाईट हिन्दी माध्यम स्कूल में शुरू होगी। इस अभियान की शुरूआत करते हुए आज कलेक्टर मिश्रा और जिला पंचायत की सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने जिले के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। स्थानीय हरदिहा साहू समाज के भवन में आयोजित एक प्रेरक सत्र में कलेक्टर ने जेईई और नीट की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के तरीके तथा सफलता के टिप्स दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वयं पर विश्वास रखकर कड़ी मेहनत करने से ही सफलता मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षाओं के पिछले तीन वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करने, अधिक से अधिक मॉक टेस्ट देने और अपने सबसे मजबूत टॉपिक्स-विषय को और बेहतर करने की समझाईश दी। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अपने छात्र जीवन के अनुभव भी साझा किए। प्रेरक सत्र में विद्यार्थियों के पालक भी शामिल हुए और अपने बच्चां की पढ़ाई तथा उनके कैरियर से जुड़े कई विषयों पर अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान किया। जिला पंचायत की सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

जिपं सीईओ ने ली निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा बैठक

बालोद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज जिला पचांयत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चल रहे निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ डॉ. कन्नौजे ने जनपद पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारियो को आवास प्लस सर्वे 2024 अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 30 मार्च 2025 को वृहद स्तर पर गृह प्रवेश उत्सव आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के समस्त निर्माणाधीन आवासों का स्तरवार एवं ग्राम पंचायतवार एक विशेष कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समयावधि में 90 मानव दिवस की राशि प्रदान करने उपरांत उक्त आवासों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रथम किश्त अंतरण पश्चात अप्रारंभ 986 आवासों के लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र आवास निर्माण प्रारंभ कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु संबंधितों को निर्देश दिए।

नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा का स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। भक्त माता कर्मा की जयंती पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा का स्वागत किया। भक्त माता कर्मा को प्रणाम करते हुए नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि, माता कर्मा का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा दायक है। उन्होंने हमें सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण का रास्ता दिखाया है। इस पर चलकर हम बेहतर नागरिक बन सकते हैं।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री शर्मा के साथ पूर्व पार्षद संजीवन साव, लुकु साव, सतीश साहू, लाला साहू, जनपद सदस्य मालिक राम साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा, पार्षद नंदू वैष्णव, आशीष टोडर, मन्नू बाठिया, निकलेश साहू एवं साहू समाज के पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित थे।

तीन दिन के काम को 24 घंटे में पूरा कर किया विद्युत आपूर्ति बहाल

■ ट्रक की ठोकर से हाईटेंशन 132 केवी बिजली टॉवर हुआ था क्षतिग्रस्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने 132 केवी के 100 फीट से अधिक ऊंचाई की दुर्घटनाग्रस्त हाईटेंशन टॉवर लाइन को रिकार्ड समय में खड़ा कर विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में सफलता प्राप्त की है। आमतौर पर ऐसे टॉवर को खड़ा करने में तीन दिन का समय लगता है, जिसे ट्रांसमिशन कंपनी की टीम ने तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता का परिचय देते हुए 24 घंटे में पूरा कर लिया। इस उपलब्धि के लिए ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह एवं प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

रायपुर के पास बरबंदा गांव के पास 25 मार्च को दोपहर 2.17 बजे रिंग रोड नंबर तीन (जोरा-सड्डू-धनेली) से जा रही एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित हो गई। धान से लदा यह ट्रक 132 केवी के हाईटेंशन टॉवर से जा टकराया, जिससे 32 मीटर ऊंचा टॉवर गिर गया और इसमें लगी डबल सर्किट लाइन टूटकर रिंगरोड पर गिर गई। इस घटना में किसी तरह की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ परन्तु राजधानी के एक बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। साथ ही रिंगरोड में तार गिरने से यातायात भी अवरूद्ध हो गया। ट्रांसमिशन कंपनी ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर ट्रैफिक को डायवर्ट किया और इंजीनियरों और कर्मियों की टीम ने सड़क से ऊलझे हुए तारों को हटाकर फिर सड़क यातायात शुरू करवाया। इधर विधानसभा से लेकर अंबूजा मॉल, दलदल सिवनी, कंचना, आमासिवनी क्षेत्र में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बंद हो गई।राजधानी के हॉस्पिटल, स्कूल, वीआईपी इलाके व जनसामान्य के लिए विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गई, क्योंकि 132 केवी डबल सर्किट लाइन टूट गई थी, जिसे बनाने में काफी समय लगने की आशंका थी, इसलिए ट्रांसमिशन कंपनी ने महासमुंद के परसवानी क्षेत्र से 132 केवी लाइन से विद्युत आपूर्ति आरंभ की। इधर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने भी लोड मैनेज करने के लिए त्वरित गति से कार्य किया और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति जारी की।

इस दौरान क्षतिग्रस्त टॉवर को ठीक करने के लिए ट्रांसमिशन कंपनी की टीम मौके पर रवाना हो गई। दूसरी टीम टॉवर खड़ा करने की सामग्री लेने भिलाई स्टोर भेजी गई। सबसे पहले टॉवर का फाउंडेशन तैयार किया गया और एंगल को जोड़-जोड़कर टॉवर को तैयार किया गया। इसमें क्रेन (हाइड्रा) की भी सहायता ली गई और 24 घंटे के भीतर ट्रांसमिशन कंपनी की टीम ने अपनी तकनीकी दक्षता और कुशल प्रबंधन से टॉवर को खड़ा करने में सफलता प्राप्त की।

इस तरह चौतरफा समन्वित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। इस कार्य में अधीक्षण अभियंता वीए देशमुख, कार्यपालन अभियंता यूके यादव, सूचेन्द्र उइके , सहायक अभियंता अनिल द्विवेदी, हेम कैलाश साहू, प्रदीप तिवारी, सुरेश वर्मा सहित तकनीकी कर्मचारियों ने उत्कृष्ट योगदान दिया।

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी आज प्रस्तुत करेंगे बजट

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा 28 मार्च 2025 को अपने कार्यकाल का प्रथम बजट पेश करेगें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए 28 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे नगर पालिका परिषद की सभाकक्ष में बजट पेश किया जायेगा। बजट में सरकार की योजनाओं के साथ सुंदर व स्वच्छ कवर्धा की परिकल्पना को साकार करने हेतु पूरी टीम के द्वारा प्रयास किया जायेगा। बजट में सभी के हितों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया जायेगा।

आकाशदीप धृतलहरे और हाकिम बेग भाजपा में शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित हो कर एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की विकास परख सोच के कारण ग्राम पंचायत बिटकुली के उपसरपंच आकाशदीप धृतलहर (लाला)और हाकिम बेग ने क्षेत्र के युवा प्रभावशील नेता लक्ष्मी नारायण शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पहुंच कर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने उन दोनों का भाजपा गमछा पहनकर उनका भाजपा प्रवेश कराया। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने दोनो ग्रामीण नेताओं का भाजपा परिवार में जुड़ने पर उनका स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।बिटकुली उपसरपंच आकाशदीप धृतलहरे (लाला) और हाकिम बेग के भाजपा में शामिल होने पर ग्राम पंचायत के सरपंच विनोद देवांगन सहित अश्वनी देवांगन, दुकालू ध्रुव , मिर्जा अजमेर सहित अनेक ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने दोनो युवा नेताओं के निर्णय पर साधुवाद देते हुए उन्हें बधाई और शुभकामना दी है।

सिंधी महिला मंडल ने किया आनंद मेले का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। सिंधी समाज का पांच दिवसीय महापर्व चेट्रीचंड्र महोत्सव नगर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है पहले दिन समाज द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 55 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके पश्चात सिंधी महिला मंडल द्वारा भव्य आनंद मेले का आयोजन समाज के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, डॉ सरला निहलानी, सुरेश गोदवानी की उपस्थिति में भगवान झूलेलाल के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्री गोदड़ीवाला धाम में किया गया मेले में 30 से अधिक फूड, ज्वेलरी व कपड़े के स्टॉल लगाए गए। महिला मंडल की सोनी छबड़िया एवं शीतल आर्य ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विशाखा बत्रा व भाव्या थारानी ने साई झूलेलाल की जीवनी पर प्रश्नो के उत्तर देने पर पुरस्कार दिया। आनंद मेले में प्रथम पुरस्कार अंजली परयानी कोमल परयानी एवं स्टॉल सजावट में शीतल आर्य व जिया माधवानी को दिया गया। आनंद मेले का करीब 700 लोगों ने आनंद लिया।

अचानक फैली अफवाह से कब्जा करने की मची थी होड़, आरडीए ने की कार्रवाई

कमल विहार से 500 अवैध कब्जा हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। कौशल्या माता विहार योजना (कमल विहार) के सेक्टर 3 में योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे अवैध कब्जा को गुरुवार को रायपुर विकास प्राधिकरण ने नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की मदद से हटा दिया। कल दोपहर बाद अचानक फैली एक अफवाह के बाद गोकुलनगर, बोरियाखुर्द, लालपुर और संतोषीनगर के निवासियों ने बोरिया तालाब के क्षेत्र सेक्टर 3 की खुली भूमि पर बांस, बल्ली, चादर, बोरा,रस्सी और साडियां लगा कर जमीन की घेराबंदी शुरु कर अपना कब्जा जमा करना शुरु कर दिया था। इनमें अधिकांश महिलाएं शामिल थी।

रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार को जब यह जानकारी मिली तो उन्होंने प्राधिकरण के पूरे अमले को सक्रिय किया और निर्देश दिया कि तत्काल कार्रवाई करते हुए आज ही सारे कब्जे हटाए जाएं। इस पर प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ श्रीमती शिम्मी नाहिद के नेतृत्व में जिला प्रशासन, नगर निगम जोन - 10 और पुलिस प्रशासन के समन्वय से दोपहर 12 जेसीबी की मदद से स्थल पर बनीं झोपड़ियां और कब्जे हटाए गए। कब्जा करने वालों में महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने कल दोपहर यह अफवाह ऊड़ाई थी कि कौशल्या माता विहार क्षेत्र में जमीन बंट रही है। जिसे चाहिए वह आ कर जमीन घेर ले। इसके बाद लगभग 500 लोगों ने बांस, बल्ली, साड़ी, चादर, रस्सी और बोरा लगा कर जमीन घेरना शुरु कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद प्राधिकरण प्रशासन व्दारा दलबल के साथ कौशल्या माता विहार जा कर ढ़ाई घंटे में सभी कब्जे हटा दिए। प्राधिकरण की ओर अधीक्षण अभियंता एम.एस. पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता सुशील शर्मा, उप अभियंता कीर्ति केमरो, राकेश मनहरे, राजस्व अधिकारी ज्योति सिंह, राजस्व विभाग की तहसीलदार श्रीमती ख्याति नेताम, नगर निगम जोन 10 के सहायक अभियंता सुशील अहिरे, महिला व पुरुष पुलिस की उपस्थिति में पूरे क्षेत्र से हो रहे अवैध कब्जों को हटाया गया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कौशल्या माता विहार योजना के सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा न हो इसके लिए सतर्क हो कर कार्य करें।

कर्मचारी फेडरेशन ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग का किया समर्थन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव के नेतृत्व में 27मार्च गुरुवार को धरनास्थल रावणभाठा नगरी पहुंच कर पंचायत सचिव संघ के एक सूत्रीय मांग शासकीय करण करने का समर्थन किया है।इस दौरान हड़ताली सचिवों को संबोधित करते हुए फेडरेशन संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने कहा है कि पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत सचिवों की बड़ी भूमिका होती है। सचिवों के माध्यम से शासन की योजना आम जनता तक पहुंचती हैपरंतु सरकार इन कर्मचारियों के सुध नहीं लेने से अपने शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है ,जब तक सरकार सचिवों की मांग को पूरा नहीं करती तब तक आंदोलन को जारी रखें।सरकार को मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की मांगे को पूरा करना ही होगा।इस आंदोलन को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का पूरा सहयोग और समर्थन रहेगा ।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासचिव गिरीश जायसवाल ,प्रवक्ता के पी साहू उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साहू ,अशोक कुमार साहू ,शरीफ़ बेग मिर्जा अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन, तरुण साहू अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ,विजय गेंडरे उपाध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे

हियरिंग केयर सेंटर द्वारा नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का भव्य आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। हियरिंग केयर सेंटर (हिअर जॅप) द्वारा निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का भव्य आयोजन तीन दिवसीय प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक किया जा रहा है यह परामर्श शिविर हियरिंग केयर सेंटर (हिअर जॅप)के सभी ब्रांचो बैरन बाजार, कचहरी चौक एवं शंकर नगर रायपुर एवं बिलासपुर,अंबिकापुर,कोरबा, भिलाई,धमतरी एवं जगदलपुर ब्रांच में किया जा रहा है इन सभी ब्रांचो में मरीजों को श्रवण यंत्र पर भारी छूट का लाभ प्राप्त होगा वही सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की टीम के द्वारा मरीजों को कोक्लियर इंप्लांट परामर्श हुआ स्पीच थेरेपी पर विशेष मार्गदर्शन पर प्रदान किया जावेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हियरिंग केयर सेंटर की शाखाएं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश तेलंगाना,पश्चिम बंगाल,बिहार व झारखंड में संचालित है इन सभी राज्यों में मरीजों को नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर के माध्यम से विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है।

एआई टेक्नोलॉजी के बिना आने वाले समय की कल्पना भी मुश्किल : मिलिंद कुलकर्णी

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों हेतु पीपीटी प्रजेंटेशन पर कार्यशाला आयोजित

धमतरी/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च मा.वि.आमातालाब धमतरी के विद्यार्थियों को पर्यावरण प्रदूषण एवं AI - Artificial Intelligence पर PPT/Projector पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने अपना प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण दिया। जिसमें कक्षा 11 वीं विज्ञान संकाय की छात्रा कु. ईशिका मंडल, 11 वीं कॉमर्स संकाय से फनीश कुमार छाटा और कक्षा 9वीं से कु.सौम्या वर्मा ने प्रभाव शाली प्रस्तुतिकरण दिया जिसे विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार सपहा एवं श्री कम्प्यूटर स्कील के संचालक मिलिंद कुलकर्णी ने पुरस्कार प्रदान किया । इसके अलावा इस कार्यशाला में कक्षा 9वीं से तुलेश्वरी साहू, रागिनी साद, नेहा साहू और कक्षा 11 वीं से श्रद्धा यादव ने भी भाग लिया। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग के शिक्षक युगल किशोर और अनिता शांडिलय ने बच्चों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री कम्प्यूटर स्किल के संचालक मिलिंद कुलकर्णी ने कहा कि आज का युग ए आई का युग अतः विद्यार्थियों को अभी से इस फिल्ड में आगे बढ़ना चाहिए। आने वाला समय पूरी तरह से टेक्नोलाजी बेस्ड होगा अतः विद्यार्थियों को इस दिशा में आगे बढ़ाना भी हमारा कर्तव्य है।

क्रांतिकारियों के विचारों को आत्मसात करना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि-दीपक सिंह ठाकुर

हिन्दू जागरण मंच कांकेर ने मनाया बलिदान दिवस

धमतरी/नवप्रदेश। 25 मार्च को जिला स्तरीय बलिदान दिवस ठाकुर भावसिंह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में मनाया गया जहां सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा भारतमाता और वीर बलिदानी भगत सिंह , शिवराम हरि राजगुरु एवं सुखदेव थापर के छायाचित्र में दीप प्रज्वल कर भारतमाता की आरती कर उनको याद किया गया। फिर स्वागत वंदन पश्चात

मुख्य वक्ता के रूप में तिलक राम सह जिला कार्यवाह कांकेर के द्वारा वीर बलिदानियों के द्वारा किए गए राष्ट्रप्रेम के प्रति प्राणों के आहुति के बारे में बताया गया। खंड कार्यवाह चंपू सिन्हा जी के द्वारा राष्ट्र के प्रति त्याग एवं समर्पण के भाव को रखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं हिन्दू जागरण के सहसंयोजक डॉ लक्ष्मण शुक्ला जी के द्वारा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी की अनिवार्यता एवं उनके प्रति समर्पित रहकर कार्य करने को कहा है।

हिन्दू जागरण मंच प्रांत युवा प्रमुख दीपक ठाकुर जी ने भारत के महान क्रांतिकारियों जैसे राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह, छत्रपति शिवाजी लाला लाजपतराय, संभाजी महराज, चंद्रशेखर आजाद के ऊपर प्रकाश डाला और युवाओं को भय से मुक्त रहने को कहा।

अंतिम वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त कमिश्नर जी.आर. चुरेंद्र रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण हमारा पहला कर्तव्य है कर्म की प्रधानता है वीर बलिदानियों ने हमें मुक्त करवाया लेकिन हमारा समाज आज भी जातिवाद समाजवाद में बट रहा है हमें उनके ऊपर उठाकर काम करना होगा । उन्होंने कहा कि ना हम जमीन बेचेंगे ना बेचने देंगे । ना हम कर्ज में रहेंगे ना औरों को कर्ज करने देंगे। ना हम जंगल काटेंगे ना दूसरों को काटने देंगे । और तभी नव समाज का निर्माण होगा । इस कार्यक्रम में मुकेश शर्मा जिला सह संयोजक हिन्दू जागरण मंच,भगत राम बढ़ाई जिला कार्यालय प्रमुख , भूपेश ठाकुर नगर प्रमुख सोमेश सर्वेश खंड व्यवस्था प्रमुख, मुकेश संचेती पार्षद, मातृत्व शक्ति में श्रीमती अन्नपूर्णा ठाकुर महाविद्यालय संरक्षक एवं जिला सहसंयोजिका हिन्दू जागरण मंच , रेवती सिन्हा पूर्व पार्षद श्रीमती रुक्मणी सिन्हा सदस्य श्रीमती आशा रावटे महिला मंडल अध्यक्ष, चंद्रकिरण बघेल सेवानिवृत्त आर एच ओ , श्री जतिन देवांगन , श्री डोगेश्वर साहू और भी कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन भूपेश कुमार सिंहसार जिला संयोजक हिन्दू जागरण मंच ने किया।

भोरमदेव महोत्सव

सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक अनुराग शर्मा सहित प्रसिद्ध कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और संस्कृति का अद्भूत संगम संजोया

ऐसा डमरू बजाया भोले नाथ रे... सारा कैलाश पर्वत मगन हो गया... भक्तों के दिलों में उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब

अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक हंसराज रघुवंशी की भक्ति संगीत से भक्तिमय हुआ वातावरण

कवर्धा नवप्रदेश। भोरमदेव महोत्सव का शुभारंभ इस बार एक अद्वितीय और भक्तिमय प्रस्तुति के साथ हुआ, जब अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी मधुर आवाज़ और भक्ति गीतों से मंदिर परिसर को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बाबा भोरमदेव और भोलेनाथ बाबा भजनों ने न केवल भक्तों के दिलों में श्रद्धा और आस्था को और मजबूत किया, बल्कि महोत्सव का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी और बढ़ा दिया। मेरा भोला है भंडारी.........., ऐसा डमरू बजाया भोले नाथ रे........, शिव समा रहे मुझमें और मैं शुन्य हो रहा हू....., पार्वती बोले शंकर से.., युग राम राज का आ गया..सहित अनेक भजनों ने भोरमदेव महोत्सव के वातावरण को एक दिव्य आभा से भर दिया, जिससे श्रद्धालुओं को एक गहरी आध्यात्मिक अनुभूति हुई। श्री रघुवंशी के भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को शांति और आस्था से भर दिया, और भव्य आयोजन का अहसास कराया। महोत्सव का वातावरण अब भक्तिमय, उल्लासपूर्ण और एक नई ऊर्जा से भरपूर था, जिसमें हर कोने में भक्ति की तरंगें गूंज रही थीं। श्रद्धालु और भक्तगण एक साथ मिलकर इस महोत्सव का आनंद ले रहे थे, जो भक्ति, शांति और समर्पण का सजीव उदाहरण बन चुका था।

भोरमदेव महोत्सव में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक श्री अनुराग शर्मा ने भी अपने संगीत से माहौल को और भी शानदार बनाया। उनका गायन और संगीत छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के प्रति लोगों की श्रद्धा और प्रेम को और गहरा कर गया। भोरमदेव महोत्सव में बैगा नृत्य, फाग गीत, छत्तीसगढ़ी लोककला के साथ स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति भी दी। महोत्सव में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और संस्कृति का अद्भुत संगम भी देखने को मिला। महोत्सव में स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जो युवाओं की कला और संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रतीक बनी। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की विविधता से परिचित कराया। इस मौके पर प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी कला से मंच को सजा दिया। श्रीमती बसंताबाई और साथी ने बैगा नृत्य, सुश्री गितिका बांसुरीली ने बांसुरी वादन, सुश्री ईशिका गिरी और रितीलाल ने कत्थक नृत्य, श्रीमती गोपा शान्याल ने संगीत गायन, श्री प्रभंजन चतुर्वेदी ने भजन गायन, श्रीमती संगीता चौबे ने भरत नाट्यम, और श्री प्रमोद सेन और उनके साथी ने छत्तीसगढ़ लोक कला मंच गहना गाठी की शानदार प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक नृत्य और संगीत का अद्भुत अनुभव हुआ।

महोत्सव के इस पहले दिन का आयोजन केवल एक मनोरंजन का अवसर नहीं था, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने और आने वाली पीढ़ियों को इससे परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी साबित हुआ। भोरमदेव महोत्सव का यह अद्भुत आयोजन न केवल भक्तिरस में डूबे हुए था, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का भी महत्वपूर्ण कदम था। यह आयोजन हर वर्ष एक नई ऊर्जा और उमंग लेकर आता है, और आने वाले दिनों में भी इस महोत्सव की महिमा और लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि हो रही है। भोरमदेव महोत्सव ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के उत्सव के रूप में उभरा। उद्घाटन के पहले दिन प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन में भाग लिया, जिससे आयोजन स्थल पर एक उत्सवमय और भक्तिमय वातावरण बन गया। मंदिर परिसर में भक्ति की यह अलौकिक लहर इस महोत्सव की प्रमुख विशेषता बन गई।

मां कर्मा के जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है -विधायक इंद्र साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडूवा में मंगलवार को साहू समाज के द्वारा कर्मा माता की जयंती धूमधाम से मनाई गई,इस अवसर पर विधायक इंद्र साव मुख्य अतिथि के रूप में जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम खंडूवा में साहु समाज के द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा की जयंती पर विधायक इंद्र साव ने उपस्थित सामाजिक जनों को बधाई देते हुए कहा कि आराध्य माँ कर्मा के जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है।आराध्य माँ कर्मा ने अपनी भक्ति भाव से साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। उनके जीवन से हमें भक्ति और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है। माँ कर्मा का विराट व्यक्तित्व हम सभी को भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा।विधायक श्री साव ने आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए उन्हें आमंत्रित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि ग्राम वासियों की सेवा के लिए वे हमेशा अग्रसर रहेंगे। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू ने माता कर्मा के जीवनी को बताया तथा आगे निरंतर जयंती की कार्यक्रम में सहयोग करते रहने का वादा किए।

विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है - सुश्री धामेश्वरी देवीजी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जगद्गुरुत्तम कृपालुजी महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवीजी द्वारा स्टेट हाई स्कूल मैदान राजनांदगांव, में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला में वेद शास्त्र के प्रमाणों से विश्व का प्रत्येक जीव एकमात्र आनंद ही चाहता है इसलिए आस्तिक है के सिद्धांत को समझाने के पश्चात् देवी जी ने तीसरे दिन वेदों के द्वारा यह भी प्रमाणित किया कि विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है क्योंकि हर कोई इंद्रियों की भक्ति करता है लोग कहते हैं कि भगवान सब के अंतःकरण में व्याप्त है लेकिन इसको शतशः मानते नहीं है यदि कोई प्रतिक्षण ईश्वर को अपने अंतःकरण में बैठा माने, अपने साथ हर जगह महसूस करें, तो वह कोई अपराध कर ही नहीं सकता। क्योंकि पाप तभी होते हैं, जब हम यह भूल जाते हैं कि हम उस परमपिता के अधीन हैं और वह प्रतिक्षण हमारे कार्यों को देख रहा है, हमारे कर्मों को हमारे अंदर बैठकर लिखता रहता है। जब लोग मंदिर में जाते हैं केवल उतने समय के लिए भगवान के सामने मंत्र, जाप, श्लोक आदि बोल देते हैं, जैसे ''त्वमेव माता च पिता त्वमेव÷ आदि लेकिन मन की आसक्ती घर के माता-पिता में होती है। मंदिर में खड़े होकर भी हमारा ध्यान संसारी कार्यों में लगा रहता है। इस प्रकार हर व्यक्ति, सर्वान्तर्यामी भगवान को धोखा देने का प्रयास करता है और मात्र इंद्रियों की भक्ति करता है। लोग किसी की मृत्यु पर कहते हैं- ''राम नाम सत्य है÷ लेकिन यही वाक्य यदि कोई किसी शुभ अवसर पर कह दे, तो इसे महान अपशगुन माना जाता है। हम इतना भी नहीं जानते कि भगवान के नाम में स्वयं भगवान अपनी समस्त शक्तियों के साथ बैठे हुए हैं अर्थात् राम का नाम तो स्वयं राम ही है वह तो सर्वथा शुभ ही है। इसी प्रकार हम लोग ईश्वर को न मानकर संसारी मान्यताओं, खोखली परंपराओं और इंद्रियों की भक्ति को अधिक मान्यता देते हैं। उपरोक्त सभी उदाहरणों से यह सिद्ध होता है कि विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है।

ईश्वर की वास्तविक भक्ति करने के लिए हमें संसार के स्वरूप को समझना होगा? संसार का स्वरूप आगे प्रवचन में बताया जाएगा। प्रवचन का समापन श्री राधा कृष्ण भगवान की भव्य आरती के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। 15 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 25 मार्च से 8 अप्रैल 2025 तक शाम 7 से रात 9 बजे तक स्टेट हाई स्कूल मैदान राजनांदगांव, में किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

बंटी छाबड़ा आदिनाथ जयंती पर हुए सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज एवं श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन मंगल भवन में किया गया। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में भाटापारा नगर के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अरुण छाबड़ा बंटी को संस्थान के प्रकाश मोदी सुमन लता मोदी मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा बलौदा बाजार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता ,नायाब तहसील दार ?श्री अभिषेक अग्रवाल , आनंद यादव आशीष जयसवाल एवं उनके समाजिक संगठन द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ जैन समाज के प्रति निधि गण उपस्थित थे। विदित हो कि श्री छाबड़ा के द्वारा मानव सेवा समाजसेवा कर मानद उपाधि डाक्ट्रेट प्राप्त कर अपने पिता की पूण्य स्मृति मे शव वाहन (स्वर्ग रथ) की नि. शुल्क सेवा से 4000 से अधिक लोगों लोगों की सहायता कर योद्धा के रूप में अपनी पहचान बनाई है उनके द्वारा भाटापारा में 2196 मीटर लंबा तिरंगा फहराया कर छत्तीसगढ़ का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भाटापारा का नाम अंकित करवाया । 400 से अधिक संस्था द्वारा सम्मानित हो चुके अरुण बंटी छाबड़ा को पुनः सम्मान प्राप्त होने पर अनेक शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

80 प्रतिशत सरपंच व पंच पदों पर महिलाओं का निर्वाचित होना महिला सशक्तिकरण का अच्छा उदाहरण : डॉ. रमन

निर्माण कार्यों के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी योजनाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता : विजय शर्मा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, महापौर श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नवनिर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंचों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिले में सबसे अधिक जनजागरूकता यहां है और पंचायती राज क्षेत्र में यह परिलक्षित हो रहा है। जिले में कुपोषण दर को कम करने में जिस प्रकार सहयोग की भावना से कार्य किया गया है, उसी का प्रतिफल है कि यहां 60 प्रतिशत से अधिक कुपोषण से मुक्त हुआ है। इसके लिए महिलाओं की बैठक लेकर उन्हें जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां की जागरूकता के फलस्वरूप जिले में पंचायत चुनाव के दौरान 87.76 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां जो भी सरपंच व पंच निर्वाचित हुए है, उनमें करीब 80 प्रतिशत महिलाएं निर्वाचित होकर आयी है, यह उनमें नेतृत्व की भावना पैदा करता है। महिला सशक्तिकरण का सबसे अच्छा उदाहरण यह है कि राजनांदगांव जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों ही पदों पर महिला निर्वाचित हुई है, जो प्रदेश के लिए उदाहरण है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है और हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। पिछले कुछ समय में आवास निर्माण का कार्य अवरूद्ध था, लेकिन वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य को स्वीकृत कर पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है और इन सभी पर काम चल रहा है। वर्ष 2016-17 से लेकर 2022-23 तक जहां कुल 27 हजार 64 आवास निर्माण किए गए थे, वहीं वर्ष 2024-25 में 34 हजार 700 आवासों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है। इसके लिए सभी नवनिर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंच पात्र हितग्राहियों के नाम सूची में जुड़वाएं। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सभी गारंटी को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अधोसंरचना सहित जितने भी कार्य संचालित है, उन सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण पूरे किए जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शासन की संचालित सामाजिक सरोकारों और हितग्राही मूलक योजनाओं के कार्य पर पंचायत प्रतिनिधि ज्यादा जोर दें और अपने इस जवाबदारी को निभाएं। साथ ही शिक्षा और सुपोषण के कार्यों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास की अपार संभावनाएं है, उसे देखते हुए वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी तीन राज्यों में स्थापित करने का संकल्प लें।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंचों को शुभकामनाएं दी और कहा कि पंचायतों के निर्वाचित सदस्य अपने -अपने संकल्प एवं दायित्वों को पूरा करने का प्रयत्न करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। अधोसंरचना निर्माण के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सुपोषण पर भी ध्यान केन्द्रित करना है।

कलेक्टर- एसपी ने मनोविकास केंद्र का लिया जायजा

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गुरुवार को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर मे संचालित मनोविकास केंद्र का जायजा लिया।

उन्होंने विभिन्न मानसिक विकारों से पीड़ित बच्चों को दी जा रही ईलाज की सुविधाएं की जानकारी ली एवं बच्चों के माता -पिता की प्रतिक्रियायें से अवगत हुए। अभिभावकों ने बताया कि मनोविकास केंद्र मे ईलाज से बच्चों मे सुधार आ रहा है।

कलेक्टर एवं एसएसपी ने केंद्र के एडमिन कक्ष, चिल्ड्रन हॉल,फिजियोथेरेपी रूम, ऑडियोमेट्री रूम सहित बैठक हाल का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों की जरुरत के अनुसार आवशयक ईलाज, अभ्यास, थिरेपी आदि नियमित रूप से कराने के निर्देश दिये।

बताया गया कि वर्तमान में 40 विशेष देखभाल वाले बच्चे मनोविकास केंद्र में भर्ती है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 3 स्पेशल एजुकेटर हैं। फिजियो थिरेपिस्ट, ऑडियो मेट्रियोलॉजिस्ट और योगा प्रशिक्षक हैं। मनोविकास केंद्र केवल डे बोर्डिंग है। दिन मे ही बच्चों को रखा जाता है। बच्चों को घर से लाने एवं पहुंचाने के लिए बस की सुविधा है।

उल्लेखनीय है कि डीएमएफ फण्ड से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से समाज कलयाण विभाग के माध्यम से संचलित होने वाले यह मनोविकास केंद्र अपने तरह का प्रदेश का पहला केंद्र है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

त्यौहारों के मद्देनजर नपा अध्यक्ष ने किया तालाब का निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। चेट्रीचंड और चैत्र नवरात्र को ध्यान में रखते हुए भाटापारा नगर पालिका के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर के माता देवालय वार्ड स्थित संत श्री झूलेलाल सरोवर (माता देवालय तालाब) का निरीक्षण कर तालाब की सफाई संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही सरोवर के सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि भाटापारा नगर में चेट्रीचंड और चैत्र नवरात्र पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इन त्यौहारों से नगरवासियों की धार्मिक आस्था जुड़ी है। ऐसे में नगरवासियों की आस्था अनुरूप त्यौहारों की भव्यता को बनाए रखने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी आवश्यक तैयारियों के लिए नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया है। वहीं इस दौरान चेट्रीचंड और चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारियों के तहत माता देवालय मंदिर के सामने स्थित संत श्री झूलेलाल सरोवर (माता देवालय तालाब) की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। माता देवालय तालाब का सफाई कार्य वार्ड पार्षद सतीश तलरेजा के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है, जिसमें स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पार्षद राजा कामनानी, पार्षद मनीष मिश्रा, सुरेश किंगरानी, हरीश मंधान, मनोज तिवारी एवं सीएमओ जफर ख़ान के साथ नगर पालिका के स्वास्थ्य, जल एवं प्रकाश विभाग के प्रमुख सहित वार्ड के गणमान्यजन भी उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में अफसरशाही की लापरवाही!

औचक निरीक्षण में डॉक्टर नदारद, देख भड़के विधायक रोहित साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला अस्पताल का राजिम विधायक रोहित साहू और महिला बाल आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति सामने आई। निरीक्षण के दौरान अधिकांश डॉक्टर व स्टॉफ ड्यूटी से नदारद मिले, जिससे विधायक ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।

डॉक्टरों की गैरमौजूदगी पर भड़के विधायक साहू : विधायक रोहित साहू ने अस्पताल की हाजिरी पंजी का निरीक्षण किया, जिसमें कई डॉक्टर और नर्स तीन-चार दिन से गैरहाजिर थे, जबकि कुछ डॉक्टरों के हस्ताक्षर पंजी में ही नहीं थे। इस लापरवाही पर उन्होंने तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी करने और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश जिला स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

विधायक ने कहाः गरीबों और आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉक्टर और स्टाफ अपनी ड्यूटी पर रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही अस्पताल में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू किया जाएगा। महिला बाल आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने भी अस्पताल की दुर्दशा पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों, महिलाओं और बच्चों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अस्पताल की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने साफ-सफाई और डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, पार्षद सूरज सिन्हा, सागर मयाणी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

अब क्या बदलेगा?

इस औचक निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन पर कठोर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। वहीं, मरीजों और उनके परिजनों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा और लापरवाह कर्मचारियों पर सख्ती होगी।

तीर्थ यात्रियों को नपा अध्यक्ष ने फूल-माला पहनाकर दी विदाई

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना की शुरुआत कर दी है। योजना के शुभारंभ के साथ ही बलौदाबाजार-भाटापारा जिला से 271 श्रद्धालुओं का दल रामेश्वरम-तिरुपति-मदुरै के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने तीर्थयात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर विदाई दी। शर्मा ने श्रद्धालुओं को सफल, सुखद तीर्थयात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि पूर्व में डॉ. रमन सिंह की सरकार में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना शुरू की गई थी, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालुओं ने लिया था लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। इसका शुभारंभ गुरुवार 27 मार्च को मुख्यमंत्री साय ने रायपुर रेलवे स्टेशन में विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया।

मवेशियों से भरा ट्रक बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा

अहिवारा में व्यवस्था नहीं होने के कारण मवेशियों को धमधा भेजा गया

नंदिनी-अहिवारा/नवप्रदेश। नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम खजरी एवं ग्राम माटरा के बीच देर रात मवेशियों से भरे ट्रक को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा है,बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि मवेशियों से भरी गाड़ी माजदा वाहन नवागढ़ से निकली थी, बेमेतरा में हमें सूचना मिली जिसके बाद से हम गाड़ी का पीछा करते करते देवरबीजा गाँव मे गाड़ी को रोकने का प्रयास किये गाड़ी के नही रूकने पर गाड़ी के टायर के समीप कील वाली लकड़ी को फेककर पंचर किया गया, जिसके बाद पंचर आलात में गाड़ी का ग्राम खजरी तक पीछा किया गया, जिसके बाद अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी भाग गए, सुबह 5 बजे के करीब सूचना मिली कि वही गाड़ी माटरा गांव के खड़ी है, लेकिन ड्राइवर और हेल्पर गाड़ी में नही है, जिसके बाद नंदिनी थाना के मदद से गाड़ी को थाना लाया गया, और सभी मवेशियों को बेहतर उपचार एवं देखरेख के लिए धमधा गौ साला लेकर गए,मामले में नंदिनी थाना पुलिस गाड़ी को जप्त कर पशु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की पता साजी कर रही है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मवेशी वाहन से आर सी बुक जप्त की गई है,जिसमे वाहन के मालिक का नाम राजेश्वर प्रसाद दुबे पता अविनाश टिम्बर मार्ट वार्ड नं 6 छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पास का दिखा रहा था।नगर पालिका अध्यक्ष विद्यांनंद कुशवाहा थाने पहुंचकर मवेशियों को देखा लेकिन चारा पानी की व्यवस्था नही करा पाई साथ ही अहिवारा में गौ साला एवं गौठान नही होने के कारण मवेशियों को धमधा भेजा गया।

छत्तीसगढ़ गौ रक्षा दल प्रांत

मनोज जंघेल/हरीश चौहान/हरि साहू/दीपाली चौधरी/मनोज वर्मा /वीर वर्मा/ रोमन पांडे/तनय लूनिया /गोल्डी शर्मा/प्रिंस परिहार

गौ रक्षा दल धमधा पीयूष ताम्रकार, वीर ताम्रकार, विकास अग्रवाल, देवेश साहू।सुरेश साहू, ज्ञानेंद्र ताम्रकार, वमन ताम्रकार केशव सोनकर दीपक सोनी रहे।

प्रोत्साहन | *प्रत्येक राज्य से एक विजेता को मिला 50 ग्राम का गोल्ड क्वाइन और दो विजेताओं को मिले 10 ग्राम के गोल्ड सिक्के*

फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2025' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं को किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। देश के अग्रणी खाद्य तेल ब्रांड फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने छत्तीसगढ़ के लिए 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड, ऑफर' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इस योजना के तहत, एक भाग्यशाली विजेता को 50 ग्राम का गोल्ड क्वाइन, और दो विजेताओं को 10 ग्राम के गोल्ड क्वाइन प्रदान किए गए हैं।

'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2024' को उत्सव के माहौल में उपभोक्ताओं से जुड़ने के उद्देश्य से पेश किया गया था। यह योजना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में लागू की गई थी। इन राज्यों में 100 उपभोक्ताओं ने रोज़ाना 1 ग्राम सोना ,जीता और साथ ही बंपर ड्रॉ में भाग लेने का मौका भी मिला। इस ऑफर में भाग लेने के लिए ग्राहकों को फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लावर, ऑयल के दो 1-लीटर पाउच खरीदने थे।

इस योजना को उपभोक्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य से 1 भाग्यशाली विजेता को 50 ग्राम का गोल्ड क्वाइन, जबकि प्रत्येक राज्य से 2 विजेताओं को 10 ग्राम के गोल्ड क्वाइन दिए गए। इसके अलावा, कुल 5500 विजेताओं को 1 ग्राम सोने का सिक्का प्रदान किया गया। विजेताओं की सूची पर भी प्रकाशित की गई। इस योजना के लिए पाइन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में शामिल किया गया था।

जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) श्री पी. चंद्रशेखर रेड्डी ने कहा, ÷फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स हमेशा से अपने उपभोक्ताओं को सिर्फ गुणवत्ता और सुरक्षित उत्पाद देने से आगे बढ़कर, अनूठी प्रचार योजनाओं के माध्यम से भी उन्हें खुशियां देने के लिए प्रयासरत रहा है। 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2024' के माध्यम से हमने लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। हम सभी भाग्यशाली विजेताओं को बधाई देते हैं और इस योजना को सफल बनाने के लिए सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हैं।

इस अवसर पर, फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स के जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) श्री चेतन पिंपलखुटे ने कहा, हमारा लक्ष्य लोगों को स्वस्थ खाना पकाने की आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है, और इसी उद्देश्य से हमने 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2024' पेश किया। यह सीमित अवधि की योजना थी, जिससे ग्राहकों को फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स के स्वास्थ्य लाभों के साथ-साथ हर दिन एक गोल्ड कॉइन जीतने का भी मौका मिला। हम सभी भाग्यशाली विजेताओं को बधाई देते हैं और इस योजना को सफल बनाने के लिए सभी ग्राहकों का धन्यवाद करते हैं।

फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स के बारे में फ्रीडम ब्रांड जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड (तश्वस्र इंडिया) का प्रमुख ब्रांड है। फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स की श्रृंखला में फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल, फ्रीडम फिजिकली रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल, फ्रीडम कच्ची घानी सरसों तेल, फ्रीडम ग्राउंडनट ऑयल, कृपा दीपम ऑयल और बी-राइट रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल शामिल हैं। फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल को 2010 में आंध्र प्रदेश और ओडिशा में लॉन्च किया गया था। यह लगातार चौथे वर्ष भारत का नंबर 1 सनफ्लावर ऑयल ब्रांड बना हुआ है (स्रोतः Nielsen IQ डेटा, फरवरी 2024)। फ्रीडम राइस ब्रान ऑयल को 2015 में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लॉन्च किया गया था। 2020 में, इंडिया टुडे 'ढ्ढश्चह्यश्ह्य अर्बन कंज्यूमर सेंटिमेंट सर्वे' के अनुसार, फ्रीडम को भारत के शीर्ष पांच कुकिंग ऑयल ब्रांड्स में शामिल किया गया था।

न्यूज गैलरी

ई-कॉमर्स की मदद से सशक्त हो रहे छोटे कारोबारी, मिल रहा बढ़ावा

दिल्ली। टेक्नोलॉजी आज केवल प्रोग्रामिंग और कंप्यूटिंग भाषाओं तक ही सीमित नहीं है। इससे परे टेक्नोलॉजी लोगों की समस्याओं को हल करने और जीवन को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ई-कॉमर्स इंडस्ट्री है, जिसका प्रभाव न केवल व्यवसायों पर बल्कि भारत के लाखों लोगों के जीवन पर भी देखा जा सकता है। परिवार से दूर होने के कारण, यास्मीन अपना खुद का कुछ करना चाह रही थीं। पहले यह सिर्फ एक रचनात्मक शुरुआत थी, लेकिन जब उनके पति को एक जानलेवा बीमारी हो गई और वे दुबई से भारत लौट आए तो यास्मीन का व्यवसाय हीं उनके परिवार की आय का एकमात्र स्रोत बन गया। यास्मीन उन हजारों उद्यमियों और किसानों में से एक हैं जिन्हें भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने अपने डिजिटल मार्केटप्लेस के माध्यम से वैश्विक बाजार से जुड़ने में मदद की है।

ओला, उबर की तरह कैब सेवा शुरू करने जा रही सरकार

नई दिल्ली। दिसंबर 2024 में ओला, उबर के खिलाफ आईफोन तथा एंड्रॉयड यूजर से अलग-अलग किराया वसूले जाने की शिकायत मिली थी। इसके बाद सरकार ने सहकार टैक्सी योजना शुरू करने की तैयारी की है। लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने इस योजना के बारे में जानकारी दी।

चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई

सोने में चार दिन की गिरावट थमी, 235 बढ़कर 90685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को सोने की कीमत चार दिन की गिरावट के सिलसिले को तोड़ते हुए 235 रुपये की तेजी के साथ 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को सोने की कीमत चार दिन की गिरावट के सिलसिले को तोड़ते हुए 235 रुपये की तेजी के साथ 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 235 रुपए बढ़कर 90,235 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पहले इसका भाव 90,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि हाल ही में हुए नुकसान के बाद खुदरा विक्रेताओं की ताजा खरीदारी से सोने की कीमतों में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझानों ने भी धारणा को प्रभावित किया। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 0.16 प्रतिशत बढ़कर 3,024.96 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इसके अलावा, एशियाई बाजार में अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 3,059.10 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया। जानकारों के अनुसार सुरक्षित निवेश की मांग और स्वर्ण-आधारित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) से मजबूत प्रवाह के कारण बुधवार को सोने में मामूली तेजी आई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ÷अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ निर्णय को लेकर अनिश्चितता सुरक्षित धातु सोने को समर्थन देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक प्रतीत होता है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट- कमोडिटी एवं करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा कि बाजार सहभागी अमेरिकी जीडीपी और कोर पर्सनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर (पीसीई) मूल्य सूचकांक सहित प्रमुख समष्टि आर्थिक आंकड़ों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो इस सप्ताह के अंत में जारी होने वाले हैं। त्रिवेदी ने कहा, व्यापक प्रवृत्ति रूस-यूक्रेन की स्थिति के घटनाक्रम से भी प्रभावित होगी, जो सुरक्षित निवेश की मांग को बढ़ावा देती रहेगी। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी-कमोडिटी रिसर्च, कायनात चैनवाला के अनुसार, निवेशक ब्याज दरों की दिशा और बुलियन कीमतों के लिए भविष्य की कार्रवाई के बारे में आगे के मार्गदर्शन के लिए फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के सदस्यों पर भी बारीकी से नजर रखेंगे।

मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी

देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी 'इनोवेशन': केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'इनोवेशन' देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी है। इसी के साथ ट्रेडमार्क सर्च और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन में मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने इनोवेटर्स और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया। 'राष्टीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने विधायी परिवर्तनों, प्रशासनिक सुधारों और इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई पहलों के जरिए आईपी इकोसिस्टम को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है। हमें बहुत गर्व है कि 'शून्य' की उत्पत्ति भारत से हुई है। शतरंज को भी अब एक खेल के रूप में पहचाना जा रहा है, जिसकी उत्पत्ति हमारी प्राचीन परंपरा चतुरंग से हुई है। 'इनोवेशन' देश के विकसित भारत बनने की यात्रा को परिभाषित करेगा। रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि कोई भी देश इनोवेशन, नए विचारों, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए बिना विकसित होने का दावा नहीं कर सकता।

एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लॉन्च की आईपीटीवी सर्विस

इंदौर। भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने पूरे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी आईपीटीवी सेवाएँ शुरू की, जो ग्राहकों को बेहतरीन बड़ी स्क्रीन पर कंटेंट देखने का अनुभव प्रदान करती है।

इस सेवा के तहत ग्राहकों को सोनी लिव, नेटफ्लिक्स, एप्पल टीवी+, अमेजन प्राइम, जी5 सहित 29 प्रमुख स्ट्रीमिंग ऐप्स, 600 से अधिक लोकप्रिय टीवी चैनल और वाई फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेवा ?599 से शुरू होने वाले प्लान्स में मिलेगी।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 19210 दिनांक 27.03.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651P00138 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR AGRAWAL पिता/पति श्री RAMJI LAL AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती JITENDRA JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI TEJPAL JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार राम आसरे साहू (RAM AASRE SAHU) पिता गया प्रसाद साहू उम्र 39 वर्ष निवासी रिसाली बस्ती शासकीय प्राईमरी स्कूल के पीछे, रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. रहने वाला हूं, मेरे पक्षकार की पुत्री अंकिता साहू के स्कूल शारदा विद्यालय रिसाली के दाखिल खारिज एवं शालेय अभिलेख में मेरे पक्षकार का नाम राम आसरे साहू (RAM AASHRE) है तथा मेरे पक्षकार की पुत्री का प्रवेश आर.टी.ई. के माध्यम से शारदा विद्यालय रिसाली में हुआ है।

यह कि मेरे पक्षकार के नाम का सही स्पेलिंग (RAM AASARE SAHU) है जो कि मेरे पक्षकार के आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मेरे पक्षकार की पुत्री अंकिता साहू के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है, जो कि सही एवं सत्य है।

यह कि मेरा पक्षकार अपनी पुत्री के शालेय अभिलेख में अपना नाम सही नाम (RAM AASRE SAHU) दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार को उनके पूर्ण नाम राम आसरे साहू (RAM AASRE SAHU) से लिखा पढ़ा व जाना पहचाना जावेगा।

तदानुसार सूचना जाने।
स्थान- दुर्ग
दिनांक 27/03/2025

अधिवक्ता
उत्तम चौधरी एडव्होकेट
जिला- कोर्ट ग दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8770155412

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19401 दिनांक 27.03.2025
वार्ड का नाम- 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR567D00724 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DINDAYAL SAHU पिता/पति KHILAVAN RAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती LAXMI RATHOR पिता/पति DEELIP RATHOR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।
श्रीमती राजेश्वरी पटेल
जोन कमिश्नर
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19311 दिनांक 27.03.2025
वार्ड का नाम- 68- खूबचंद बघेल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR567G00039 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती KAMENDRA GUPTA पिता/पति PREMNARAYAN GUPTA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MEENA INGELE पिता/पति LATE YASHAWANT INGELE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।
जोन कमिश्नर
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पिता बहलराम जाति लोधी निवासी ग्राम जामगांव तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम जामगांव में दिनांक 11/11/2010 को आवेदक के पिता/पति/ माता/ पत्नी/ पुत्र/ पुत्री बहलराम की जन्म/मृत्यु हो जाने के कारण उस व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 20/03/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किय गया।

दिनांक
स्थान- देवकर
सील
तहसीलदार
देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202503240700052/ अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर बालोद जिला बालोद का पत्र क्रमांक 610/प्र.कले./2024 बालोद, दिनांक 03.12.2024 के अनुसार सहायक निदेशक, आमसूचना ब्यूरो, कार्यालय संयुक्त निदेशक रायपुर द्वारा कार्यालय- सह - निवास काम्प्लेक्स निर्माण हेतु बालोद जिले में 10,000-15,000 वर्गफीट शासकीय भूमि की मांग की गई है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक बालोद द्वारा नगर बालोद प.ह.नं. 06 तहसील बालोद स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 924/1 (नजूल) एवं ख.नं. 925/1 (शामिल 925/1) नजूल (आबादी) का टु. रकबा 0.1144 हे. (28 डिसमिल) प्रस्तावित किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 11/04/2025 तक प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

सील
तहसीलदार
बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
Email ID: eocghbzone02@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित एलआईजी फ्लैट क्र. 92, ब्लाक नं.-04 (पांचवां तल) को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 483 दिनांक 27.03.2006 के द्वारा श्री राजू कोल्हे पिता श्री नानोबाजी कोल्हे के नाम भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 142 दिनांक 10.01.2023 को फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर उपपंजीयक कार्यालय से दिनांक 16.06.2016 में सेलडीड निष्पादित करा लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी श्री राजू कोल्हे पिता स्व. नानोबाजी कोल्हे निवासी न्यू आदर्श नगर, सड़क नं. 06 जोन-2, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री शुभम नंदनवार पिता श्री गोविंद नंदनवार निवासी पदुम नगर, पूर्व काली मंदिर के पीछे चरोदा भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति मय विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
निविदा संशोधन सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2025/1387/361A   भिलाई, दिनांक 21/03/2025

नगर पालिक निगम भिलाई का निविदा सूचना का विज्ञापन क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2025/1368/361 दिनांक 11.03.2025 समाचार नवप्रदेश में दिनांक 14.03.2025 को प्रकाशित किया गया था। उक्त निविदा क्रमांक 02 में जोन-01 नेहरू नगर स्थित वार्ड-01 खम्हरिया उच्चस्तरीय जलागार का मुख्य आउटलेट वाल्व का संधारण कार्य त्रुटिवश अंकित हो गया है।

अतः उक्त कार्य के स्थान पर जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत स्थित जलागारों के मुख्य आउटलेट वाल्व एवं जल वाहिनी के कंट्रोल वाल्व का संधारण कार्य (वर्ष 2025-26) पढ़ा जावें। शेष नियम शर्तें एवं निविदा दिनांक यथावत रहेगी।

जोन आयुक्त

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19329 दिनांक 24.03.2025
वार्ड का नाम-19- डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802B00815 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Shri Ram Verma पिता/पति श्री/श्रीमती pariram Verma के नाम दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. Kismata Devi Verma W/O LT. Shriram Verma 2. Dharmendra Kumar Verma S/O LT Shri Ram Verma 3. Pawan Verma S/O LT. Shriram Verma 4. Pooja Verma D/O lt. Shriram Verma पिता/पति श्री/श्रीमती ... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **बी-1 एवं मृत्यु प्रमाण पत्र द्वारा**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
Email ID: eocghbzone02@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित एलआईजी फ्लैट क्र. 92, ब्लाक नं.-04 (पांचवा तल) को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 482 दिनांक 27.03.2006 के द्वारा श्री राजू कोल्हे पिता श्री नानोबाजी कोल्हे के नाम भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 142 दिनांक 0.01.2013 को फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर उपपंजीयक कार्यालय से दिनांक 16.06.2016 को सेलडीड निष्पादित करा लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी श्री राजू कोल्हे पिता स्व. नानोबाजी कोल्हे निवासी न्यू आदर्श नगर, सड़क नं. -06, जोन-2, दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा फ्लैट को क्रेता श्री शुभम नंदनवार पिता श्री गोविंद नंदनवार, निवासी पदुम नगर, पूर्व काली मंदिर के पीछे, चरोदा भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति मय विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
Email ID: eocghbzone02@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित एलआईजी फ्लैट क्र. 75, ब्लाक नं.-04 (प्रथम तल) को श्री दिलीप पृथवानी पिता स्व. श्री आयलदास पृथवानी के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा अपने पक्ष में दिनांक 01.06.2007 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत पूर्ण मूल्य जमा कर उक्त फ्लैट का इस कार्यालय के पत्र क्र. 6414 दिनांक 28.10.2010 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है, उदुपरांत दिनांक 13.02.2020 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को क्रेता अंजली कुमारी पिता श्री अर्जुन प्रसाद सिंह, निवासी फ्लैट क्र.78, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, खम्हारडीह रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 11.12.2024 को (विक्रय विलेख) निष्पादित किय गया है। वर्तमान में अंजली कुमारी पिता श्री अर्जुन प्रसाद के द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के फ्री-होल्ड पश्चात मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज किए जाने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति मय विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 19156 दिनांक 27.03.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651P00196 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SURESH SUNDRANI पिता/पति श्री LT. LACCHI RAM के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती DEEPAK KUMAR ANDANI AND VISHAL KUMAR पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI BHAJAN LAL ANDANI AND SHRI KRAKASH KUMAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 19153 दिनांक 27.03.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651P00470 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR BAJAJ पिता/पति श्री LATE CHANAL DAS के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MANORAMA AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SURESH KUMAR AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

श्रीमान कार्यपालक दण्डाधिकारी महोदय रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
शपथ पत्र

मैं मोहम्मद मोकिंम MOHAMMAD MOKIM आ. शाह मोहम्मद SHAH MOHAMMAD उम्र 69 वर्ष निवासी निवासी ग्राम बिरगांव थाना उरला तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1 यह कि उपरोक्त पते पर निवास करता हूं मेरी जन्मतिथि 2.06.1955 है ।

2 यह कि मेरा पुराना नाम मोहम्मद मोकिंम MOHAMMAD MOKIM आ. शाह मोहम्मद SHAH MOHAMMAD है तथा मैं पुराने नाम से जाना पहचाना जाता था जो कि मेरे आधार कार्ड शैक्षणिक दस्तावेज जन्मप्रमाण पत्र मार्क शीट एवं शासकीय अर्द्धशासकीय अभिलेखों दस्तावेजों में दर्ज है ।

यह कि मैं अपना पुराना नाम मोहम्मद मोकिम MOHAMMAD MOKIM आ शाह मोहम्मद SHAH MOHAMMAD त्याग कर नया नाम एम बी मुकीमुद्दीन MB MUKIMUDDIN तथा पिताजी के नाम के स्थान पर शाह मोहम्मद SHAH MOHAMMAD रख लिया है। यह कि मोहम्मद मोकिम MOHAMMAD MOKIM आ शाह मोहम्मद SHAH MOHAMMAD तथा एम बी मुकीमुद्दीन MB MUKIMUDDIN तथा पिताजी के नाम के स्थान पर शाह मोहम्मद SHAH MOHAMMAD ये दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।

5. यह कि मैं अपना आधार कार्ड शैक्षणिक दस्तावेज मार्कशीट जन्मप्रमाणपत्र शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में परिवर्तित नाम की भिन्नता को दूर करने व एक ही नाम से जाना पहचाना पढ़ा एवं पुकारा जाने के लिए अपना परिवर्तित नये नाम का शासकीय राजपत्र के प्रकाशन में किए जाने बाबत यह समक्ष अधिकारी द्वारा मांग पर सादर प्रस्तुत है

सत्यापन :- मैं मोहम्मद मोकिम MOHAMMAD MOKIM आ. शाह मोहम्मद SHAH MOHAMMAD उम्र 69 वर्ष, निवासी ग्राम बिरगांव, थाना उरला तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास व जानकारी में सत्य व सही है एवं मेरे बताए अनुसार टंकित किया गया है कि जो आज दिनांक ... को स्थान रायपुर में पढ़कर, समझकर, स्वीकार कर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया कि सनद रहे वक्त जरूरत पर काम आवे।

शपथकर्ता

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार रायपुर

क्रमांक 76/न.पा.नि./जोन क्र.-08/2025   रायपुर, दिनांक 26/03/2025

निविदा संशोधन सूचना

नगर पालिक जोन क्रमांक-8 द्वारा जारी निविदा क्र.-76 दिनांक 26.03.2025 को निविदा जारी किया गया था। जिसमें सरल क्रमांक 11 के कार्य में संशोधन किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य क्रमांक	पूर्व कार्य का विवरण	संशोधित कार्य का विवरण
11	शहीद भगत सिंह वार्ड-21 अंतर्गत टाटीबंध माध्यमिक शाला में प्लास्टर, पेंटिंग, खिड़की, दरवाजा, सिपेज एवं रिपेयरिंग कार्य। (अधोसंरचना मद) राशि रु.15.00 लाख	शहीद भगत सिंह वार्ड-21 अंतर्गत टाटीबंध प्राथमिक शाला में प्लास्टर, पेंटिंग, खिड़की, दरवाजा, सिपेज एवं अन्य कार्य। (अधोसंरचना मद) राशि रु. 15.00 लाख

शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.कं. /ई-कोर्ट रजि नं.- पक्षकार का नाम 202503100400405, अ-2/2024-25- श्रीमती गीता सिंह

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती गीता सिंह पति श्री बुद्धिमान सिंह, निवासी पटेल कालोनी दल्लीराजहरा, द्वारा अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 तह. व जिला दुर्ग	672/142	0.0169 हे. 1815.5 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक, या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.कं. /ई-कोर्ट रजि नं.- पक्षकार का नाम 202503100400406, अ-2/2024-25-श्री अमिय कुमार दास

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती श्री अमिय कुमार दास आ. श्री बालमुकुंद दास, निवासी मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 तह. व जिला दुर्ग	663/18	0.003 हे./ 300 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक, या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.कं. /ई-कोर्ट रजि नं.- पक्षकार का नाम 202503100400414, अ-2/2024-25- श्रीमती दीपमाला राजपूत

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती दीपमाला राजपूत पति श्री मनोहर सिंह राजपूत, निवासी साईं नगर उरला जिला दुर्ग, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.नं. 16 तह. व जिला दुर्ग	829/43	0.0084 हे./ 900 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक, या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX (A Government of Chhattisgarh Undertaking)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (TRANS.) QTR. NO.-C-08/11, FIRST FLOOR, DANGANIYA, RAIPUR (C.G.) -492 013
Website- www.cspc.co.in e-mail: - cetrans.raipur@cspc.co.in Ph.No. 0771-2574411,4450

No.02-19/Tender/P-66/1439   Raipur, Dtd. 26.03.2025

NOTICE INVITING TENDER
(Through e-bidding in SAP SRM System)

Sealed tenders are invited from eligible contractors for following work :-

Sl	Tender No.	Particulars of work	Quantity	EMD (in Rs.)	Due date
1	02-19 /Tender/ P- 66/ 1439 Dt. 26 /03/2025 RFx No. 8100042332	Labour contract for grass cleaning, uprooting of wild growth/grass/shrubs etc. of the switchyard of 400KV S/S Raita & Khedamara and maintaining the yard clean for the period of 01 year.	i) Raita-94715.46 Sq.mtr (without concrete at base level) ii) Khedamara - 67,488.30 Sq.mtr (without concrete at base level) + 33,000 Sq.mtr. (with concrete at base level). Total - 1,62,203.76 Sq.mtr. (without concrete at base level) & 33,000 Sq.mtr (with concrete at base level) (Approx.)	Rs. 14840/-	17 /04 /2025 14:30Hrs

Note: Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

// Save Electricity //   S.- 43351/1

Chief Engineer (Trans.)
CSPTCL: Raipur (C.G.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजन जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

स. क्र.	कार्य का नाम	निविदा सूचना क्र. / सिस्टम निविदा क्र./दिनांक	अनुमानित लागत	निविदाकार की योग्यता
1.	धमतरी जिले के विकासखंड कुरूद की महानदी मुख्य नहर की वितरक शाखा क्रमांक 4 से 0 मी. से 6000 मी. तक तथा चोरभट्टी माईनर का लाईनिंग कार्य।	08/व.ले.लि./ 2024-25/165997 दिनांक- 26.03.2025 (प्रथम आमंत्रण)	रु. 264.36 लाख	PWD से पंजीकृत 'बी' वर्ग एवं उससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदार
2.	धमतरी जिले के विकासखंड धमतरी की महानदी परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर के आर.डी. 10000 मी. से 15000 मी. तक लाईनिंग एवं मरम्मत कार्य।	09/व.ले.लि./ 2024-25/165998 दिनांक 26.03.2025 (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 193.18 लाख	PWD से पंजीकृत 'सी' वर्ग एवं उससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदार

Date-Time Datail (s)
(Tender Time Schedule)

1. **Bid Stare Date and time : 02.04.2025, 17:31 Hours**
(The date and time from which bidders start preparration) Submission of their bid respopse, before this bidder's action will be allowed)
2. **Bid Due Date and time : 16.04.2025, 17:30 Hours**
(The last date & time for submission of bid respopse, after which no bids can be submitted)
3. **Bid Open Start Date and time : 17.04.2025, 11:30 Hours**
(The Date of Opening of Envelope- A & B online)

The bids of the contractors have to be digitally signed by the Digital Certitice of the contractor before submitting the bids online
Any clarification/doubts regarding the process of eProcurement System (EPS) may be obtainded from EPS Desk toll Free 1800 258 2502 or on email helpdesh eproc@cgswan.gov.in.
All the contractors are required to submit Envelope 'A' online only.
Physical submission of Envelope 'A' shall only be done by the tenderer whose financial bid is found the lowest manner describid in para 2.1.5. (A)

जी-242506170/3

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र.2, रुद्री
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जिले में गहराया जल सकंट, नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध

■ **जल संकट से निपटने के लिए प्रशासनिक इंतजाम नहीं**

खैरागढ़/नवप्रदेश। नए जिले मे गर्मी के कारण लगातार गिरते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाते आगामी दो माह तक जिले मे नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है । कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने इसके आदेश जारी कर दिए । गर्मी में पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने गर्मी में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिले में एक अप्रैल से 30 जून तक नया नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए है । जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 03 तहत जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत खैरागढ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य

प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। साथ ही शासकीय एजेंसी को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। उक्त कार्यवाही 01 अप्रैल से 30 जून 2025 अथवा मानसून के आगमन तक की अवधि के लिए है। आवश्कतानुसार अवधि बढाई जा सकती है।

जिले में लगातार गिर रहा जलस्तर

लगातार बढ़ती गर्मी से हर साल जिले मे जलस्तर मे गिरावट दर्ज की जा रही है । इस साल भी मार्च माह मे ही कई गांवो मे हैंडपंप सहित नलकूपो मे जलस्तरी गिरने और ऐसे स्थान ड्राई होने की शिकायत लगातार बढ़ रही है । बताया गया कि लगातार बढ़ते सीमेंटीकरण, सीसी सडको के बिछ रहे जाल से जलस्त्रोतो से जमीन के अंदर जाने वाले पानी की रिचार्ज मात्रा लगातार कम हो रही है । जिसके कारण समय से पहले ही जलस्तर तेजी से घटने लगे है । ग्रामीण अंचलो मे जलसंचयन के लिए बनाए गए तालाब भी लगभग सूखने की कगार पर पहुँच गए है । कई गांवो मे तालाबो को भरने अभी से विभिन्न स्त्रोतो से मांग आनी शुरू हो चुकी है । पंचायतों मे भी पेयजल व्यवस्था मे इसका व्यापक असर पड़ रहा है । जगह जगह नलकूप और बोर खनन से जलस्तर को व्यापक नुकसान भी पहुँच रहा है । जिसके चलते इस साल की गर्मी मे पेयजल समस्या विकराल रूप ले सकती है । शहर सहित ग्रामीण इलाको मे मई जून माह मे ही व्यापक रूप से जलसंकट की स्थिति बनती है । लेकिन इसको लेकर अब तक प्रशासनिक इंतजाम शुरू नही किए गए है।

संक्षिप्त खबरें

खड़ी ट्रक से टकराए कार चालक युवक की इलाज के दौरान मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। बाजार अतरिया इलाके मे खड़ी ट्रक से टकराए इनोवा सवार की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई । मंगलवार रात अपने इनोवा वाहन से खैरागढ़ लौट रहे शहर के बरेठपारा निवासी ताम्रध्वज जंघेल बाजार अतरिया के पास स्थित पेट्रोलपंप के पास सडक किनारे खड़ी ट्रक से भिड़ंत हो गई थी ।

हादसा इतना बड़ा था कि इनोवा कार का चालक तरफ का हिस्सा दो फीट तक अंदर धंस गया था । वाहन चला रहे ताम्रध्वज जंघेल इस दुर्घटना मे बूरी तरह वाहन मे ही फंस गया था । जिसे मशक्कत और वाहन को तोडफोड़ कर निकाला गया था । आनन फानन मे ताम्रध्वज को सिविल अस्पताल इलाज के लिए लाया गया था । जहाँ उसकी गंभीर हालत को देखते उसे भिलाई रिफर किया गया था । भिलाई स्थित निजी अस्पताल मे इलाज के दौरान ताम्रध्वज की बुधवार देररात मौत हो गई । गुरूवार को शव शहर के बरेठपारा स्थित निवास लाया गया । दोपहर बाद युवक का अंतिम संस्कार हूआ ।

सचिन वडोले एवं कृष्णा यादव के हत्यारों को फांसी की सजा हो-धनराज

रायपुर/नवप्रदेश। धनराज वडोले एवं स्व. कृष्णा वडोले की मां निवासी शिव नगर न्यु चंगोराभाठा प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में अपनी व्यथा को व्यक्त करते हुए बताया कि उनके पुत्र सचिन वडोले एवं कृष्णा यादव की हत्या 30 दिसंबर 2024 को रात दस बजे नशेड़ियों ने मिलकर कर दी। धनराज ने बताया कि उनका पुत्र सचिन बजरंग दल का सदस्य था। सचिन और कृष्णा रोज नशेड़ियों को शिवमंदिर में गांजा का सेवन करने से रोकते थे। इस बात का बदला उन्होंने दोनों के सिर पर बड़ा पत्थर पटककर कुचलकर उनकी हत्या कर दी। कृष्णा यादव एवं सचिन वडोले की हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये हैं। उनकी जमानत नहीं हुई है। सचिन वडोले की बहन एवं धनराज ने बताया कि सचिन एवं कृष्णा उनके बूढ़ापे का सहारा थे। दोनों परिवारों में अब कोई कमाने वाला नहीं है। कृष्णा की मां एवं धनराज ने पुलिस प्रशासन एवं जिला न्यायालय से हत्यारों को फांसी की सजा दिलवाये जाने की मांग की है।

बड़े टैक्स बकायादारों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, कई गोदाम और फैक्ट्रियां सील

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की टैक्स बकायादारों के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी है। जोन 10 राजस्व विभाग की टीम ने जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में देवपुरी क्षेत्र में बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई की। वार्ड नम्बर 53 स्थित देवपुरी इलाके में अनूप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, एकता अग्रवाल द्वारा संचालित ट्रैक्टर डीलर व्यवसायिक भूमि पर वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक का कुल 32 लाख 94 हजार 675 रुपये का टैक्स बकाया होने के कारण उनके 5 गोदाम सील कर दिए गए। इसके अलावा हरीश अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल की टाइल्स फैक्ट्री टिसाफर, सचिन इंटरप्राइजेस, और जलाराम इंटरप्राइजेस द्वारा संचालित खिलौना फैक्ट्री का बकाया नहीं चुकाने पर फैक्ट्रियां भी सील कर दी गईं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि का भुगतान नहीं करने वाले अन्य बड़े बकायादारों पर भी जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

एम्स में 22 वर्षीय युवती का हुआ सफल किडनी ट्रांसप्लांट

रायपुर/नवप्रदेश। एम्स रायपुर अंगदान और अंग प्रत्यारोपण का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है, जिससे गरीब एवं वंचित मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट जैसी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। यहां 20 बेड की किडनी ट्रांसप्लांट वार्ड विकसित किया जा रहा है और हाई ट्रांसप्लांट के लिए मेडिकल स्टाफको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 18 मार्च को एम्स रायपुर ने 50वां किडनी ट्रांसप्लांट को सफलतापूर्वक पूरा किया। अनूपपुर की 22 वर्षीय छात्रा को उसकी माता द्वारा दान की गई किडनी प्रत्यारोपित की गई, वह जनवरी 2024 से किडनी रोग से पीड़ित थी और मार्च 2024 से डायलिसिस पर थी। एम्स रायपुर के रिनल ट्रांसप्लांट टीम ने यह सर्जरी सफलतापूर्वक की, और वर्तमान में डोनर एवं प्राप्तकर्ता दोनों स्वस्थ रूप से उबर रहे हैं। किडनी ट्रांसप्लांट टीम में ट्रांसप्लांट सर्जनः डॉ. अमित शर्मा, डॉ.दीपक कुमार बिस्वाल, डॉ.सत्यदेव शर्मा, एनेस्थेटिस्टः डॉ.सुभ्रत कुमार सिंघा, डॉ.मयंक कुमार, डॉ.जितेंद्र, ट्रांसप्लांट फिज़ीशियन डॉ. विनय राठौर, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर विशाल, अंबे वीनेता, ट्रांसप्लांट नर्सिंग ऑफिसर रामनिवास, बी. किरण, सोनू आदि शामिल थे।

गौवंश से भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा

दुर्ग-रायपुर/नवप्रदेश। जिले के अहिवारा क्षेत्र में 32 गौवंश से भरी एक ट्रक को पुलिस ने पकड़ा है जानकारी है कि उक्त ट्रक में गौवंश को ठूंस-ठूंस कर भरकर उन्हें मुंगेली से नागपुर के कत्लखाने ले जाया जा रहा था। इधर पुलिस सूत्रों कि माने तो मुखबिर से जानकारी मिलने के आधार पर नंदनी थाना पुलिस ने माटरा और खजरी गांव के बीच सड़क पर घेराबंदी कर गौवंश से भरे ट्रक को पकड़ा पर पुलिस को देख ड्राइवर और सह-चालक मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने गौवंश को थाने लाकर चारा-पानी दिया और पशु चिकित्सकों से उनका इलाज कराया जा रहा है साथ ही बताया गया कि नंदनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीएम मोदी की सभा में जुटेंगे 2 लाख से अधिक लोग!

55 एकड़ मैदान में बनेंगे डोम

रायपुर/नवप्रदेश। 30 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी बिलासपुर के दौरे पर आएंगे। जिसकी तैयारियां तेजी से चल रही है। बिल्हा के मोहभट्ठा गांव में 55 एकड़ मैदान पर पांच अलग-अलग डोम तैयार किया जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब पीएम की सभा में 2 लाख से ज्यादा लोग जुटेंगे।

पीएम मोदी के दौरे को लेकर प्रशासन सक्रिय

पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर भव्य तैयारी चल रही है। जिसके लिए पांच डोम के अलावा प्रधानमंत्री मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अलावा राज्यपाल रमन डेका समेत अन्य अधिकारियों के लिए ग्रीन रूम तैयार किया जा रहा है, जो बिल्कुल सभा स्थल से लगा हुआ है. सड़क तैयार की जा रही है। इसके अलावा कई तरह के अलग-अलग सेक्टर भी बनाए जा रहे हैं. बिल्हा क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के आने की अलग से खुशी है। सबसे बड़ी बात यह है की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। यही वजह है कि डेढ़ सौ से ज्यादा मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे जो लोगों की चेकिंग के बाद ही उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के सभा स्थल पर जाने की अनुमति देगी। विशेष सुरक्षा इंतजारों के अलावा कोई ऐसे पहलू हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी के लिए अलग से तैयार किया जा रहे हैं।

मंत्रियों ने लिया जायजा

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के अलावा उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी सभा स्थल का जायजा लेकर कलेक्टर अवनीश शरण और आईजी डॉक्टर संजीव शुक्ला के अलावा पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अलग-अलग निर्देश जारी कर चुके हैं। सुविधाओं के अलावा सुरक्षा और संरक्षा भी इनकी जिम्मेदारी का हिस्सा है यही वजह है कि अलग-अलग तरह से सभी को जिम्मेदारियां बांट दी गई है।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर जवान

30 मार्च को दोपहर 2:00 बजे प्रधानमंत्री मोदी की आमद होने वाली है। 55 एकड़ मैदान में डोम तैयार करने वाले कारीगर प्रोत्साहित है, क्योंकि वह देश के प्रधानमंत्री के आने की जगह बना रहे हैं। पूछने पर की कभी जब उनसे मोदी जी की मुलाकात हो गई वे क्या कहेंगे? कहते हैं अपने क्षेत्र की समस्या बताएंगे उनके खुद के पास में राशन कार्ड घर आवास जैसी सुविधा नहीं है उसे भी वे मोदी जी के सामने लाएंगे लेकिन यह भी कहते हैं कि प्रधानमंत्री से बात करने और उनके सामने आने की बात बहुत दूर की है. मस्तूरी क्षेत्र के लगभग 22 मजदूर 2 लाख लोगों की सुरक्षा को देखते हुए इस जगह पर तैयार हो रहे अलग-अलग डोम को और मजबूत करने में लगे हैं।

हाईकोर्ट का फैसला

2006 से पहले रिटायर कर्मचारियों को 4 महीने में संशोधित पेंशन जारी करे सीजी और एमपी सरकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने एक फैसले में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों को छठवें वेतन आयोग योजना के तहत 2006 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन लाभ का भुगतान करने का निर्देश दिया है. जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन पेंशनर्स संघ बनाम छत्तीसगढ़ राज्य के मामले में ये फैसला सुनाया है।

याचिकाकर्ता छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन पेंशनर्स संघ सरकारी महाविद्यालयों के पेंशनभोगियों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक पंजीकृत संस्था है. संस्था ने 1 जनवरी 2006 से पहले सेवानिवृत्त होने वालों के साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट ने याचिका लगाई थी. याचिका में कहा गया था, कि 2006 के बाद सेवानिवृत्त हुए लोगों को छठे वेतन आयोग का लाभ दिया गया, जबकि इससे पहले सेवानिवृत्त हुए उनके समकक्षों को इससे वंचित रखा गया, जो भेदभाव के समान है।

इससे पहले, सोसायटी ने डब्ल्यूपी संख्या 5333/2012 दायर की थी, जिसका निपटारा 25 जनवरी, 2018 को किया गया था, जिसमें अधिकारियों को एक अभ्यावेदन पेश करने का निर्देश दिया गया था. छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने 28 फरवरी, 2018 के एक आदेश के माध्यम से उनके अभ्यावेदन को खारिज कर दिया गया था, जिसके कारण उन्हें वर्तमान याचिका दायर करनी पड़ी।

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि इस तरह का वर्गीकरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, जो कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है. छत्तीसगढ़ राज्य ने तर्क दिया कि 2006 से पहले रिटायर लोगों को लाभ देने से राज्य के खजाने पर अनुचित वित्तीय बोझ पड़ेगा.

जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए राज्य के तर्क को खारिज कर दिया. कोर्ट ने कहा, कि मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 के अनुसार मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों को पेंशन भुगतान की देयता साझा करनी होगी. राज्य को 120 दिनों के भीतर संशोधित पेंशन जारी करने का निर्देश दिया है.

हाइवा ने बाइक सवार को रौंदा, दो लोगों की मौत

तिल्दा नेवरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तिल्दा नेवरा में सड़क हादसा हो गया। हाइवा की चपेट में आने से दोपहिया सवार 2 लोगों की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। मिला जानकारी के अनुसार, यह घटना बुधवार देर शाम तिल्दा से लगे ग्राम तुलसी के शासकीय स्कूल के पास मढ़ी की है। सनत कुमार साहू, पिता स्व प्रेम लाल साहू (50) ग्राम मढ़ी निवासी अपनी दोपहिया वाहन में पीछे बैठाकर प्रेम लाल निर्मलकर (50) उरकुरा, रायपुर निवासी के साथ मढ़ी से तिल्दा की ओर आ रहे थे। तभी तिल्दा से खरोरा की ओर जा रही तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई।

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

घटना के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे तिल्दा खरोरा सिमगा प्रमुख मार्ग में घंटों जाम लगा रहा। नेवरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। साथ ही बड़ी संख्या में आसपास थानों से भी पुलिस की टीम पहुंची। एसडीएम आशुतोष देवांगन, नायब तहसीलदार विपिन पटेल भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीण मुआवजे और ब्रेकर की मांग पर अड़े हुए हैं।

सुनसान मकान में जुए का अड्डा, पुलिस ने 10 जुआरियों को धर-दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने जुआ खेलते 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। न्यू राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्रांतर्गत गोमती विहार के गोल्डन स्टेट स्थित एक मकान में जुआ खेल रहे थे। जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम एक लाख 66 हजार रुपये जब्त किया गया है। साथ ही 52 पत्ती ताश भी जब्त किया गया।

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत गोमती विहार के गोल्डन स्टेट स्थित एक मकान में कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। इस पर पुलिस ने पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान स्थित मकान में जाकर रेड कार्रवाई की गई।

इस दौरान मकान में जुआ खेलते 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 1 लाख 66 हजार रुपये जब्त किया गया। जुआरियों के खिलाफ थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 57/25 धारा 4, 5 छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

ये हैं गिरफ्तार आरोपी

तजिन्दर सिंह भाटिया, उम्र 52 साल निवासी गोमती विहार, रायपुर। विकास मोटवानी, उम्र 43 साल निवासी महावीर नगर, रायपुर। राज कुमार शुक्ला, उम्र 57 साल निवासी बोरियाखुर्द, रायपुर। विजय कुमार अग्रवाल, उम्र 60 साल निवासी श्रीनगर गुढियारी, रायपुर। मुगराज मंगताने, उम्र 63 साल निवासी मोवा, रायपुर। विनोद लालवानी, उम्र 52 साल निवासी महावीर नगर, रायपुर। संदीप प्रेमचंदानी, उम्र 39 साल निवासी श्याम नगर, रायपुर। ब्रिजेश शर्मा, उम्र 59 साल निवासी गांधी नगर गुढियारी, रायपुर। मनोज लाल, उम्र 55 साल निवासी पंडरी रायपुर। राजेश मंधानी, उम्र 36 साल निवासी खमतराई रायपुर।

समृद्धि विहार परियोजना पर रेरा की सख्त कार्रवाई, प्रमोटर पर 10 लाख रुपए का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने समृद्धि विहार परियोजना के प्रमोटर प्राइम डेव्हलपर्स पर ?10 लाख का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 13 के उल्लंघन के कारण की गई है। जांच में पाया गया कि प्रमोटर ने ग्राहकों से लिखित करार किए बिना भू-संपत्ति की लागत के 10त्न से अधिक राशि ली थी, जो कानून का सीधा उल्लंघन है।

रेरा ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए आर्थिक दंड लगाया और सभी प्रमोटरों को निर्देश दिया कि वे नियमों का पालन करें। साथ ही, ग्राहकों से अपील की गई है कि वे केवल रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं में ही निवेश करें।

अनोखा मंदिर

श्री राधा माधव गौ मंदिर में केवल श्रमदान, समयदान और सेवादान ही स्वीकार किया जाता है

यहां पैसे नहीं, लिया जाता है श्रमदान... गायें सुनती हैं भजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित श्री राधा माधव गौ मंदिर ने नकद दान पर प्रतिबंध लगाकर एक अनूठी पहल की है। इस मंदिर में भक्तजन केवल अपना श्रम, सेवा और समय दान करके पुण्य कमा सकते हैं। रायपुर और देश-विदेश से श्रद्धालु इस मंदिर में अपनी सेवाएं देने पहुंच रहे हैं।

यहां प्रतिदिन सुबह-शाम गाय की आरती की जाती है तथा संगीतमय तरीके से गायों के लिए भजन गाए जाते हैं। इसके अलावा पंडित गाय माता के बीच मंत्रोच्चार भी करते हैं। लेकिन इस गौ मंदिर को अन्य गौशालाओं से अलग बनाने वाली बात यह है कि यहां नकद दान स्वीकार नहीं किया जाता।

श्री राधा माधव गौ मंदिर रायपुर शहर से 16 किलोमीटर दूर गुमा बाना गांव में स्थित है। मंदिर की देखभाल करने वाले आदेश सोनी बताते हैं कि यहां केवल श्रमदान, समयदान और सेवादान ही स्वीकार किया जाता है। किसी से भी नकद दान स्वीकार करना सख्त मना है। जो लोग गाय की सेवा करना चाहते हैं, उन्हें स्वयं यहां आकर सेवा करनी होगी।

लोग यहाँ मंदिर में सेवा करने आते हैं। वे गायों को नहलाना, चारा तैयार करना, गौशाला की सफाई करना, बछड़ों की देखभाल करना और गाय का गोबर साफ करना जैसे कार्य करते हैं। बछड़ों को गोद में लेना, उन्हें बोतल से दूध पिलाना और गाय की आरती में भाग लेना भी इस सेवा का हिस्सा है। इस मंदिर के नियम और सेवा भावना को देखकर लोग लगातार इससे जुड़ रहे हैं।

गायों की सेवा करने के लिए लोग विदेशों से आ रहे हैं

गौ मंदिर की अनूठी कार्यप्रणाली को देखकर अब न केवल रायपुर बल्कि देश के अन्य राज्यों और मलेशिया और ब्रिटेन जैसे देशों से भी लोग यहां सेवा के लिए आ रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने अन्य राज्यों से आने वाले लोगों के लिए निःशुल्क आवास की भी व्यवस्था की है।

12 एकड़ में फैले इस गौ मंदिर में 350 से अधिक गायों की सेवा की जाती है।

यह गौ मंदिर 12 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है और इसमें 350 से अधिक गायें हैं। सभी गायों को बचाकर यहां लाया गया है। इसमें 50 से अधिक विकलांग लोग, 60 से अधिक बिस्तर पर पड़े लोग और 20 से अधिक बछड़े रहते हैं। इसके अलावा, कई गायें पूरी तरह से ठीक हो गई हैं।

इसे किसने बनाया?

इस मंदिर का निर्माण सुरेश जिंदल परिवार ने वर्ष 2023 में अपने माता-पिता की याद में करवाया था। मंदिर का पूरा खर्च भी सुरेश जिंदल परिवार द्वारा वहन किया जाता है। शुरू में केवल गांव के लोग ही सेवा करते थे। अब बाहर से लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं और अपना कीमती समय गाय की सेवा में लगा रहे हैं। इस मंदिर ने गौ सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। देश के अधिकांश भागों में गौशालाएं केवल दान पर ही चलती हैं। लेकिन यहां सेवा को सबसे बड़ा दान माना जाता है। यही कारण है कि यह स्थान दिन-प्रतिदिन प्रसिद्ध होता जा रहा है और गौभक्त बड़ी संख्या में यहां आकर गौ सेवा का हिस्सा बन रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com